चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 34, अंक 62, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा 16

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस 15

नानकमत्ता के डेरा सेवा प्रमुख की हत्या

संवाददाता,नानकमत्ता/खटीमा

बाबा तरसेम सिंह बाइक सवार बदमाश।

- बाइक पर आए दो बदमाशों ने बाबा तरसेम सिंह को मारीं दो गोलियां

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री गुरु नानकमता साहिब के डेरा सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। डेरा में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। घटना के बाद नेपाल सीमा सहित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। एसओजी समेत कई टीमें बदमाशों की खोज में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाबा को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस के अनुसार नानकमत्ता डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह (60) के पास सुबह सवा छह बजे दो व्यक्ति बाइक से आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने गोली मारी, जिसके बाद बाबा ने भागने की कोशिश की, तभी बाइक सामने लाकर दूसरी गोली मार दी और भाग गए। डेरा में मौजूद लोग बाबा को खटीमा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद बाबा की मौत हो गई। जानकारी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीओ बीएस चौहान मौके पर पहुंचे।

एक ने पेट तो दूसरे ने चीरा बाबा का सीना

बाबा को पास से दो गोलियां मारी गईं। पहली गोली पेट में लगी और दूसरी गोली ने बाबा का सीना चीर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि पहली गोली ने पेट के कई अंगों को प्रभावित कर दिया और दूसरी गोली सीने में लगी है।

सपा ने जारी किए स्टार प्रचारकों के नाम

लखनऊ। सपा ने लोस. चुनाव में पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, जया बच्चन, डिंपल यादव, रामगोपाल यादव समेत 18 पार्टी नेताओं के नाम हैं। दिलचस्प यह है कि जेल में कैद आजम खां का नाम भी इस सूची में दर्ज है। अन्य स्टार प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, सांसद जावेद अली, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सांसद रामजी लाल सुमन, राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी, इंद्रजीत सरोज, रमेश प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, राजपाल कश्यप, रामअसारे विश्वकर्मा, महबूब अली, शाहिद मंजूर शामिल है।

मुरादाबाद से हसन व रामपुर से आसिम समेत 71 नामांकन रद

रुचि वीरा व मोहिबुल्लाह लड़ेंगे चुनाव, पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 मार्च को प्रत्याशी वापस ले सकेंगे नाम

अमृत विचार: उप्र. में पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच में 71 नामांकन खारिज हो गए। मुरादाबाद सीट से सपा की ओर से नामांकन कराने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। उनकी जगह रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी मानते हुए पर्चा सही माना गया है। मुरादाबाद सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पांच नामांकन खारिज हो गये हैं और बाकी 13 नामांकन पत्र वैध पाये गये। 30 मार्च को नाम वापस ले सकेंगे प्रत्याशी । सीतापुर जेल में बंद आजम खां के करीबी और रामपुर नगर अध्यक्ष आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों का नामांकन पत्रों को त्रुटियां मिलने के बाद खारिज कर दिया है। अब चुनावी दंगल में भाजपा से सांसद घनश्याम सिंह लोधी,बसपा से जीशान खां और सपा से मोहिबुल्लाह नदवी समेत छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

आठ सीटों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की आठ सीटों में पीलीभीत सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में छह नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 10 नामांकन पत्र वैध पाये गये। सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन अस्वीकृत हुआ और बाकी 12 नामांकन पत्र वैध पाये गये। कैराना सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जांच में दो नामांकन अस्वीकृत हुए। मुजफ्फरनगर सीट पर 38 में से 27 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 11 नामांकन पत्र वैध पाये गये। बिजनौर सीट पर 23 में से 12 नामांकन अस्वीकृत हुए। नगीना (अजा) सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। छह नामांकन अस्वीकृत हुए और छह नामांकन पत्र वैध पाये गये।

एक नजर

मोइत्रा ईडी के सामने पेश नहीं हुईं, प्रचार में व्यस्त

कोलकाता। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ईडी के समन को नजरअंदाज करते हुए गुरुवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त रहीं। ईडी ने मोइत्रा को दिल्ली कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

कर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ दायर याचिका रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें कर अधिकारियों की ओर से उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति यशवन्त वर्मा और न्यायमूर्ति पुरूषेन्द्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि अन्य वर्ष के लिए पुनर्मूल्यांकन शुरू करने में हस्तक्षेप से इनकार करने के पहले के फैसले के अनुसार याचिकाएं रद की जाती हैं। पिछले सप्ताह खारिज की गई अन्य याचिका में कांग्रेस पार्टी ने 2014-15 से 2016-17 मूल्यांकन वर्ष से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी थी।

रामनवमी मेला में अयोध्या में रहेगी चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या। श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में 17 अप्रैल को रामनवमी मेला के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये जायेंगे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गुरुवार को यहां रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा एवं रामनवमी मेले की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बाद में श्री मिश्र ने पत्रकारों को बताया कि रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व रामनवमी मेले की तैयारी को लेकर रामजन्मभूमि परिसर में सुरक्षा के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की गयी थी।

दिल का दौरा पड़ने से मुख्तार की मौत

प्रदेश में पुलिस अलर्ट जारी, बांदा, मऊ में विशेष सतर्कता

- गुरुवार शाम बांदा जेल की बैरक में अचानक हो गया था बेहोश
- मेडिकल कॉलेज लाया गया, डॉक्टरों ने कर दिया मृत घोषित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी जैसी घटनाओं का आरोपी मुख्तार गुरुवार शाम जेल की बैरक में अचानक बेहोश हो गया था जिसपर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इस बीच उत्तर प्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जैसे जिलों में पुलिस की टीम गश्त लगा रही हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी ने 'एक्स'पर लिखा, 'पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का इंतकाल, दुःखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। विनम्र श्रद्धांजलि!'

बांदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कौशल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से अंसारी की मौत हो गई। कोर्ट ने उसे दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिले भर के बड़े अधिकारी बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे और फोर्स को अलर्ट कर दिया गया। डीजीपी ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट की घोषणा की है। बांदा समेत पूरे प्रदेश में पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। मऊ विधानसभा सीट से पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी को पंजाब की रोपड़ जेल से सात अप्रैल 2021 को बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। बांदा जेल सूत्रों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मुख्तार अंसारी बैरक में बेहोश पाया गया था। जेलकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जेल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत बिगड़ने पर जेल अधिकारियों ने आनन-फानन में उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज ने मीडिया बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि मुख्तार को उल्टी व बेहोशी की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज लाया गया था। मुख्तार के इलाज के लिए नौ डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी, लेकिन कार्डिक अरेस्ट (दिल का दौरा) के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल समेत जिले भर का फोर्स मेडिकल कॉलेज पहुंचा। मुख्तार की मौत की जानकारी जिला प्रशासन ने उसके परिजनों को दी। अधिकारियों के मुताबिक देर रात 2:30 बजे तक गाजीपुर और लखनऊ से परिजनों के बांदा आने की उम्मीद है। बांदा में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

भाजपा विधायक की हत्या का था आरोप

मुख्तार अंसारी पर 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर जिले की मोहम्मदाबाद सीट से भाजपा विधायक कृष्णानंद राय समेत सात लोगों की हत्या का आरोप भी था। घटना को अंजाम देने के लिए गैंग ने करीब 500 राउंड गोलियां चलाई थीं। इस कांड के बाद पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह वाराणसी में धरने में बैठ गए थे। इसके अलावा मऊ में हुए दंगे में भी मुख्तार का नाम सामने आया था। बाद में दोनों मामलों में बारी हो गया था।

हत्या, लूट, अपहरण समेत 65 मुकदमे दर्ज थे

मुख्तार के नाम से पूर्वांचल थरथर कांपता था। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि माफिया पर 15 हत्या के मुकदमे दर्ज थे। मुख्तार पर अपहरण, रंगदारी, धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास जैसे 65 संगीन मुकदमे प्रदेश भर के कई थानों में दर्ज हैं। इसके साथ ही मुख्तार पर पुलिस ने नौ बार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। वर्ष 1978 में गाजीपुर के सैदपुर थाने में मुख्तार के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की धारा में एनसीआर दर्ज की गई थी। इसके बाद उसके अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता गया।

सोमवार को पेट दर्द की शिकायत पर हुआ था भर्ती

बीते सोमवार रात को ही मुख्तार अंसारी को पेट दर्द की शिकायत पर जेल प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया था। हालत में सुधार होने के बाद मुख्तार को मंगलवार शाम छह बजे बांदा जेल में शिफ्ट किया गया था। तब बांदा मेडिकल कॉलेज ने हेल्थ बुलेटिन जारी करते हुए बताया था कि मुख्तार को चार-पांच दिनों से कब्ज की शिकायत थी। इस दौरान मुख्तार से मिलने के लिए उसका बड़ा भाई अफजाल अंसारी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। इससे पहले मुख्तार ने आरोप लगाया था कि उसे खाने में जहरीला पदार्थ दिया जा रहा है।

केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत 1 अप्रैल तक बढ़ी

ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश किया पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

सीएम केजरीवाल को कोर्ट ले जाते ईडी के अधिकारी। ● एजेंसी

- ईडी ने छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर कोर्ट में किया पेश

दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद ये आदेश पारित किया।

ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल पर पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने केजरीवाल से पूछताछ होनी है। केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जब तक हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद उन्हें फंसाना है। केजरीवाल ने अदालत से पहले मीडिया से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अदालत ने इसकी अनुमति दी। कई बार बुलाने के बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर 22 मार्च को विशेष अदालत में पेश किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के अलावा ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके दो अप्रैल तक जबाव देने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।

केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में फंसे केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

मां की गोद से छीन कर बच्चे को सड़क पर फेंका, मौत

संवाददाता, हरदोई

- युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला को पीटा, दिया घटना को अंजाम

अमृत विचार: बघौली थाने के चनोखर में नशे में धुत युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला की पिटाई की। वहीं, उसके चार वर्षीय बच्चे को गोद से छीन कर सड़क पर फेंक दिया। सिर में चोट लगने से बच्चे की मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है बच्चा बीमार था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

जानकारी के अनुसार बघौली थाने के चनोखर निवासी अखिलेश पंजाब में रह कर वहां मज़दूरी करता है। उसकी पत्नी सोनी चार वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही है। सोनी ने बताया कि बुधवार शाम को गांव के कुछ युवक नशे की हालत में बीच गांव में सड़क पर बाइक दौड़ा रहे थे। इस पर मैंने किसी हादसे के डर से उन्हें ऐसा करने से रोका तो युवक मुझसे ही झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर पीटा और फिर गोद से इकलौते बेटे शिवांश को छीन कर आरसीसी सड़क पर फेंक दिया। सिर में गहरी चोट लगने से शिवांश बेहोश हो गया। गुरुवार की सुबह घर वाले उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ला रहे थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। शिवांश के चाचा विमलेश ने पुलिस को गांव के गुड्डू, प्रदीप और प्रमोद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गांव वालों के अनुसार बच्चा बीमार रहता था। सिर में चोट की बात उचित नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपी में सात रुपये बढ़कर 237 हुई मनरेगा की मजदूरी

लखनऊ, अमृत विचार : केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढ़ाई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यहां के श्रमिकों को 1 अप्रैल से प्रतिदिन काम करने पर 237 रुपये मिलेंगे।उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के जॉब कार्ड श्रमिकों को गांवों में कच्चे-पक्के काम करने पर अब 237 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। बुधवार को केंद्र सरकार ने प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी की है। यह बढ़े रुपये 1 अप्रैल से लागू होंगे। जबकि अभीतक 230 रुपये मिलते प्रतिदिन मिलते हैं। हर वर्ष मार्च अंत में बढ़ोतरी की जाती है। इसी क्रम में पिछले वर्षों में 217, 213, 204 व 201 रुपये मिलते थे। वहीं, उत्तराखंड में 237, मध्य प्रदेश में 243, पंजाब 322, राजस्थान 266, आंध प्रदेश में 300, अरुणाचल प्रदेश 234, असम 249, बिहार 245, छत्तीसगढ़ 243, गोवा, 356, गुजरात 280, हरियाणा 374, जम्मू कश्मीर 259 में रुपये मिलेंगे

कोटा में नीट की तैयारी कर रही लखनऊ की युवती ने दी जान

कोटा, एजेंसी

- लोगों ने दरवाजा तोड़कर निकाला कोचिंग छात्रा का शव

कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या का ये आठवां मामला है।

लखनऊ की रहने वाली सौम्या कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सौम्या महावीर नगर तृतीय इलाके के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी। उसे आखिरी बार होली के दिन देखा गया था। उसके बाद से वह घर से बाहर नहीं निकली थी। सौम्या के कोटा में ही रहने वाले एक दोस्त ने बुधवार को उसे फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसके कई बार फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो चिंतित होकर दोस्त वह बुधवार शाम उसके मकान पहुंचा। बार-बार खटखटाने पर भी सौम्या ने दरवाजा नहीं खोला तो अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो छात्रा सौम्या फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस की सूचना पर सौम्या के परिजन कोटा पहुंचे। उनकी मौजूदगी में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

जुमे की नमाज़ को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश

लखनऊ। मुख्तार अंसारी की मृत्यु हो जाने के बाद राज्य में सुरक्षा और अमन-चैन बनाए रखने को लेकर गुरुवार देर रात पुलिस अधिकारियों ने एक बैठक कर मंथन किया। इस बैठक में डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी लॉ आर्डर अमिताभ यश भी मौजूद रहे। पुलिस अफसरों ने मामले से जुड़ी जानकारियों से मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया। पूर्वांचल में भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देशों के साथ मऊ में भी मुख्तार अंसारी के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को जुमे की नमाज़ को लेकर भी पूरे प्रदेश में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।

बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार आतंकियों को उम्रकैद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोहाली में एनआईए की विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन से जुड़े लोगों को सुनाई सजा

मोहाली में एनआईए की विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े आतंकी साजिश मामले में बृहस्पतिवार को चार आतंकवादियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए और सजा सुनाए गए आतंकवादियों में मुख्य साजिशकर्ता कुलविंदरजीत सिंह उर्फ खानपुरिया शामिल है, जो नब्बे के दशक में कनॉट प्लेस में बम विस्फोट और दिल्ली में लाल किले पर ग्रेनेड से हमला करने सहित कई आतंकी मामलों में शामिल था। वह पंजाब में कई हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रचने सहित कई आतंकी मामलों में भी वांछित था। वह 2019 से फरार था और नवंबर 2022 में बैंकॉक से निर्वासन पर एनआईए ने उसे नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। बयान में कहा गया, ये सजा आतंकवादी संगठनों और नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई में एनआईए की एक बड़ी जीत है।

टक्कर से दो ट्रकों में आग लगी, चालक जिंदा जले

महोबा। कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे दो ट्रकों में आमने-सामने टक्कर होने के बाद आग लग गई। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में फंसे दोनों चालक जिंदा जल गए। दमकल टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों चालकों के जले हुए शव ट्रक से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजे गए। जनपद उन्नाव के थाना सहारामऊ क्षेत्र के भैंसोरा गांव निवासी विपिन मौर्या (35) पत्थर मंडी कबरई से ट्रक में गिट्टी भरकर कानपुर की तरफ जा रहा था। कानपुर निवासी राजकुमार पाल (32) ट्रक में गिट्टी लेने के लिए कबरई जा रहा था।

प्रतिक्रिया वकीलों के पत्र पर मोदी ने कहा - दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति, 140 करोड़ भारतीयों ने ठुकराया

न्यायपालिका पर दबाव डालने वालों के खिलाफ सीजेआई को पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत 600 से ज्यादा प्रमुख वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाए। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है।

प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं। सूत्रों द्वारा साझा किए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के वर्ग पर निशाना साधा गया है।

वकीलों के पत्र पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी पाखंड की पराकाष्ठा: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने वकीलों के समूह द्वारा सीजेआई को पत्र लिखे जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को पाखंड की पराकाष्ठा करार देते हुए आरोप लगाया कि 10 वर्षों में चीजों को तोड़ने-मरोड़ने, ध्यान भटकाने और लोगों को बदनाम करने का काम किया गया है। हाल के हफ्तों में उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कई झटके दिए हैं और चुनावी बॉण्ड योजना इसका उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी, आप न्यायपालिका की बात कर रहे हैं। आप भूल जाते हैं कि उच्चतम न्यायालय के 4 वरिष्ठतम न्यायाधीशों को एक अभूतपूर्व प्रेस वार्ता आयोजित करने और लोकतंत्र को नष्ट किए जाने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए मजबूर किया गया था। वह आपके शासन में हुआ। महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, न्यायपालिका की रक्षा के नाम पर, न्यायपालिका पर हमले की साजिश रचने और इसमें समन्वय करने में प्रधानमंत्री की बेशर्मी पाखंड की पराकाष्ठा है। हाल के हफ्तों में उच्चतम न्यायालय ने उन्हें कई झटके दिए हैं।

मतदान स्थलों पर हो पेयजल और धूप से बचने की व्यवस्था

- भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर रखा प्रस्ताव
- मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचाने का भी किया अनुरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लखनऊ स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंच कर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की।

इस दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिणवा से कहा कि लोकसभा चुनाव के समय प्रदेश में भीषण गर्मी की संभावना है। ऐसे में मतदान स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सहित मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही मतदान के दौरान प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित कर ही मतदान की अनुमति दिए जाने का आग्रह किया ताकि फर्जी वोटिंग को कड़ाई से रोका जा सके।

प्रतिनिधिमंडल ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से सुविधा जैसे व्हीलचेयर इत्यादि का प्रबंध कराए जाने का भी आग्रह किया। मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचे इसका भी अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, अखिलेश अवस्थी सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल थे।

प्रदेश से पलायन कर चुकी कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है। उनके नेता राहुल गांधी 2019 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद पलायन कर गए। उनकी नेता प्रियंका वाड्रा भी 2022 के विधान चुनाव के बाद पलायन कर गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन बेमेल गठबंधन है, यह वैचारिक गठबंधन नहीं है।

राजधानी स्थित जनपथ सचिवालय में मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात के लिए जाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

आजम को स्टार प्रचारक बनाया

: पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को समाजवादी पार्टी द्वारा स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किए जाने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा अन्तर्कलह का शिकार है, निश्चित रूप से सपा का जो चरित्र है उसे जनता जानती है। सपा ने आजम खां को स्टार प्रचारक बनाया है, हो सकता है ये अन्य ऐसे लोगों को भी स्टार प्रचारक बना दें। इरफान सोलंकी को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया जा सकता है।

2019 में जीतीं सीटें बचाने की जुगत में बसपा

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

- पिछला लोकसभा चुनाव बसपा ने सपा से गठबंधन कर लड़ा था
- इस बार बसपा का मुकाबला इंडिया व एनडीए गठबंधन से है

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के लिए राज्य की 8 सीटों पर विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिये हैं। इन 8 में सहारनपुर, बिजनौर व नगीना सीट पर बसपा का कब्जा है। भाजपा के मिशन 80 से सीटों को बचाना बसपा के लिए चुनौती बना है।

2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने ये सीटें सपा और रालोद के साथ गठबंधन में चुनाव लड़कर जीती थी। इस चुनाव में बसपा एकला चलो की राजनीति पर अडिग है। इसका प्रभाव टिकट दावेदारों में देखने को मिला है। मतदाताओं पर कितना असर पड़ेगा ये मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

हालांकि पार्टी का दावा है कि सोशल इंजीनियरिंग के तहत प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। यही वजह है कि पार्टी ने पिछले बार बिजनौर से जीते मलूक नागर को मुस्लिम बाहुल्य सहारनपुर सीट से उतारा है, ताकि इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के इमरान मसूद और भाजपा-रालोद गठबंधन (एनडीए) के राघव लखनपाल को मात दे सकें।

बिजनौर सीट पर डेढ़ से दो लाख जाट वोट के सहारे विजेन्द्र सिंह को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर चार-पांच लाख मतदाता मुस्लिम और इतने ही दलित मतदाता हैं। यहां बसपा का मुकाबला भाजपा-रालोद गठबंधन के चंदन चौहान और इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी दीपक सैनी से है।

इसके अलावा दलित और मुस्लिम मतदाता बाहुल्य सुरक्षित सीट नगीना से बसपा ने सुरेन्द्र पाल सिंह पर दांव चला है। इस सीट पर करीब साढ़े सात लाख मुस्लिम और साढ़े चार लाख दलित मतदाता हैं। बसपा का यहां सपा के मनोज कुमार, भाजपा के ओम कुमार और पहली बार चुनाव लड़ रहे चंद्रशेखर आजाद रावण से मुकाबला करना होगा।

इसके अलावा बसपा को पीलीभीत, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, कैराना और रामपुर सीट दोबारा जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। पहले चरण की सबसे चर्चित और हाट सीट रामपुर है। आजम खां की हैसियत से वास्ता रखने वाली इस सीट पर बसपा ने जीशान खां को मैदान में उतारा है।

2019 में बसपा की जीती हुई सीटें

सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, अमरोहा, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर।

इसके अलावा, पीलीभीत सीट पर वरुण गांधी भाजपा से उम्मीदवार नहीं हैं। यहां सपा ने कुर्मी जाति के भगवत शरण गंगवार पर दांव चला है जबकि भाजपा ने ब्राह्मण जितिन प्रसाद को उतारा है। बसपा ने अनीस अहमद खॉ उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। करीब 25 लाख मतदाताओं वाली इस सीट में 5 लाख से ज्यादा मुस्लिम और दो लाख कुर्मी वोटर हैं। तीन-चार लाख किसान हैं, जिसे रालोद अपना वोट बैंक होने का दावा करता है।

मुरादाबाद सीट पर सपा की रुचिवीरा और भाजपा के कुंवर सर्वेश सिंह के मुकाबले बसपा ने मो.इरफान सैफी पर भरोसा जताया है। मुस्लिम बाहुल्य मुजफ्फरनगर सीट पर बसपा ने दारा सिंह प्रजापति को उतारा है। भाजपा संजीव बालियान से लगातार तीसरी बार जीत की उम्मीद लगाए है। सपा ने हाल ही में पार्टी की सदस्यता लेने वाले चौधरी हरेन्द्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। जातिगत मतदाताओं के आंकड़ों की बात करें तो यहां पर 5 लाख मुस्लिम, दो लाख दलित, डेढ़ लाख जाट मतदाता हैं। अन्य जातियों में सैनी, वैश्य व कश्यप मतदाताओं की संख्या एक से डेढ़ लाख है। ब्राम्हण, ठाकुर व प्रजापति आदि जातियों के मतदाता भी हजारों की संख्या में अहमियत रखते हैं।

हिन्दु व मुस्लिम बाहुल्य कैराना सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी और सपा के इकरा हसन के खिलाफ बसपा ने श्रीपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। अब देखना है कि बसपा सोशल इंजीनियरिंग के भरोसे अपनी सीटों को बचाने में कितना सफल होती है।

लोस चुनाव : भाजपा तेज करेगी प्रचार अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक दिन में कम से कम तीन से चार सभाएं कराने की तैयारी
- स्टार प्रचारकों को हेलीकॉप्टर चार्टर प्लेन कराए जाएंगे उपलब्ध

अमृत विचार : उप्र. भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान तेज करने की पूरी तैयारी कर ली है। मिशन-80 को ध्यान में रखते हुए सभी सीटों पर प्रचार के लिए ठोस रणनीति बनायी गई है।

स्टार प्रचारक बनाए गए केन्द्र और प्रदेश के बड़े नेता जल्द ही प्रचार अभियान में नजर आएंगे। एक दिन में तीन या चार सभाएं कराने की तैयारी है। इसके लिए वाहनों के अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक चार्टर प्लेन व हेलीकॉप्टर बुक कराए गए हैं। हेलीकाप्टर और चार्टर प्लेन स्टार प्रचारकों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन के साथ अन्य दिग्गज नेताओं को सभा या रैली स्थल पर हवाई मार्ग से पहुंचाने की व्यवस्था रहेगी। मेरठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली रैली होने के बाद चरणबद्ध तरीके से बड़े नेताओं की सभा व रैली के कार्यक्रम भी तय होंगे।

पहले चरण के चुनाव साथ दूसरे चरण के लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के अलावा स्टार प्रचारकों में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केन्द्रीय नेताओं के कार्यक्रम भी जल्द सार्वजनिक होंगे। इनके साथ प्रदेश मंत्रियों और पदाधिकारियों की सभाओं के भी कार्यक्रम लगेंगे।

जेपी नड्डा पीलीभीत व रामपुर में 4 अप्रैल को

योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलन से जहां प्रचार शुरू कर दिया है, वहीं 31 मार्च को मेरठ में रैली करके प्रधानमंत्री भी चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी 4 अप्रैल को पीलीभीत और रामपुर में पहला कार्यक्रम लगभग तय है।

आचार संहिता के उल्लंघन में अब तक 18 पर एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब तक 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 43,46,148 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 26,49,931 व निजी स्थानों से 16,96,217 प्रचार-प्रसार सामग्री शामिल है। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 2,90,493, पोस्टर के 12,28,502, बैनर के 7,67,280 व अन्य 3,63,656 मामलों में कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार निजी स्थानों से वालराइटिंग के 2,16,293, पोस्टर के 7,79,559, बैनर के 4,46,366 व अन्य 2,53,999 मामलों में कार्रवाई की गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 469 मामलों व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 975 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने व अन्य मामलों में 18 एफआईआर व एक एनसीआर समेत कुल 19 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इस बार पहले से सुरक्षित मनी होली

अमृत विचार, लखनऊ : होली के त्योहार में हुड़दंग, बवाल, सड़क दुर्घटना न हो, यह कैसे हो सकता है, लेकिन यूपी पुलिस के प्रयासों से इस बार इसमें काफी लगाम लगा। यूपी पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की होली में सड़क दुर्घटनाओं में 65.63 और मृत्युदर में 54.96 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस विभाग ने यह आंकड़ा जारी कर पूरे प्रदेश के पुलिस मुलाजिमों का आभार जताया है। शीर्ष अफसरों का कहना है कि पुलिस कर्मियों ने स्वयं होली न खेलकर आम जनमानस की होली अच्छी हो, इसमें सहभागिता निभाई।

छात्रवृत्ति से वंचित अप्रैल में दोबारा कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पोस्ट मैट्रिक्स योजना के तहत लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से रह गए वंचित

अमृत विचार : पोस्ट मैट्रिक्स छात्रवृत्ति से वंचित हुए दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। वंचित छात्र अप्रैल में दोबारा आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए अप्रैल में पोर्टल खोला जाएगा।

बता दें कि पोस्ट मैट्रिक्स के लगभग दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय की गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। विवरण का मिलान न होने के कारण उनके खाते में छात्रवृत्ति नहीं जा सकी। छात्र-छात्राएं कॉलेज-विद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक आवेदन करने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदन करने के दौरान विवरण की जांच सावधानी से करा लें।

मुस्लिम वोट बैंक से भी भाजपा को उम्मीदें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगठन और सरकार दोनों के प्रतिनिधि कर रहे मुस्लिम समुदाय के बीच संपर्क
- राज्य और केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंच रहा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी को इस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटबैंक से भी समर्थन पाने की खासी उम्मीद है। दरअसल सरकार और संगठन का मानना है कि आवास, राशन, शादी अनुदान हो या फिर शिक्षा, अल्पसंख्यक समुदाय तक राज्य और केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंच रहा है।

इन दावों की नजर से अगर राज्य सरकार के फैसलों की समीक्षा की जाए तो, प्रयागराज में अतीक अहमद की अवैध संपत्ति को ध्वस्त कर वहां गरीबों के लिए कॉलोनी बसाई गई। कई घरों की चाबी अल्पसंख्यक महिलाओं को भी सौंपी गई। महिला पेंशन का लाभ भी मुस्लिम महिलाओं को देने में भेदभाव नहीं दिखा। ऐसे ही अन्य उदाहरणों के बूते भाजपा यह प्रचार कर रही है कि, वे हमारी पार्टी को चुनेंगे, न कि उन्हें जिनके लिए वो वोट बैंक से ज्यादा कुछ और नहीं।

दावा तो यह भी है कि उप्र. में डबल इंजन सरकार ने लोगों के हितों के लिए जो भी योजना बनाई, उसका वितरण किसी का धर्म या जाति देखकर नहीं किया। इन योजनाओं के केंद्र में गरीब और वंचित लोग ही रहे, फिर वो चाहे किसी धर्म के हों या किसी भी जाति के।

सरकारी तंत्र की ओर से भी दावा यहां तक किया जा रहा है कि, शासन से अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग के तहत अल्पसंख्यकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा रहा है। इस बाबत आंकड़े भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

हज यात्रा कराने का भी श्रेय लेंगे

राज्य सरकार ने अल्पसंख्यकों की हज यात्रा को भी प्राथमिकता पर रखा। इसके तहत 2023 में 21 मई 2023 से 19 जून 2023 के मध्य कुल 24,960 हज यात्रियों को हज पर भेजा गया। केवल लखनऊ से ही कुल 13,096 जबकि, नई दिल्ली से कुल 11,864 हज यात्रियों को रवाना किया गया।

अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक करते मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक। अमृत विचार

नौ राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के बीच समन्वय बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा
- डीएम, एसपी और एसएचओ को समन्वय रखने के निर्देश

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचाल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान व दिल्ली के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने सम्बन्धित राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपेक्षा की। सीमावर्ती जनपदों में ऐसी कोई गतिविधि न हो, जिससे आम चुनाव प्रभावित हो। अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिये सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी होगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचनाओं का आपस में आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंतर्राज्यीय सीमाओं के आस-पास नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। संवेदनशील व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष तौर पर निगरानी रखी जाए। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय माफिया और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाये। बार्डर एरिया से संबंधित जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी व थानाध्यक्ष आपसी समन्वय बैठक कर लें। इसके अलावा निरन्तर संवाद बनाए रहें। सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बना सकते हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्य कर नितिन रमेश गोकर्ण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी मीना, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एटीएस ने चार रोहिंग्या को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोहिग्या आमिर हम्जा के साथ तीन अन्य विदेशी महिलाओं पर कार्रवाई

अमृत विचार : देश में घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक बताने वाले आरोपियों के खिलाफ एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस बार एटीएस ने म्यांमार के रहने वाले रोहिंग्या आमिर हमजा का तीन विदेशी महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

आरोपियों को एटीएस मुख्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। एटीएस की पूछताछ में यह खुलासा भी हुआ है कि यह आरोपी न सिर्फ भारत की सीमा में घुसपैठ कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खुद को भारत का नागरिक दर्शाते थे, बल्कि इनकी संलिप्तता देश विरोधी गतिविधियों में भी रहती है। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से यह सूचना मिल रही थी कि विदेशी नागरिक बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करते हैं। इसके बाद कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारत का नागरिक बताते हैं। जानकारी मिलने के बाद एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि 27 मार्च 2024 को म्यांमार का रहने वाला आमिर हमजा अपनी तीन महिला सहयोगियों के साथ असम से दिल्ली पहुंचने वाला है। यहां पर वह कूटरचित दस्तावेजों की मदद से खुद को भारतीय नागरिक साबित करेगा। इनपुट मिलने के बाद एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश किए थे। कुछ दिन असम में रुककर दिल्ली जा रहे थे।

कसमंडीखुर्द के प्रधान व सचिव से होगी वसूली

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडीखुर्द में विकास कार्य के नाम पर धन का बंदरबांट हुआ। जांच में पुष्टि होने पर प्रधान व दो सचिवों से धनराशि वसूल की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह आदेश दिया है और स्पष्टीकरण मांगा है।दिसंबर में एक शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए बिल व बाउचर के आधार पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जांच की थी। पाया कि अपव्यय धनराशि की गणना उन कार्यों में की गई, जिसके संबंध में पत्रावलियों में अभिलेख नहीं हैं। बिना आदेश सामान की खरीद और कार्य कराए गए। हैंडपंप रीबोर की संख्या सबसे अधिक दर्शाई गई। कुल 47997 रुपये अपव्यय मिले। इसमें प्रधान सलीम पर 23998 रुपये, सचिव शैलेष यादव पर 16214 व सचिव तेज कुमार पर 7784 रुपये रिकवरी निकलने पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ग्राम निधि में जमा करने का आदेश दिया है।

दाखिले के लिए 28,654 ने दी परीक्षा

- आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिले के लिए परीक्षा आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिले के लिए आयोजित परीक्षा में 28,654 बच्चे शामिल हुए। जबकि 5976 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा का परिणाम 31 मार्च को आएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से 75 जनपदों के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में कक्षा छह से नौ तक के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। 11,795 रिक्त सीटों पर दाखिला लेने के लिए कुल 37,313 ने आवेदन किया था।

परीक्षा दो पाली में कराई गई। पहली पाली सुबह 9 से 11 और दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 3:30 बजे तक हुई। परीक्षा परिणाम 31 मार्च को घोषित होगा। कक्षा 11 के लिए 1264 ने आवेदन किया है। कक्षा 11 में दाखिला मेरिट के आधार पर होगा।



जय प्रकाश नारायण आश्रम पद्धति विद्यालय में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कांधनी, नगला हीरालाल इटावा, कोछाभावर, दुनारा झांसी इन चार विद्यालयों में कुल 1425 प्राप्त आवेदन प्रवेश परीक्षा के लिए आए हैं और यहां परीक्षा शुक्रवार को होगी।

डिजी लॉकर से नहीं जुड़े तो छात्रवृत्ति से होंगे वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रवृत्ति योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नए वित्तीय वर्ष से यूडाइस और आइस किया जाएगा लागू
- डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले विद्यालय-कॉलेज के छात्रों को छात्रवृत्ति से धोना पड़ेगा हाथ

> डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले कॉलेज-विद्यालय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। प्रयास किया जाएगा कि 20 अप्रैल से यह व्यवस्था लागू कर दी जाए।
>
> – कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

अमृत विचार : छात्रवृत्ति योजना का लाभ अब फर्जी और अपंजीकृत विद्यालय या कॉलेज नहीं उठा सकेंगे। विद्यालय और कॉलेजों को डिजी लॉकर से जुड़ना होगा, साथ ही छात्रवृत्ति के लिए भेजे जाने वाले विवरण को डिजिटल हस्ताक्षर करके सत्यापित करना होगा।

योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) और आइस (इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) को नए वित्तीय वर्ष से लागू किया जाएगा।। यूडाइस केंद्र सरकार का पोर्टल है। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। जबकि आइस में इंटरमीडिएट कर चुके छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस पोर्टल पर वही विद्यालय आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास आईडी/प्रमाणपत्र में मुद्रित कोड के साथ नवीनतम मान्यता प्रमाण पत्र हो। आवेदन करते समय विद्यालय और कॉलेजों को आईडी दर्ज करनी होगी। इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद परीक्षा परिणाम ऑटोफेच (स्वाचलित रूप से मिल जाएगा) कर लेगा।

चार अधिकारियों की होगी बायोमेट्रिक्स

लखनऊ : छात्रवृत्ति में व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए चार नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। इसमें कॉलेज-विद्यालय के प्राचार्य व नोडल अधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय के नोडल और विभाग के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बायोमेट्रिक्स कराई जाएगी। इनकी जिम्मेदारी होगी कि कॉलेज-विद्यालय डाटा को डिजिटल सत्यापित करने के बाद भी छात्रों के खाते में धनराशि जाएगी।

अधूरे हास्टल, बैरक का निर्माण होगा पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैसरगंज व मुर्तिहा में बन रहे बैरक के लिए शासन ने भेजी धनराशि

अमृत विचार : बहराइच जिले के कैसरगंज और मुर्तिहा में निर्माणाधीन 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। निर्माण के लिए बकाया धनराशि गृह विभाग ने स्वीकृत कर दी है। धनराशि अवमुक्त होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। कैसरगंज में हॉस्टल, बैरक के निर्माण के लिए 217.54 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी।

इसमें 108.77 लाख रुपए अवमुक्त कर दिए गए थे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बकाया धनराशि एक करोड़ आठ लाख रुपए अब अवमुक्त किया गया है। मुर्तिहा में 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक के निर्माण के लिए 217.97 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी।

गोंडा में 30वीं वाहनी पीएसी को बकाया धनराशि अवमुक्त

गोंडा में 200 व्यक्तियों की क्षमता वाले भवन निर्माण कार्य के लिए 1081.04 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। 150 लाख रुपए जारी भी किए गए थे, लेकिन उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करने के कारण 60 लाख रुपए समर्पित कर दिया गया था। 31 मार्च 2021 को 270.26 लाख रुपए व्यय के लिए पुन: अवमुक्त किया गया था, लेकिन इस बार भी उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं मिलने से 180 लाख रुपए पुन: समर्पित कर दिया गया। फिलहाल शासन ने 60 लाख रुपए देने के लिए पुन: स्वीकृति प्रदान की है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

18वां रोजा

शिया
सहरी : 4:28 बजे
इफ्तार : 6:34 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:34 बजे
इफ्तार : 6:24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- **मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम गोमती नगर में खेलो इंडिया महिला हॉकी के मुकाबले - 8:00 बजे।**
- **जेसी गेस्ट हाउस निराला नगर में नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से मनाए जा रहे महिला माह का समापन - 12.30 बजे।**
- **संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आकांक्षा थियेटर आर्ट्स के तीन दिवसीय नाट्योत्सव की दूसरी संध्या पर नाटक कंजूस का मंचन - 6.30 बजे।**

कूड़ा उठान व्यवस्था बेपटरी, जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

त्योहार पर सफाई व्यवस्था को लेकर धरी रह गई नगर निगम की तैयारी, छुट्टी पर गए सफाईकर्मी काम पर नहीं लौटे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : त्योहार पर शहर की सफाई व्यवस्था की नगर निगम की तैयारी धरी रह गईं। जिससे शहर की कूड़ा उठान व्यवस्था बेपटरी हो गई है। होली के त्योहार पर घरों व डम्पिंग यार्डों से कूड़ा न उठने से शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं। आधे से अधिक सफाईकर्मी व ड्राइवर होली के दो दिन बाद भी काम पर नहीं लौटे हैं।

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने होली पर सफाई कर्मियों व अधिकारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी थीं। इसके बावजूद अधिकांश कर्मचारी छुट्टी पर चले गए थे। नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती सहित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही व्यवस्था पर भारी : कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही सफाई व्यवस्था पर भारी पड़ रही है। कार्यदायी संस्थाएं कर्मचारी आधे भी नहीं लगाती हैं। वहीं, भुगतान पूरे का लेती हैं। नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी भी इस खेल में शामिल हैं। नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से सफाई के लिए लगभग 8,500 सफाईकर्मी लगे हैं। नगर आयुक्त के आदेश के बावजूद आधे से अधिक कर्मचारी छुट्टी पर चले गए। जिससे न गलियों में झाड़ू लगी और न कूड़ा उठा।

मॉडल हाउस स्थित क्षेत्र में लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

ओडियन सिनेमा स्थित कैंट रोड पर लगा कूड़े का अम्बार। अमृत विचार

- **नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी, काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती सहित कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

कई इलाकों में एक सप्ताह से नहीं उठा कूड़ा : हजरतगंज सहित लालबाग, हुसैनगंज, अमीनाबाद, मॉडल हाउस, लाटूश रोड, यहियागंज, ऐशबाग, जानकीपुरम, अलीगंज में गलियों में कूड़े के ढेर लग गए। एक सप्ताह से इन इलाकों में घरों से कूड़ा नहीं उठा। नगर निगम के सफाई कर्मचारी कूड़ा लेने नहीं पहुंचे। इससे लोगों ने मजबूर होकर कूड़ा गलियों में फेंक दिया। यही हाल जोन दो के राजाजीपुरम आदि क्षेत्रों में देखने को मिला। जोन आठ के आशियाना, रुचि खंड, रजनी खंड, एलडीए कालोनी, पीजीआई आदि इलाकों में सफाई व्यवस्था बदहाल रही।

फिर बढ़ी बारिश की संभावना

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम अनुसंधान केन्द्र की ओर से बारिश के संकेत दिये जा रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि गरज के साथ बारिश की संभावना है। उधर, लखनऊ में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि हुई है। ऐसे में पारा 18 से बढ़कर 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। गुरुवार को लखनऊ और आसपास न्यूनतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई। मौसम अनुसंधान केन्द्र द्वारा रिकार्ड किये गए आंकड़ों में तापमान 21 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, बारिश के संभावनाएं तेजी से बन रही हैं। क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला है। इससे मैदानी क्षेत्रों में बारिश के आसार बन रहे हैं। इस दौरान गरज और चमक भी हो सकती है।

मानक के विपरीत बने निर्माण देखने फील्ड पर उतरे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **एलडीए सचिव ने की जोन एक के गोमती नगर में 15 निर्माणों की जांच**

अमृत विचार : शहर में मानक के विपरीत बने निर्माण, प्लॉटिंग, कॉम्प्लेक्स व बहुमंजिला इमारतों का सत्यापन करने लखनऊ विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी गुरुवार को फील्ड पर उतरे। अधिकारियों ने जोनवार निर्माणाधीन भवन का सत्यापन किया। प्रवर्तन जोन एक के गोमती नगर में एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने 15 निर्माणों की जांच की। इनमें से पांच पर कोई नहीं मिला। कुछ अन्य मौके पर एलडीए से स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखा पाए। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने जोन पांच में लगभग 90 निर्माण साइट देखीं।

शहर में अवैध निर्माण की मिल रहीं शिकायतों को देखते हुए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रवर्तन जोन द्वारा अवैध निर्माण व प्लॉटिंग के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। नए अवैध निर्माण, प्लॉटिंग, रो-हाउस, कॉम्प्लेक्स व बहुमंजिला इमारतों का सत्यापन करने का मंगलवार को आदेश जारी किया है। सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन 1, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन 4 एवं 5, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन 2 एवं जोन 3 और मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन 6 एवं 7 के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। ये अधिकारी क्षेत्र का निरीक्षण करके निर्माण का सत्यापन करके अपनी रिपोर्ट एलडीए उपाध्यक्ष को 1 अप्रैल को सौंपेंगे। साथ ही लापरवाही बरतने वाले फील्ड स्टाफ पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की संस्तुति करेंगे।

विमान से टर्मिनल तक बस से जाने से मिलेगा छुटकारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों को अब टर्मिनल तक बस से नहीं जाना पड़ेगा। एयरोब्रिज की सुविधा शुरू होने पर यात्री विमान से उतरकर कॉरिडोर से होते हुए सीधे टर्मिनल तक पहुंच जाएंगे। यात्रियों को कुछ ही दिनों में दो की जगह सात एयरोब्रिज की सुविधा मिलेगी।

एयरोब्रिज का एक हिस्सा विमान के गेट पर फिट होता है और दूसरा हिस्सा सीधे टर्मिनल को जोड़ता है। ऐसे में यात्री विमान से निकलकर कॉरिडोर से होते हुए सीधे टर्मिनल तक जा सकते हैं। टर्मिनल-3 की शुरूआत 31 मार्च से होनी है। इसकी शुरूआत के साथ ही नए एयरोब्रिज को जोड़ने का काम भी शुरू हो जाएगा। पहले चरण में 7 और दूसरे चरण में एयरोब्रिज की संख्या दोगुनी हो जाएगी। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार उसके बाद बस का चक्कर पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

एयरोब्रिज से कॉरिडोर में आने के बाद ऊपर या नीचे जाने के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधा है। नए टर्मिनल में 30 एस्केलेटर और लिफ्ट हैं। नए टर्मिनल में 72 चेकइन काउंटर बनाए गए हैं। इनमें से 17 सेल्फ बैगेज ड्रॉप काउंटर हैं। यानी यात्री बिना कतार में लगे कंप्यूटर स्क्रीन पर अपना विवरण दर्ज करते हुए बैगेज चेकइन प्रक्रिया खुद पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा 62 इमिग्रेशन काउंटर हैं। ऐसे में विदेश से आने वाले यात्रियों को इमिग्रेशन प्रक्रिया के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

- **टर्मिनल-3 की शुरुआत होने के साथ ही नए एयरोब्रिज भी जोड़े जाएंगे**
- **नए टर्मिनल में 30 एस्केलेटर और 72 चेकइन काउंटर बनाए गए हैं**

राज्य सम्पत्ति विभाग ने जमा किया 4.61 करोड़ रुपये गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कर करेत्तर वसूली में नगर निगम चौथे स्थान पर**
- **621 करोड़ रुपये जमा करा चुका है नगर निगम**

अमृत विचार : लखनऊ नगर निगम गुरुवार तक कर करेत्तर में 621 करोड़ रुपये जमा करा चुका है। इसमें 401 रुपये गृहकर और बाकी अन्य मदों में टैक्स शामिल है। राज्य सम्पत्ति विभाग ने गुरुवार को 4.61 करोड़ रुपये बकाया गृहकर जमा कर दिया। बाकी तीन दिनों में कई सरकारी विभाग और निजी भवन स्वामी गृहकर जमा कर सकते हैं।

प्रमुख सचिव नगर विकास ने गुरुवार को गृहकर व पॉलीथीन के विरुद्ध अभियान की समीक्षा की। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि गृहकर की समीक्षा में लखनऊ नगर निगम यूपी में चौथे स्थान पर है। पिछले वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 32 प्रतिशत अधिक वसूली की है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों में अन्य विभागों एवं बड़े निजी बकायेदार भी गृहकर जमा करेंगे।

आज भी खुले रहेंगे कैश काउंटर : वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में तीन दिन बचे हैं। गृहकर दाताओं की सुविधा एवं गृहकर की आय में वृद्धि के लिए 29 व 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी समस्त जोनल कार्यालय तथा कैश काउंटर सामान्य दिनों की तरह गृहकर संबंधित कार्य के लिए खुले रहेंगे। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में गृहकर जमा करके पांच प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं।

एक नजर

विदेशी ब्रांड की सिगरेट के 48 हजार बड़े पैकेट बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शारजाह से आई उड़ान के एक यात्री से कस्टम ने 4 लाख 80 हजार रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट पकड़ी है। संदेह के आधार पर रोककर यात्री की जांच में सिगरेट बरामद की गई। कस्टम के अनुसार, उड़ान संख्या 6ई 1424 से आया यह यात्री मूल रूप से टांडा का रहने वाला है। उसके पास विदेशी ब्रांड की सिगरेट के 48 हजार बड़े पैकेट मिले। एयर कस्टम ने यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। पिछले डेढ़ माह के दौरान विदेशी सिगरेट की तस्करी के आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं।

दस्तक अभियान 10 अप्रैल से

अमृत विचार, लखनऊ : जिलों में 10 से 30 अप्रैल के बीच विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलेगा। शासन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को रूपरेखा तैयार कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका के कार्य व दायित्व निर्धारित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर दस्तक देंगी, जो दिमागी बुखार व अन्य वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण करना बताएंगी।

एलडीए बसन्तकुंज योजना में लगाएगा प्रॉपर्टी मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **आवंटन पत्र जारी करने में देरी पर अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाई फटकार**
- **एलडीए उपाध्यक्ष ने की ई-नीलामी की समीक्षा**
- **निवेशकों को मौके पर कराएगा साइट विजिट**

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण जल्द ही हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना में प्रॉपर्टी मेला लगाएगा। जिसमें निवेशकों व निजी विकासकर्ताओं को आमंत्रित करके मौके पर व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों की साइट विजिट करायी जाएगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिये।

उपाध्यक्ष ने व्यावसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के लिए ई-नीलामी की कार्यवाही की समीक्षा की। प्राधिकरण ने नवम्बर 2023 से मार्च 2024 तक ई नीलामी से कुल 212 व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियां बेची हैं। बोली लगाने वाले कुछ सफल आवंटियों को आवंटन पत्र देरी से जारी किए जाने पर उपाध्यक्ष ने सम्पत्ति व कम्प्यूटर अनुभाग के सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी।

उपाध्यक्ष ने बैठक में निर्देशित किया कि जिस दिन पत्रावली स्वीकृत हो, उसके 15 दिन के अंदर सफल बोलीदाता को आवंटन पत्र मिल जाना चाहिए। जिस स्तर पर फाइल जितने दिन लंबित रहेगी, सम्बंधित का उतने दिन का वेतन काटने के साथ उसके खिलाफ आरोप पत्र जारी किया जाएगा।

बैठक में मुख्य अभियंता एके सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी एवं शशिभूषण पाठक, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

ई-नीलामी की समीक्षा बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

डीएम आवास का बकाया किराया जमा करने को लेकर एलडीए ने भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डीएम बोले, बकाया पहले ही जमा हो चुका, एलडीए ने कहा नोटिस नहीं, अनुरोध पत्र**
- **सोशल मीडिया पर सूचना वायरल होने के बाद दोनों विभागों ने रखा पक्ष**

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन के बीच ठन गई है। एलडीए ने डीएम आवास का बकाया किराया जमा करने के लिए जिलाधिकारी को नोटिस जारी की थी। नोटिस में कहा गया है कि डीएम आवास का किराया 40 साल से क्यों जमा नहीं हुआ इसे तत्काल प्रभाव से जमा करिए। जिलाधिकारी आवास जिसे कोठी नूर बख्श भी कहा जाता है उस पर लगभग 1,67,000 रुपये किराया बकाया था। नोटिस जारी होने की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय और लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस मामले में स्पष्टीकरण दिया है।

जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ऑडिट के तहत किराये के संदर्भ में दिसम्बर 2023 में डिमांड की गई थी। जिला प्रशासन की ओर से किराये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को बकाया किराये के सम्बन्ध में नोटिस जारी करने की सोशल मीडिया पर प्रचारित सूचना को भ्रामक बताया है। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि ऑडिट पैरा की सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप कोठी नूर बख्श किराये के सम्बन्ध में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को एक अनुरोध पत्र दिसम्बर 2023 में भेजा था। राजस्व विभाग से किराया जमा किया जा चुका है।

> लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ऑडिट के तहत किराए के संदर्भ में दिसंबर 2023 में डिमांड की गई थी। जिला प्रशासन की ओर से किराए का भुगतान किया जा चुका है।
> -सूर्य पाल गंगवार, जिलाधिकारी

> ऑडिट पैरा की सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप कोठी नूर बख्श किराये के सम्बन्ध में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जिला प्रशासन को एक अनुरोध पत्र दिसम्बर 2023 में भेजा था। राजस्व विभाग से किराया जमा किया जा चुका है।
> -ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण

आरोपित एडी ने बना दी कमेटी, बिना जांच लौटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पशु चिकित्सालय बीकेटी पर तैनात कर्मचारी के उत्पीड़न का मामला**
- **कर्मचारी ने उच्च अधिकारी से जांच कराने की लगाई गुहार**

अमृत विचार : राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने उत्पीड़न का विरोध किया तो आरोपित अपर निदेशक खुद जांच कराने लगे। उनकी तीन सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची, लेकिन नियम विरुद्ध प्रक्रिया होने पर लौट आई।

कर्मचारी राजेंद्र का आरोप है कि अपर निदेशक ने धमका कर अपने कार्यालय पर संबद्ध घर पर चौका-बर्तन कराया। निदेशक व उच्च अधिकारियों से शिकायत की। इससे नाराज होकर अपर निदेशक परेशान करने लगे। उल्टा आरोप लगाकर खुद जांच कराने लगे। उनके द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को जांच करने अस्पताल पहुंची। राजेंद्र ने इसे नियम विरुद्ध बताकर विरोध किया। इस संबंध में एक दिन पहले निदेशक आरएन सिंह से आरोपित अपर निदेशक को हटाकर ग्रेड-1 के अधिकारी से जांच कराने को प्रार्थना पत्र दिया था। बताया गया कि इससे अवगत होकर टीम लौट आई। निदेशक ने बताया कि आरोपित जांच नहीं कर सकते हैं। वह खुद किसी उच्च अधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

कल निकलेगा जुलूस, नक्खास की ओर जाने से बचें

सुबह 3 बजे से समापन तक लागू रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 19वीं रमजान पर 30 मार्च को जुलूस 'रौजा-ए-काजमैन' पर सुबह 3 बजे से समापन तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कटरा तिराहा समेत इलाके के जुलूस वाले मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा। वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ने बताया जुलूस के दौरान एम्बुलेन्स, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन, आकस्मिक सेवा के लिये प्रतिबंधित मार्ग उपलब्ध रहेंगे। समस्या होने पर कन्ट्रोल नंम्बर 9454405155 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जानिए किन रास्तों पर रहेगा बदलाव

- कटरा (कल्लू) तिराहा से रोजा-ए-काजमैन की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस रूट के लोगों के लिये वैकल्पिक मार्ग तालाब राजाजीपुरम होकर निर्धारित किया गया है।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से नक्खास तिराहा की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग ऐशबाग या बुलाकी अड्डा होकर निर्धारित किया है।
- टुड़ियागंज तिराहे से मंसूरनगर, गिरधारी इन्टर कॉलेज की ओर आवागमन बंद रहेगा। इस रूट के वाहन बाजारखाला, हैदरगंज तिराहा होकर निकाले जायेंगे।
- मंसूरनगर तिराहा रोजा-ए-काजमैन की ओर आवाजाही बंद रहेगी। इस रूट के वाहन नौबस्ता की ओर से निकाले जायेंगे।
- सहादतगंज/रोजा ए काजमैन तिराहा से इमामबाड़ा, मंसूर नगर की ओर वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। चौपटिया होकर आवागमन कर सकते हैं।
- अकबरी गेट (मेफेयर) तिराहा से नक्खास तिराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वाहन चालक मिनारा, चौक चौराहा या कश्मीरी मोहल्ला होकर जा सकेंगे।
- कमला नेहरू क्रासिंग (मेडिकल क्रास) से नक्खास तिराहा की ओर आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर, मेडिकल कालेज चौराहा की ओर से निकाले जायेंगे।
- रकाबगंज पुल चौराहा से नक्खास तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग नाका चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर आवाजाही करेंगे।

एक नजर

यूनिवर्सिटी कालेज लंदन में छात्रा चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्रा नव्या राय ने कैंसर बायोमेडिसिन प्रोग्राम के लिए विश्व प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी कालेज लंदन में चयनित होकर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा नव्या की सफलता पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (एपी) टेस्ट सेंटर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

नव्या राय

एबीसी आईडी के सहारे होंगी लविवि की परीक्षाएं

विश्वविद्यालय ने दो लाख से अधिक छात्रों की आईडी की तैयार, परीक्षाओं में इसे किया जाएगा अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एबीसी आईडी की अनिवार्यता कर दी गई है। छात्रों की परीक्षाओं में इसे आधार बनाया जाएगा। विवि प्रशासन अब तक दो लाख से अधिक छात्रों की आईडी तैयार कर चुका है।

लविवि के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव बताते हैं कि मैनुअल की अपेक्षा ऑनलाइन डॉटा रिकॉर्ड में अधिक सुरक्षित रहते हैं। इसी को लेकर विवि के सभी छात्रों की एबीसी आईडी तैयार की जा रही है। अब तक करीब दो लाख छात्रों की एबीसी आईडी तैयार कर ली गई है। अप्रैल के मध्य में आंकड़ा चार लाख पार कर जाएगा। आगामी परीक्षाओं में इसको अनिवार्य किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति को बेहतर बनाने में ये व्यवस्था सहयोगी बनेगी। बताते हैं कि इसके सहारे छात्रों के क्रेडिट्स सुरक्षित रहेंगे, जो सात वर्ष तक प्रभावी होंगे। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और रिसर्च संग ग्रेजुएशन की डिग्री भी इसी के सहारे तैयार डाटा में सुरक्षित रहेगी। एबीसी आईडी में स्टोर क्रेडिट की अधिकतम आयु सात साल रखी गई है।

▸▸ आईडी के सहारे छात्रों के रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित, सात वर्ष तक होंगे प्रभावी

परीक्षा फार्म भरने के दौरान आईडी अनिवार्य : छात्रों के लिए सम सेमेस्टर परीक्षा- 2024 से परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान एबीसी आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। इसी के माध्यम से हर छात्र का वर्चुअल डाटा विवि के रिकॉर्ड में सुरक्षित रहेगा। प्रवेश लेने वाले चौथे और छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की एबीसी आईडी अपने अंतिम रूप में है।

दोबारा पढ़ाई करना होगा आसान

मल्टीपल एण्ट्री और एक्जिट फार्मूले के सहारे एबीसी आईडी छात्रों को सुविधाएं देगा। छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने का मौका ये व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। पढ़ाई छोड़ने के बाद यदि छात्रों को दोबारा अध्ययन करना है, तो रिकॉर्ड व्यवस्था दोबारा अध्ययन को भी चालू करने में मदद देगा।

एकेटीयू में ऑनर्स भी कर सकेंगे छात्र

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय बीटेक छात्रों को अब माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री भी देने जा रहा है। इसके सहारे सत्र 2023-24 में छात्र मेजर डिग्री के साथ माइनर्स या ऑनर्स डिग्री का विकल्प चुन सकेंगे। एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय बताते हैं कि छात्र चौथे सेमेस्टर में रजिस्ट्रेशन के समय माइनर्स या ऑनर्स डिग्री के चयन का विकल्प भर सकते हैं। अभी तक विवि में ये व्यवस्था नहीं थी। माइनर्स या ऑनर्स डिग्री का पाठ्यक्रम पांच विषयों से जुड़ा होगा। यह 18 से 20 क्रेडिट का एक ट्रैक रहेगा। चौथे से 8 वें सेमेस्टर तक इसे एक अतिरिक्त विषय के रूप में चलाया जाएगा। छात्रों को मेजर डिग्री के साथ ही ऑनर्स डिग्री के पाठ्यक्रम को पूरा करना अनिवार्य रहेगा। माइनर डिग्री मेजर डिग्री से अलग रहेगी। ऑनर्स डिग्री मेजर डिग्री की विशेष ब्रांच बनेगी। कोई छात्र ऑनर्स डिग्री के पाठ्यक्रम को पूरा नहीं कर पाता है तो मेजर डिग्री पर इसका असर नहीं पड़ेगा। छात्र की ओर से माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री के पूरे किये गये विषयों को उसके मेजर डिग्री की अंक तालिका में अतिरिक्त विषय और क्रेडिट के रूप में दर्ज किये जाने की व्यवस्था की गई है। इससे छात्रों को अतिरिक्त लाभ मिल सकेगा। मेजर डिग्री के साथ ही माइनर्स एवं ऑनर्स डिग्री का भी उल्लेख किया जाएगा। डीन यूजी प्रो. गिरीश चंद्रा बताते हैं कि विवि से संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर दिये गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं नं. 15134285L एक्स हवलदार शैलेन्द्र प्रताप यादव नि. प्रोफेसर कालोनी छिबरामऊ कन्नौज। मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकॉर्ड में प्रज्ञा (Pragya) दर्ज है जोकि गलत है जबकि सही नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) व जन्म तिथि 21.01.2005 दर्ज किया जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरी डी0 फार्मा द्वितीय सेमेस्टर डिग्री जे0बी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मा बन्दी का पुर्वा, जिला बाराबंकी से उत्तीर्ण किया है। जिसका इनरोलमेंट नं0 E18276821400011 तथा अनुक्रमांक नं0- 2229912147001 है। उक्त डी0फार्मा द्वितीय सेमेस्टर की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। **सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र पन्नालाल निवासी- ग्राम पूरे नज्जू खां मजरे महमूदमऊ पोस्ट- मीरमऊ, तहसील- रूदौली, जनपद- अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता सं0- 2788000100108881 में मेरा नाम प्रिन्सी पटेल अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 266937792274 में मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित है। अतः प्रिन्सी पटेल के स्थान पर मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित कर दिया जाये। **दिव्या पटेल पुत्री स्व0 मनोज कुमार नि0मो0- मिर्जापुर कस्बा मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बेटे अनिल शर्मा व बहू शालिनी शर्मा के व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनसे सभी सम्बन्ध समाप्त करते हुये उन्हें समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किसी भी तरह के लिये गये ऋण व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं है। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मुन्ना शर्मा पुत्र जादो लाल शर्मा निवासी- ए/39, राजीव नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ।**

सूचना

मैं M. DASHVIN अपने पिता मुरली ई MURALI.E, के आर्मी नं.- 4192918L Vill.- Krishnavaram, Post- Palampakkam (Vellore) Tamil Nadu के सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरा नाम M. DASWIN दर्ज है जबकि मेरा सही नाम M. DASHVIN है। अतः मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही नाम M. DASHVIN दर्ज किया जाये।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनांक - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

जीते गए मेडल के साथ प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

पैरा बैडमिंटन चैपियनशिप में पुनर्वास विवि ने झटके 23 मेडल

कार्यायल संवाददाता, लखनऊ

▸▸ झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित हुई प्रतियोगिता

▸▸ दिव्यांग छात्रों को मिले 3 स्वर्ण, 11 रजत और 9 कांस्य

अमृत विचार : मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। इन्हीं सपनों के साथ हौसला लिये पुनर्वास विवि के दिव्यांग छात्रों ने जमशेदपुर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक हासिल किये हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित 23 खिलाड़ियों ने कई प्रदेशों से आए प्रतिभागियों के बीच प्रदेश और विवि का नाम रोशन किया है।

21 से 24 मार्च तक झारखण्ड के जमशेदपुर में छठे राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अन्य राज्यों के अलावा लखनऊ से डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 23 दिव्यांग खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए। विवि के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पी राजीव नयन बताते हैं कि विवि से 23 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। ऐसे में कुल 23 पदक प्राप्त किए। इनमे 3 स्वर्ण,11 रजत एवं 9 कांस्य हैं।

बताते हैं कि पहली बार जब विवि के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था तो 5 कांस्य पदक जीते थे। इस बार सभी खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास जारी रखा, जिसका नतीजा जीत के रूप में सामने है। प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागी एवं कोच को कार्यवाहक कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा की ओर से बधाई दी गई है।

119 केन्द्रों पर मूल्यांकन समाप्त, 95% कॉपी हुई चेक

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी है। गुरुवार को 95 प्रतिशत तक कॉपियों का जहां मूल्यांकन पूरा हो गया है, वहीं 119 केन्द्रों पर मूल्यांकन समाप्त भी हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि 259 मूल्यांकन केन्द्रों के सापेक्ष 119 केन्द्रों पर कॉपियां पूरी तरह से चेक हो चुकी हैं। जबकि सभी केन्द्रों पर मूल्यांकन की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि एक बार लगा था कि शिक्षकों के की ओर से बहिष्कार होने से मूल्यांकन का समय बढ़ाना पड़ेगा। लेकिन जिस तरह से शिक्षकों ने गुरूवार शिक्षकों ने जो सहयोग किया है उससे अब 5 प्रतिशत कॉपियां मूल्यांकन के लिए शेष बची है। सचिव ने बताया कि अन्य बोर्ड की अपेक्षा हम सबसे पहले बच्चों का परिणाम जारी करने में भी सफलता हासिल करेंगे। दूसरी ओर जिन जिलों में छूटे हुए परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षायें हुए हैं उनके अंक भी तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं किए गये हैं। इस स्थिति में जिला विद्यालय निरीक्षकों को समय से अंक अपलोड करने के लिए निर्देश दिए गये हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब लीजिए ऑनलाइन क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च

अमृत विचार : 103 साल पुराने लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन अध्ययन कार्य आरंभ होने जा रहा है। इसमें स्नातक और परास्नातक दोनों पाठ्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

लखनऊ विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव बताते हैं कि ऑनलाइन एजुकेशन की आरंभ बीकॉम और एमकॉम के पाठ्यक्रमों को समायोजित करते हुए किया जा रहा है। दोनों पाठ्यक्रमों को लेकर विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण और सेमेस्टर फीस की जानकारियां उपलब्ध करा दी गई हैं। बीकॉम के लिए पंजीकरण फीस 250 है। इसमें सेमेस्टर फीस 5 हजार निर्धारित की गई है। एमकॉम में 250 फीस और 8 हजार सेमेस्टर फीस तय है। बताते हैं कि ऑनलाइन सुविधाएं प्राप्त करने के लिए 31 मार्च तक पंजीकरण कराने वाले छात्र, 2 अप्रैल तक सेमेस्टर फीस जमा कर सकते हैं। इसके बाद यूजीसी की गाइड लाइन के तहत प्रवेश प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट को लेकर आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 26 से बढ़कर 31 मार्च हो गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट से आवेदन किये जाएंगे। इसी क्रम में बीबीएयू में स्नातक के विभिन्न कोर्स में 2200 सीटों पर प्रवेश होना है। इसमें डिप्लोमा इन फार्मेसी, बीए इन फिल्म, थियेटर और मीडिया स्टडीज में भी सीयूईटी से प्रवेश होंगे। इसी प्रकार एकेटीयू में बीटेक के अलावा स्नातक के अन्य कई पाठ्यक्रमों में सीयूएटी की मेरिट से प्रवेश किये जाएंगे।

नैक के बाद यूजीसी से मिली थी अनुमति

लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था का आरंभ इसी वर्ष फरवरी माह में किया था। नैक ए प्लस प्लस रेटिंग और कैटेगरी एक का दर्जा प्राप्त होने के बाद ऑनलाइन शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो ने अनुमोदन दिया था। इनकी मान्यता विवि की रेगुलर उपाधियों के समकक्ष होगी।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

विदाई समारोह के दौरान हुई प्रतियोगिता में विजयी रहने वाले छात्रों के साथ अतिथि।

विदाई समारोह में भावुक हुए 12वीं के छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। इस दौरान नोएडा विधायक पंकज सिंह और डॉ. नीरज बोरा ने छात्र-छात्राओं मिस्टर और मिस सेंट जोसेफ का शैश और बुके प्रदान किया। पंकज सिंह ने बच्चों को माता-पिता के निर्देशन में चलने और उनकी बात मानने की सलाह दी। वहीं आयोजित शो में रैम्प पर मिस इंटेलिजेंट तृषा गौतम, मिस ऑलराउंडर दिव्यांशी वर्मा, रनरअप 2 श्रेष्ठ और रनरअप फर्स्ट का खिताब सानिया सिद्दीकी को एवं लड़कों में मिस्टर ऑलराउंडर रहीम अख्तर मिस्टर इंटेलिजेंट इंद्रदेव, रनर अप 2 गौरव मिश्रा, रनर अप फर्स्ट रजत राज हुए। निदेशक सेंट जोसेफ नम्रता अग्रवाल के साथ प्रधानाचार्या लीना शर्मा ने फैशन शो के निर्णायक की भूमिका निभायी।

लखनऊ विवि के 10 छात्रों का प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी में हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि विप्रो कंपनी के तृतीय चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीए के चार छात्रों (वत्सला श्रीवास्तव,आलोक कुमार ओझा, स्टालिन विक्टर, आकाश गुप्ता) तथा बीकॉम के तीन छात्रों (सिद्धांत मिश्रा, शाश्वत रस्तोगी एवं अंजलि भारद्वाज) एवं बीसीए के तीन छात्र (अंशिका थापा, विकास कुमार, विकेश मौर्य) का चयन प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में होगा सुधार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था पहले से और बेहत होगी। बच्चों के लिए जहां स्मार्ट क्लास की व्यवस्था होगी, वहीं दूसरी ओर मॉर्डन शिक्षा भी प्रदान की जायेगी।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस संबंध में गुरुवार को विद्यालय में सुधार को लेकर सभी प्रस्ताव का अवलोकन किया। इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश भी दिया जाये। इस दौरान राज्यपाल ने पहले से चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समय से कार्यपूर्ति न करने वाली कार्यदायी संस्था, व्यक्ति को विलम्बित समय के लिए नोटिस दिया जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे,विशेष सचिव बीएन सिंह, राजभवन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राजभवन स्थित विद्यालय में मॉर्डन शिक्षा व सुधार को लेकर हुई बैठक में दिए गए प्रस्तावों का अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

इन सुविधाओं पर राज्यपाल का ध्यान

राज्यपाल ने स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए समुचित कुर्सी, मेज, बेंच, कम्प्यूटर कक्ष और कम्प्यूटर सेट, स्मार्ट क्लास, खेल के सामान और भोजन सामग्री के लिए स्टोर रूम, पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय, खेल का मैदान, प्रार्थना सभा का स्थान जैसी स्कूल के लिए आवश्यक तमाम व्यवस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने कहा किस्कूल की सभी व्यवस्थाएं आधुनिकतम बनाई जाएं, जिससे बच्चे आधुनिक सुविधा सम्पन्न स्कूल का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल में राजभवन के बाहर से प्रवेश लेने के इच्छुक सभी बच्चों को एडमिशन दिया जाए। उन्होंने स्कूल में प्रवेश पाए सभी बच्चों को मॉडर्न शिक्षा से लाभान्वित करने की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

विदेशी टीम करेगी लविवि का ऑडिट

अमृत विचार, लखनऊ : इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंफॉर्मेशन सिस्टम्स एंड ऑडिट (आईसीआईएसए) द्वारा प्रदर्शन ऑडिट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर 23 देशों के 34 लेखा परीक्षकों की एक टीम लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा करेगी। इस यात्रा के दौरान विवि की उपलब्धियों और उन प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रस्तुति दी जाएगी, जिनके कारण वर्तमान स्थिति बनी है। लविवि में आयोजित प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय द्वारा की गई वित्तीय, प्रशासनिक और लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का विवरण भी शामिल होगा। कार्यक्रम के दौरान विवि परिसर में बीते दिनों डोगरा विधि से धातु ढलाई पर छात्रों द्वारा तैयार की गई मूर्तियों और कलाकृतियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह

अभी फोन करें :

GURU AADIL JI 9717810465

1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

बच्चों का चश्मा हटाए

GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें

जन कल्याण आँख का अस्पताल

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

तकनीक | शुरू हुई नई सुविधा, 30 छात्रों को पहले चरण में किया गया शामिल

लैपटॉप के सहारे दिव्यांग सीखेंगे ब्रेल लिपि

कार्यायल संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्र अब ब्रेल लिपि का ज्ञान लैपटॉप के सहारे सीखेंगे। इसको लेकर विवि के 30 छात्रों को शामिल किया गया है। दृष्टिबाधिता विभागाध्यक्ष डॉ. विजय शंकर शर्मा का कहना है कि इसके सहारे इंटरनेट संबंधी अन्य जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाएगी।

बीते दिनों ब्रेल लिपि और श्रुति लेखन को लेकर विवि के छात्र विरोध-प्रदर्शन कर चुके हैं। कार्यवाहक कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि पुरानी समस्याओं के निस्तारण को लेकर निजी संस्था के प्रयास से नई व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। पहले चरण में 30 छात्रों को लैपटॉप उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इन्हें दृष्टिबाधिता विभागाध्यक्ष के सहयोग से ब्रेल लिपि और श्रुति लेखन का अभ्यास कराया जाएगा। बताते हैं कि निजी संस्था की ओर से 30 छात्रों को 10 हजार रुपये की मदद भी दी गई है।

स्मार्ट विजन ग्लास दिव्यांगों के लिए बनेगा संजीवनी

दिव्यांगों को इस व्यवस्था में स्मार्ट विजन ग्लास भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसके सहारे पूर्ण दृष्टिबाधित विद्यार्थी अपने आसपास के वातावरण को जान सकेंगे। इससे दृष्टिबाधित 50 से ज्यादा लिपियों में लिखी गयी मुद्रित सामग्री को बिना किसी के मदद से पढ़ेगा। रात में इसमें लगी फ्लैश लाइट रास्ते की जानकारी भी देगी।

छात्रों को इसकी भी मिलेगी सुविधा

प्रशिक्षण में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट अनुप्रयोग, विषय एवं रूचि की पुस्तकें ढूंढना, विभिन्न प्रतियोगी फॉर्म को भरना आदि सिखाया जाएगा। दिव्यांग विद्यार्थियों को स्वयं अपनी उत्तर पुस्तिका लिखना सिखाया जाएगा। इससे श्रुति लेखक पर निर्भरता कम हो सकेगी।

एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने समझा विज्ञान

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के बच्चों की एक्सपोजर विजिट लगातार जारी है। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत गुरुवार को बख्शी का तालाब ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों के 100 बच्चों ने आंचलिक विज्ञान नगरी गए। इस दौरान विज्ञान से जुड़े तरह तरह के तथ्यों को समझा। ये बच्चे इटौंजा से बस के माध्यम से आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुंचे थे। इसके बाद बच्चों ने प्राणी उद्यान में वन्यजीवों को भी देखा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी रामराज, एआरपी आशुतोष मिश्रा समेत कई शिक्षक भी विजिट का हिस्सा बनें।

VARUN ARJUN UNIVERSITY

N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur

Pharmacy PCI Approved

D.Pharm/B.Pharm

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.

Direct Admission Open Session 2024-25

100% Placement

Admission Helpline:9455113105

SUN PHARMACEUTICAL INDUSTRIES LTD. LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Cadila Life Sciences

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

साइबर ठगी के खिलाफ आंदोलन की दी चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) ने साइबर ठगों के बढ़ते हौसले को लेकर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है। इतना ही नहीं इप्सेफ ने इस मामले में मुख्यमंत्री से कार्रवाई करने की अपील की। बीते कुछ दिनों से साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहा है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी व अन्य अस्पतालों के ही कई डॉक्टर एवं कर्मचारी साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। लेकिन अभी तक साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई होती हुई नहीं दिख रही है। इप्सेफ के सचिव अतुल मिश्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि गाढ़ी कमाई की धनराशि को साइबर क्राइम करने वालों को पकड़कर वापस कराई जाए वरना कर्मचारी धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

केजीएमयू में कुत्तों की धरपकड़ नहीं करेगा नगर निगम

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू परिसर में कुत्तों के आतंक को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है, क्योंकि परिसर से कुत्ता पकड़ने के मसले पर नगर निगम ने हाथ खड़े कर दिए हैं। नगर निगम ने केजीएमयू कुलसचिव को पत्र लिखा है। जिसमें कुत्ते रोकने के लिए खुद ही बैरिकेडिंग करने को कहा गया है। वहीं केजीएमयू प्रशासन पहले ही आवारा पशु व कुत्तों को रोक पाने में नाकाम है।

रमन व इरशाद हुए निर्वाचित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन के रमन उप्पल, सहायक मंडल मंत्री और इरशाद अहमद मण्डल संगठन मंत्री निर्वाचित हुए। दोनों पदाधिकारी कर्मठ, संघर्षशील, और जुझारू यूआरएमयू के कार्यकर्ता रहे हैं। यह जानकारी यूआरएमयू के मंडल अध्यक्ष आरपी राव ने दी।

विशेष ट्रेनों से आसान होगी यात्रियों की वापसी

कई ट्रेनों में सीटें उपलब्ध, कई के फेरे बढ़ाए गए, नियमित ट्रेनों में चल रही लंबी वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नियमित ट्रेनों में जहां लंबी वेटिंग चल रही है, वहीं होली विशेष ट्रेनों में सीटें उपलब्ध हैं। ऐसे में इन ट्रेनों से होली पर घर आए यात्रियों की वापसी की राह आसान होगी। आगामी तारीखों में कई ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों में सीटें खाली हैं, वहीं कई ट्रेनों के फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन नंबर 04517 गोरखपुर से चंडीगढ़ 29 मार्च को चलने वाली ट्रेन में सेकेंड एसी के 41 बर्थ उपलब्ध हैं। ट्रेन नंबर 05057 टनकपुर से दौराई 29 मार्च को चलने वाली ट्रेन में सेकेंड एसी के कई बर्थ उपलब्ध हैं। ट्रेन नंबर 05045 लालकुआं से राजकोट 31 मार्च को चलने वाली ट्रेन के सेकेंड एसी में 34, थर्ड में 135 और स्लीपर में 77 बर्थ उपलब्ध हैं। ट्रेन नंबर 09196 मऊ से वडोदरा 31 मार्च को चलने वाली ट्रेन में सेकेंड एसी में 12 बर्थ उपलब्ध हैं। ट्रेन नंबर 050777 गोरखपुर से न्यू जलपाईगुड़ी 30 मार्च को चलने वाली ट्रेन में सेकेंड एसी में 18, थर्ड एसी में 20 और स्लीपर में 706 बर्थ उपलब्ध हैं।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पहले से चलाई जा रही विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिन ट्रेनों के फेरे बढ़ाकर विस्तार दिया गया है, उन ट्रेनों के रूट, ठहराव और समय सारणी पहले की तरह ही रहेगी। इनमें ट्रेन नंबर 01025 दादर से बलिया 29 मार्च से बढ़ाकर 40 फेरों लिए एक जुलाई 2024 तक चलेगी। ट्रेन नंबर 01026 बलिया से दादर 31 मार्च से बढ़ाकर 40 फेरों के लिए तीन जुलाई 2024 तक चलेगी। ट्रेन नंबर 01027 दादर से गोरखपुर 31 मार्च से बढ़ाकर 51 फेरों के लिए 30 जून 2024 तक चलेगी। ट्रेन नंबर 01028 गोरखपुर से दादर 2 अप्रैल से बढ़ाकर 51 फेरों के लिए 2 जुलाई 2024 तक चलेगी।

ट्रेन नंबर 02575/02576 दोनों दिशाओं से हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद वाया लखनऊ विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार कर दिया है। हैदराबाद से हर शुक्रवार को चलाई जा रही ट्रेन नंबर 02575 हैदराबाद- गोरखपुर विशेष गाड़ी का विस्तार कर 28 जून तक और गोरखपुर से हर रविवार को चलाई जा रही ट्रेन नंबर 02576 गोरखपुर-हैदराबाद गाड़ी का विस्तार 30 जून तक किया गया है।

शताब्दी, लखनऊ मेल व पुष्पक में वेटिंग 100 के पार

रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के नियमित ट्रेनों में वेटिंग अब 100 के पार पहुंच गई है। नियमित रूप से लखनऊ से दिल्ली, मुंबई और चंडीगढ़ जाने वाली शताब्दी, पुष्पक, लखनऊ मेल सहित कई ट्रेनों में से यात्री सीटों के लिए परेशान हो रहे हैं।

31 तक वातानुकूलित बसों के किराये में छूट

परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों के किराये में 10 प्रतिशत की छूट 31 मार्च तक मिलेगी। इस दौरान यात्री इन बसों में सीटें बुक कराकर शानदार सफर का आनंद उठा सकते हैं। परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में यात्रियों की वातानुकूलित बसों में सफर के लिए यह छूट दी गई थी, जो 31 मार्च तक रहेगी।

अपने गंतव्य को वापसी के लिए ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी का माहौल है, इसी क्रम में चारबाग स्टेशन पर धक्का-मुक्की के बीच ट्रेन पर चढ़ते यात्री। अमृत विचार

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से वाराणसी-बरेली समेत दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड में टोडरपुर स्टेशन पर 3 से 5 अप्रैल तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण लखनऊ मंडल में वाराणसी-बरेली सहित दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कई अन्य ट्रेनें प्रभावित होंगी। यह जानकारी उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने दी।

निरस्त रहेंगी ये ट्रेनें

ट्रेन नंबर 14235 वाराणसी-बरेली 2 से 4 अप्रैल तक, ट्रेन नंबर 14307 प्रयागराज संगम-बरेली 3 से 5 अप्रैल तक, ट्रेन नंबर 14236 बरेली-वाराणसी 3 से 5 अप्रैल तक और ट्रेन नंबर 14308 बरेली-प्रयागराज संगम 3 से 5 अप्रैल तक निरस्त रहेगी।

शार्ट ओरिजनेट

ट्रेन नंबर-04319 लखनऊ-शाहजहांपुर 2 से 4 अप्रैल तक बालामऊ में और वापसी में ट्रेन नंबर 04320 शाहजहांपुर-लखनऊ 3 से 5 अप्रैल तक बालामऊ से शार्ट ओरिजनेट होगी।

रेग्युलेशन

ट्रेन नंबर-13152 जम्मूतवी-कोलकाता सियालदह एक्सप्रेस 2 से 4 अप्रैल तक मार्ग में 60 मिनट, ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असाम एक्सप्रेस 2 से 4 अप्रैल तक मार्ग में 60 मिनट और ट्रेन नंबर 15623 भगत की कोठी-कामख्या एक्सप्रेस 2 अप्रैल से मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर संचालित की जाएगी।

रिशेड्यूलिंग की गईं ट्रेनें

ट्रेन नंबर-15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस 3 से 5 अप्रैल को टनकपुर से 90 मिनट, ट्रेन नंबर 22454 मेरठ शहर-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस 3 से 5 अप्रैल तक मेरठ शहर से 120 मिनट, ट्रेन नंबर 15076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस 4 अप्रैल को टनकपुर से 90 मिनट, ट्रेन नंबर 15098 जम्मूतवी -भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस 2 अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, ट्रेन नंबर 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस 3 अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, ट्रेन नंबर 12332 जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस 4 अप्रैल को जम्मूतवी से 65 मिनट, ट्रेन नंबर 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस 4 से 5 अप्रैल तक काठगोदाम से 60 मिनट विलंब से संचालित की जाएगी।

मिनटों में भर गई तत्काल की सीटें मायूस हुए यात्री

अमृत विचार, लखनऊ : होली के बाद वापसी के लिए ट्रेनों में तत्काल सीटों की बुकिंग कराने पहुंचे तमाम यात्रियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। तत्काल की बुकिंग खुलते ही कुछ मिनट में 195 सीटें फुल हो गईं। दिल्ली, मुंबई, पंजाब, गुजरात रूट की नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में तत्काल कोटे का ही सहारा लोगों के पास उपलब्ध है।

होली के बाद दिल्ली, पटना, जयपुर, मुंबई आदि लौटने वालों के लिए ट्रेनों में सीटों की मारामारी है। लखनऊ मंडल की ट्रेनों के अलावा लखनऊ से गुजरने वाली ट्रेनों में करीब 45 हजार से अधिक यात्री वेटिंग में हैं। ऐसे में लखनऊ मेल, पुष्पक, शताब्दी, पद्मावत, अयोध्या एक्सप्रेस, अवध एक्सप्रेस, गोरखपुर एलटीटी, गोमतीनगर जयपुर, कोटा पटना समेत दर्जनों ट्रेनों में वेटिंग के बाद तत्काल से आस लगाए यात्रियों को गुरुवार मायूस होना पड़ा। टिकट न मिलने पर अब यात्री महंगा टिकट लेकर सफर करने को मजबूर हैं। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली लखनऊ मेल के यात्रियों को मजबूरी में महंगे टिकट से सफर करना पड़ रहा है। लखनऊ से दिल्ली जाने पर लखनऊ मेल में तत्काल प्रीमियम का 3075 रुपये, थर्ड एसी में 2635 रुपये, थर्ड एसी इकोनॉमी में 2490 रुपये किराया पहुंच गया। ऐसे ही लखनऊ से मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी में तत्काल प्रीमियम टिकट नहीं मिल रहा है। सेकेंड एसी का टिकट 3470 रुपये, थर्ड एसी का 3495 रुपये किराया देना पड़ा।

48 शिक्षक होंगे सेवानिवृत्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सरकारी विद्यालयों में घटेगी शिक्षकों की संख्या

अमृत विचार : राजधानी में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में तैनात 48 शिक्षक 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। जिन विद्यालयों में ये शिक्षक तैनात हैं, वहां तो शिक्षकों की कमी होगी ही, इसके अलावा नगर क्षेत्र में भी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों की पहले से ही कमी चली आ रही है। इस स्थिति में विद्यालय संचालन का भार मौजूदा शिक्षकों पर ही रहेगा।

अभी तक अलग-अलग ब्लाकों से सेवानिवृत्त होने वाले करीब 45 शिक्षकों की सूची बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयार कर ली है। इन शिक्षकों का बकाया एरियर और पेंशन से जुड़े मामले भी साथ में निपट जाएं, इसके लिए भी बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से कागजी कार्यवाही पूरी की जा रही है। बीएसए राम प्रवेश ने कहा कि किसी भी शिक्षक को परेशान न होना पड़े, इसके लिए पहले से ही तैयारी कर ली गई है। इसके अलावा कुछ शिक्षक एडेड स्कूलों के भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

नगर क्षेत्र में शिक्षकों की पहले से है कमी

वहीं राजधानी के नगर क्षेत्र में शिक्षकों की कमी पहले से चली आ रही है। यहां जूनियर विद्यालयों में विषयवार शिक्षक नहीं है। विज्ञान और गणित विषय के शिक्षकों की जहां कमी है, वहीं कई विद्यालय दो से तीन अध्यापकों के सहारे ही संचालित हो रहे हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण से नगर में समायोजन की प्रक्रिया पहले से ही कठिन है, ऊपर से कई बार पत्राचार करने के बाद भी समाधान नहीं हो सका।

भाजपा महानगर की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान अभिवादन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य। अमृत विचार

घर-घर जाकर बोलेंगे प्रधानमंत्री की ओर से राम-राम : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

अमृत विचार : होली का पर्व रंगों के साथ जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आता है। भाजपा की ओर से आयोजित किए जा रहे मोदी परिवार होली मिलन के तहत घर-घर जाकर प्रत्येक सदस्यों को प्रधानमंत्री की ओर से राम-राम कहेंगे।

उक्त बात उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा महानगर की ओर से कैंट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम बड़े स्तर पर चल रहा है। कहा कि जिले में 1312 बूथों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल विनय खंड गोमती नगर, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने ऐशबाग में, उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने फैजुल्लागंज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

एहसान कुरैशी को मिलेगा हास्य भूषण रंगभारती सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रंगभारती की ओर से पहली अप्रैल को रवीन्द्रालय में हास्य व्यंग्य उत्सव का आयोजन किया जायेगा। घोंघा बसंत सम्मेलन के नाम से होने वाला यह आयोजन 1963 से निरंतर होता आ रहा है।

एहसान कुरैशी

रंगभारती का घोंघा बसंत सम्मेलन 1 अप्रैल को

रंगभारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि 1961 में इलाहाबाद में हमने पहली बार अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन कराया था। उन्होंने बताया कि इस बार के घोंघा बसंत सम्मेलन में लाफ्टर चैलेंज में धूम मचाने वाले हास्य कलाकार एहसान कुरैशी को हास्य भूषण रंगभारती सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। लखनऊ के हास्य कवि अमित अनपढ़ को सूंड फैजाबादी रंगभारती सम्मान और फतेहपुर के कवि समीर शुक्ल को रमई काका रंगभारती सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पहली अप्रैल को शाम 6.30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में लाये गए गधे से कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जायेगा। यह गधा मूर्खिस्तान के प्रधानमन्त्री के रूप में कार्यक्रम में शामिल होगा। कई विभूतियों को मूर्ख रत्न से सम्मानित किया जायेगा तो कई विभूतियों के गंधर्व विवाह भी कराए जायेंगे।

चालक, परिचालक ने यात्री को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग बस अड्डे पर बुधवार को रोडवेज बस के बारे में पूछने पर चालक, परिचालक ने साथियों संग यात्री को पीट दिया। परिचालक ने उसका कान चबा लिया। यात्री ने नकदी और चेन गायब होने का भी आरोप लगाया है। यात्री की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर रोडवेज बस यूपी 34 टी 9813 के ड्राइवर शरण मिश्र और परिचालक मो. रियाज को गिरफ्तार कर लिया है। सीतापुर जिले के सिधौली निवासी कुलदीप निजी कंपनी में काम करते हैं। उन्हें बुधवार को सीतापुर जाना था। बस पकड़ने के लिए सुबह कैसरबाग बस अड्डे पहुंचे थे।

चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय स्थित सभागार में अधिकारियों एवं मंडल की मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशन के साथ प्रेम (प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे एसएम शर्मा ने किया। डीआरएम ने मंडल में चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में किए जा रहे मंडल के प्रयासों एवं इसके डिजिटलीकरण की जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों के हितों के लिए रेल प्रशासन द्वारा उठाये गए अन्य कदमों की जानकारी भी दी। इस बैठक में चिकित्सा सुविधाओं के लाभार्थी कर्मियों के लिए मंडल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं में विस्तार एवं इसके डिजिटलीकरण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डिजिटलीकरण के उपरांत इससे होने वाले लाभों के विषय में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर, अपर मंडल रेल प्रबंधक शिवेन्द्र शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य चिकित्साधिकारी और मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नाराजगी | ऑटो-टेंपो चालक परेशान, किससे करें शिकायत

चारबाग स्टेशन के सामने वसूली से लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नियुक्त यातायात सहायकों को जीआरपी के सिपाहियों द्वारा रोकने व धमकाने का आरोप

अमृत विचार : नगर निगम के लिखित आदेश पर चारबाग मेट्रो के नीचे रेलवे छोटी लाइन के प्रवेश द्वार पर रोजाना लगने वाले भीषण यातायात जाम को सुव्यवस्थित करने हेतु संयुक्त मोर्चा द्वारा नियुक्त यातायात सहायकों को लगातार जीआरपी के सिपाहियों द्वारा यातायात सुव्यवस्थित करने से रोका एवं धमकाया जा रहा है। जीआरपी कर्मी जबरन छोटी लाइन के प्रवेश द्वार नाका क्षेत्र में ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा 20 रुपये प्रति चक्कर लेकर सवारियां भरवाते हैं। लेकिन जब से संयुक्त मोर्चा के यातायात सहायकों द्वारा ऑटो-टेंपो के संचालन को सुव्यवस्थित करने का कार्य शुरू किया गया है। तबसे जीआरपी कर्मियों की अवैध कमाई नहीं हो पा रही है। इसी से क्षुब्ध होकर जीआरपी कर्मी दबंगई पर उतर आए हैं और सुव्यवस्थित संचालन में बाधक बन गए हैं। जबकि यह उनका क्षेत्र भी नहीं है।

ज्ञात हो कि शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नगर निगम द्वारा पांच ठहराव स्थल बनाये गये हैं। इसी क्रम में चारबाग में रविन्द्रालय से लेकर नत्था तिराहे तक नगर निगम और ऑटो-टेंपो एसोसिएशन के सहयोग से चारबाग को अतिक्रमण से मुक्त किया गया। जिसके कारण अब टेंपो-ऑटो क्रम में सवारियां भरते हैं, जिसकी वजह से अब जाम की समस्या काफी हद तक कम हो गई है। लेकिन जीआरपी कर्मी द्वारा जबरन ऑटो-टेंपो और ई-रिक्शा द्वारा 20 रुपये लिए जा रहे हैं, जो कि नियमविरुद्ध है। ऑटो चालक रितेश यादव ने बताया कि जीआरपी द्वारा जबरन रुपये की वसूली की जाती है। अगर न दो तो जीआरपी कर्मी लड़ाई-झगड़े पर अमादा हो जाते हैं। सीताराम शुक्ल ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाते हैं। सवारियां बैठाने के लिए जब छोटी लाइन जाते हैं तो उनको शुल्क के रूप में रुपए देने ही पड़ते हैं। वाहन पर सवारियां बैठी होती हैं तो कुछ बोल भी नहीं पाते हैं। वहीं ऑटो चालक भोले ने कहा कि जीआरपी सिपाहियों द्वारा सभी से रुपये लिए जाते हैं, जो नहीं देते हैं, उनके ऑटो अंदर नहीं आने देते हैं।

> ऑटो-टेंपो और ई-रिक्शा चालक मेहनत करके अपने परिवार के लिए घर पूंजी जोड़ता है। और ये सिपाही इन लोगों से जबरन अवैध वसूली कर रहे हैं। इसकी शिकायत जल्द ही उच्च स्तर पर की जाएगी। अगर ऐसा ही चलता रहा तो ऑटो-टैंपो का कभी भी चक्का जाम हो सकता है।
> **-पंकज दीक्षित,** अध्यक्ष टेंपो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा

केजीएमयू में किडनी ट्रांसप्लांट को मिलेगी रफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में किडनी ट्रांसप्लांट को रफ्तार मिलेगी। इसके लिए अलग से ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और आईसीयू वार्ड बनाया जाएगा। शताब्दी फेज-दो में ओटी व आईसीयू बनेगा। इसके लिए स्थान का चयन हो गया है। केजीएमयू में अब तक पांच किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। अभी विभाग के पास आपना ओटी व आईसीयू नहीं है। गेस्ट्रो सर्जरी विभाग के सहयोग से किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। नेफ्रोलॉजी विभाग की प्रत्येक ओपीडी में लगभग 150 मरीज आ रहे हैं। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि किडनी मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। किडनी ट्रांसप्लांट को रफ्तार दी जाएगी। इसके लिए ओटी व पांच बेड का आईसीयू बनाया जाएगा। किडनी ट्रांसप्लांट मरीजों में संक्रमण की आशंका अधिक रहती है। लिहाजा ओटी व आईसीयू सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे, ताकि ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को संक्रमण से बचाया जा सके।

4-जी सुविधा देने की तैयारी में बीएसएनएल

राजधानी में वर्ष के अंत तक सुविधा शुरू होने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बीएसएनएल की 4जी सेवा जल्द ही उपभोक्ताओं को मिलने लगेगी। लेकिन इसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। बीएसएनएल द्वारा धार्मिक स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में 4जी सेवा देने की तैयारी में बीएसएनएल अग्रसर है। धार्मिक स्थलों में पर्यटकों के ज्यादा आने की वजह से इस स्थलों में 4जी सेवा पहले मिलेगी।

बीएसएनएल अभी भी 2जी और 3जी की सेवाएं अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में अब बीएसएनएल ने अयोध्या में तेजी से कार्य करना शुरू कर दिया है। वहीं अबतक 30 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो गया है। जल्द ही अयोध्यावासियों को बीएसएनएल की 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। वाराणसी और प्रयागराज भी तीर्थ स्थल की श्रेणी में आते हैं, जिसकी वजह से बीएसएनएल जल्द ही इन दो शहरों में भी 4जी की सेवाएं देना शुरू कर देगा। प्राथमिक स्तर पर दोनों शहरों में 50-50 बीटीएस लगाए जाएंगे। इन तीन शहरों के बाद लखनऊ में भी 4जी की सेवाएं शुरू हो जाएंगी, जिसमें अभी एक वर्ष का समय लग जाएगा।

> अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में 4जी की सुविधा देना प्राथमिकता है। इसके बाद लखनऊ में भी 4जी की सेवा शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल ट्रायल के लिए महानगर में 4जी की सुविधा शुरू की गई है। बाकी क्षेत्रों में वर्ष के आखिर तक बीटीएस लगाकर 4जी की सेवाएं देना शुरू कर दी जाएंगी।
> **-अभिनव कुमार वर्मा,** उप महाप्रबंधक मोबाइल सेवा (परियोजना)

एक नजर

शर्मनाक : सगे भाई ने की छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा इलाके में शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सगे भाई ने अपनी ही बहन से छेड़छाड़ की, विरोध करने पर पीट दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया उनके माता-पिता का निधन हो गया था। आरोप है कि भाई शराब के नशे में उनके साथ आए दिन उससे बिना वजह विवाद करते रहता है। विरोध करने पर धमकी देता है। बताया पूर्व की भांति ही बुधवार को भी भाई नशे में गाली गलौज कर रहा था। उसने विरोध किया तो छेड़छाड़ की और तौलिया से गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर नीतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चोरों ने लाखों के गहने और रुपये पार किये

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में चोरों ने घर से लाखों के गहने व नकदी पार कर दी। रजनीखंड निवासी नीलम श्रीवास्तव ने थाने में दी तहरीर में बताया 23 मार्च को परिजन खाना खाकर सो गये थे। अगले दिन सुबह जब वह जगी तो कमरे व अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर रात में सोने के दो जोड़ी कड़े, चार चेन, मंगलसूत्र, दो हार, 4 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी टाप्स, एक जोड़ी झाला व 5 हजार रुपये नकद चुरा ले गये। पीड़िता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। कोई ऐसा सुराग नहीं मिला, जिसकी बिना पर आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की शिनाख्त कर घटना का खुलासा करने की बात कही है। इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा।

नशे में धुत दोस्तों ने युवक को रॉड से पीटा, आंखें फोड़ने का किया प्रयास

मिलने के बहाने घर से बुलाया, मामूली बात को लेकर हुआ था विवाद

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

- पारा थाना क्षेत्र का मामला, युवक को ट्रामा सेंटर में कराया भर्ती
- शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी हुए फरार

अमृत विचार : पारा इलाके में नशे में धुत पांच दोस्तों में आपस में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी। इसमें एक युवक पर चार लोगों ने हमला कर उसकी आंखें फोड़ने का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।तालकटोरा के 57 सुमईया बिहार सरीपुरा कॉलोनी निवासी राहुल कुमार ने बताया आलम बिहार कॉलोनी निवासी केडी, साथी शुभम पाण्डे व दो अज्ञात दोस्त शराब के नशे में धुत थे। केडी ने घर जा रहे छोटे भाई ज्ञान प्रकाश (26) को बुधवार रात करीब 9 बजे फोन कर कॉलोनी में मिलने के बहाने से बुलाया। जहां मामूली बात

हमले में गंभीर रूप से घायल युवक

पर विवाद में आरोपियों ने रॉड से ज्ञान प्रकाश के सिर पर हमला कर दिया। आरोप है कि उसकी आंखें फोड़ने का प्रयास किया गया, इससे उसे दिखना बंद हो गया। शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ज्ञान प्रकाश को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। राहुल ने ज्ञान का मोबाइल व नगदी छीनने का आरोप लगाया है। पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया सिर और आंख में गंभीर चोटहै। राहुल की तहरीर पर केडी और शुभम पाण्डे को नामजद किया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मैजिक के खुले गेट से टकराकर गिरे बाइक सवार को रोडवेज ने रौंदा, साथी गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रोड किनारे खड़े मैजिक के ड्राइवर ने अचानक खोला गेट टकराकर गिरे बाइक सवार
- बाराबंकी जनपद का रहने वाला था बाइक चालक, रिश्तेदार के साथ लौट रहा था घर

अमृत विचार: चिनहट तिराहे पर गुरुवार शाम टाटा मैजिक के चालक ने अचानक गेट खोल दिया। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक गेट से टकरा सड़क पर गिरे। इसी दौरान पीछे से आई रोडवेज बस ने एक युवक को रौंद दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर चिनहट अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया बाराबंकी के असंदरा निवासी शिवबरन (40) गुरुवार को बाइक से रिश्तेदार ललित (35) के साथ लखनऊ गेहूं काटने वाली मशीन का सामान खरीदने आए थे। जहां से शाम करीब 6 बजे बाइक से बाराबंकी लौट रहे थे। रास्ते में चिनहट तिराहे के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान सड़क पर खड़े मैजिक का चालक ने गेट खोल दिया। अचानक गेट खुलने से तेज रफ्तार में जा रहे बाइक सवार गेट से टकरा कर सड़क पर जा गिरे। इस बीच पीछे से आई रोडवेज बस ने सड़क पर घायल पड़े शिवबरन को रौंद दिया। कुछ दूरी पर स्थित पुलिस पिकेट के सिपाही रामपाल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने शिवबरन को मृत घोषित कर दिया। जबकि ललित का इलाज चल रहा है।

चिनहट पुलिस की सूचना पर शिवबरन के परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शिवबरन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवबरन के साढ़ू दीपक ने बताया ललित शिवबरन की गाड़ी चलते हैं। शिवबरन के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। शिव बरन के परिजन ने मैजिक और रोडवेज चालक की लापरवाही से हादसा होने का आरोप लगाया है।

उधारी नहीं लौटाने पर साथी ने सिर पर वारकर की थी ड्राइवर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किया खुलासा

अमृत विचार : मोहनलालगंज इलाके में साढ़े छह हजार रुपये के विवाद में ट्रैक्टर ड्राइवर धर्मेन्द्र रावत की हत्या उसी के साथी ने ईंट से कूंचकर की थी। उसका शव खाली प्लॉट में मिला था। पुलिस ने आरोपी प्रशांत को गिरफ्तार कर गुरुवार को हत्या का खुलासा किया।

एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने बताया नगराम के गड़रियनखेड़ा निवासी धर्मेन्द्र रावत (22) बिजनौर स्थित ट्रेडर्स की दुकान पर ट्रैक्टर चलाता था। 20 मार्च को धर्मेन्द्र दुकान से बाइक पर निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। 22 मार्च को बिन्दौवा स्थित खाली प्लॉट में उसका शव मिला था। जबकि बाइक नहीं थी। परिजनों ने खोजबीन की तो बाइक डिघारी निवासी धर्मेंद्र के दोस्त प्रशांत मिश्रा के घर मिली थी।

मामले में पुलिस ने पत्नी सीमा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। एसीपी ने बताया संदेह के आधार पर आरोपी प्रशांत को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। तो उसने जुर्म कुबूल कर लिया।

आरोपी ने बताया कि धर्मेन्द्र ने उससे 16,500 रुपये लिए थे। कई बार मांगने पर भी रुपये नहीं लौटा रहा था। 20 मार्च को वह धर्मेन्द्र के साथ बाइक से उतरेठिया जा रहा था। बिन्दौवा के पास रुपयों को लेकर विवाद बढ़ने पर प्रशांत ने ईंट से धर्मेन्द्र के सिर पर वार कर हत्या कर शव प्लाट में फेंक बाइक समेत फरार हो गया था। एसीपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जिम पर कब्जा कर मशीनें व फर्नीचर बेंच 65 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिम संचालक ने एडीसीपी पूर्वी से लगाई मदद की गुहार
- आशियाना थाने में दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : आशियाना थाने में जिम संचालक ने किराएदार दंपति पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिम संचालक का कहना है कि आरोपियों ने जिम पर कब्जा कर लाखों की मशीनें बेंचकर रकम हड़प ली। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने एडीसीपी पूर्वी से कार्रवाई की मांग की।

थाना अंतर्गत कृष्णा कम्प्लैक्स पावर हाउस चौराहा निवासी जिम संचालक हितेश अरोड़ा ने बताया सेक्टर-डी में उनका जिम है। अगस्त 2022 में सेक्टर-एम निवासी नेहा श्रीवास्तव को पूरा जिम किराए पर लिया था। छह माह तक नेहा ने किराए का आठ लाख रुपये नहीं दिये। मांगने पर टाल मटोल करती रहीं। सितम्बर 2023 में किराया मांगने पहुंचा, तो महिला धमकाने लगी। इस बीच महिला ने पति आरिफ खान के साथ फर्जी दस्तावेज तैयार कर जिम पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही मशीनें और फर्नीचर समेत 65 लाख का सामान बेच दिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया एडीसीपी के निर्देश पर आरोपी दंपति पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

सेवानिवृत्त सूबेदार को एलडीए की जमीन बेचकर हड़पे 27.20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आशियाना इलाके में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर से जमीन के नाम पर 27.20 लाख की ठगी का मामला सामने आया है।

पटना के दानापुर निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर मनोज कुमार सिंह ने बताया उनके परिचित सैन्यकर्मी कैंट निवासी संजय चौधरी ने जमीन खरीदने उनकी मुलाकात सुशांत गोल्फ सिटी निवासी संजीव श्रीवास्तव से कराई थी। संजीव ने आशियाना के सालेहनगर में जमीन दिखा 27.20 लाख में सौदा तय कराया। अनुबंध पत्र के समय मनोज ने संजीव को 10 लाख और 17.20 लाख रुपये किसान को दिए थे।

पीड़ित का आरोप है कि जब दाखिल खारिज के आवेदन किया तो पता चला कि संजय व संजीव ने किसान महेश कुमार और बलराज किशोर के साथ मिल धोखाधाड़ी कर एलडीए की जमीन उनको बेच दी है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सप्रू मार्ग स्थित फ्रंटलाइन कैंप कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिस आयुक्त के साथ फूलों की होली खेलते पुलिसकर्मी व अधिकारी। अमृत विचार

वीडियो वायरल करने की धमकी दे कोर्ट मैरिज का बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माल थाना क्षेत्र निवासी है पीड़ित युवती, सीतापुर निवासी है आरोपी युवक

अमृत विचार: माल इलाके में रहने वाली युवती की शादी तय होने पर एक युवक द्वारा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने बताया सीतापुर जिले के बहरेवा गांव निवासी राहुल वर्मा से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने नौकरी लगवाने का झांसा दे उससे ऑडियो व वीडियो कॉल से बातचीत शुरू कर दी। इस बीच युवती की शादी तय होने पर रिंग सेनेमनी का कार्यक्रम हो गया। इसकी जानकारी पर आरोपी युवती को उससे बातचीत के अश्लील ऑडियो व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी दे रिश्ता तोड़ उसके साथ कोर्ट मैरिज करने ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राहुल वर्मा, उसकी मां व बहन समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर माल राजेश कुमार त्रिपाठी ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

चार सुतली बम बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव पुलिस ने चार सुतली बम के संग तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर शिवनंदन मिश्र ने बताया बुधवार रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पीपा पुल के पास कुछ संदिग्ध युवक खड़े हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। तलाश में उनके कब्जे से चार जिंदा सुतली बम बरामद हुये। पूछताछ में आरोपियों की पहचान हर्षित दीक्षित निवासी पुराना लोपखाना बालागंज, शुभम सोनी निवासी विष्णु विहार कालोनी, मड़ियांव और रेहान निवासी अम्बेडकर पार्क, ठाकुरगंज के रूप में हुई। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते डॉक्टर। अमृत विचार

टीबी यूनिट काकोरी ने मनाया विश्व क्षय रोग दिवस

अमृत विचार, काकोरी : विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में टीबी यूनिट काकोरी ,एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी की ओर से स्थापित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता कम्युनिटी मेडिसिन की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रभा श्रीवास्तव ने की। चिकित्सा प्रभारी डॉ.पी के सिंह, संचालक डॉ. शेखर श्रीवास्तव, प्रभारी महिला डॉ. नुझात बेगम, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, डॉ. श्वेता राजपाल, डॉ. अर्शी अंसारी उपस्थित रहे। काकोरी टीबी यूनिट से सुजीत कुमार एसटीएस, सुधीर कुमार अवस्थी टीबीएचवी ने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। एक प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें प्रतिभाग करने वाले डॉक्टर नौरीन परवीन, डॉ.नूरीन, डॉ. श्रेया चंद्र, डॉ. रूपम चौधरी, डॉ. सरोष तनवीर, अनिल बेसरा को टीबी यूनिट काकोरी की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया।

उर्स में सजी हजरत दादा मियां साहब की दरगाह। अमृत विचार

चादरपोशी के साथ हजरत दादा मियां का उर्स शुरू

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब के महोना में हजरत दादा मियां साहब की दरगाह पर उर्स और मेला रशीदिया की 27 मार्च को शुरू हो गया। चादरपोशी के साथ शुरू हुआ मेला 5 अप्रैल तक चलेगा। उर्स में दूरदराज से भी जायरीन आते हैं। हिंदू, मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। प्रबंधक समिति के सहायक मैनेजर मो .अकील खां ने बताया कि मेले में कव्वाली, मुशायरा, कुश्ती, आतिशबाजी की प्रतियोगिता भी होती है। 31 मार्च को मुशायरा, 1अप्रैल को मिस्टर इंडिया मैजिक ग्रुप का जादू शो, 2 अप्रैल को कव्वाली, 3 को मुशायरा एवं कवि सम्मेलन, 4 को हास्य प्रोग्राम, 5 को मेले का समापन होगा। उर्स व मेला रशीदिया कमेटी के अध्यक्ष कलीम अहमद कुरैशी, मेला मैनेजर इशहाक मोहम्मद ने बताया कि मेला 95 वर्षों से चल रहा है। उर्स की शुरुआत रशीद मियां ने वालिद अमीर हैदर ने कराई थी। उर्स में दूरदराज से सैकड़ों मानसिक रोगी आते हैं।

सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत खरगापुर क्रासिंग से बेटे प्रियांशू के साथ साइकिल से सब्जी लेकर घर लौट रहे मजदूर राम कुमार को 24 मार्च को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में पिता- पुत्र घायल हो गए थे। बुधवार देर रात निजी अस्पताल में रामकुमार की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी ने बताया कि पत्नी रामावती ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है। बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बिरयानी की दुकान और होटल में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : चौक में मुरादाबाद बिरायनी की दुकान में लीकेज सिलेंडर से आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। चौक फायर स्टेशन के एफएसओ ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। समय रहते काबू पा लिया गया। उधर, बुधवार देर रात बालागंज के एक मॉडल शाप के पास होटल में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से पड़ोस में खड़ी एक कार भी जल गई। चौक फायर स्टेशन से पहुंचे दमकलकर्मियों ने दो टैंकर से आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकान में रखा माल और बाहर खड़ी कार जल गई।

फंदे से लटका मिला एसी मैकेनिक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : इन्दिरानगर इलाके में रहने वाले एसी मैकेनिक मो . अहमद (37) का शव घर में फंदे से लटका मिला। परिजन आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक इन्दिरानगर के अबरारनगर निवासी मो . अहमद परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार दोपहर मो . अहमद का शव फंदे से लटका देख परिजन ने पुलिस को सूचना दी। परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

बेटे पर चोरी का आरोप लगा मां को घर से अगवा कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस को लेकर पहुंचे परिजन ने बंधक महिला को छुड़ाया

अमृत विचार: मोहनलालगंज इलाके में बेटे पर चोरी का आरोप लगाकर युवकों ने घर में घुसकर महिला की पिटाई कर अगवा कर बंगला बाजार ले आए। पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को छुड़ाया। पुलिस तीन महिलाओं सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अंतर्गत रायपुर निवासी गीता ने बताया बुधवार दोपहर अयोध्याखेड़ा निवासी रामबाबू अपनी पत्नी और भूषण और उनकी पत्नी व एक अज्ञात महिला के साथ उनके घर में घुस गये। महिला का कहना है कि आरोपी उसके बेटे शिवा पर 50 हजार रुपये और बाली चोरी का आरोप लगाने लगे। उसने बेटे के घर पर नहीं होने की बात कही तो उसकी पिटाई कर बंगला बाजार स्थित संस्था के दफ्तर में ले जाकर फिर से पिटाई की। महिला ने किसी तरह पड़ोस के एक बुजुर्ग का फोन लेकर परिजन को फोन कर आप बीती बताई। तब परिजन पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उसे छुड़ाया। इंस्पेक्टर ने बताया चारों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घर में घुसकर मां-बेटे को रॉड व डंडों से पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद: हत्या के मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने आरोपियों ने मां-बेटे को पीट कर घायल कर दिया। माल थाना क्षेत्र के ग्राम निकरोजपुर निवासी पंकज ने बताया 20 जून 2012 में पिता किशोर की हत्या गांव के लोगों ने कर दी थी। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। इसमें सुलह का दबाव बनाने 25 मार्च को ईश्वरदीन, अमित, धर्मेन्द्र, जगदीश व बनवारी उसके घर पहुंचे। बात मानने से इनकार पर आरोपियों ने महिला, उसके भाई व मां को पीट दिया। पुलिस आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

ई-रिक्शा चालक के हत्यारोपियों को भेजा जेल

- परिजन ने आर्थिक सहायता की लगाई गुहार

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार : पारा क्षेत्र में होली के दिन पिटाई से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। गुरुवार को पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

हंस खेड़ा चौकी के नरपत खेड़ा डूडा कालोनी निवासी रिंकी और उसके पति ई-रिक्शा चालक मुन्ना साहू (45) का पड़ोसी संजय शर्मा, विकास शर्मा, राहुल शर्मा से विवाद हो गया था। संजय ने साथियों संग मुन्ना व उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें दंपति गंभीर घायल हो गये थे। अस्पताल में मुन्ना की मौत हो गई थी। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले में पुलिस ने गुरुवार को संजय शर्मा, विकास शर्मा, राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी के आश्वासन के बाद दूसरे दिन हुआ अंतिम संस्कार

घर में घुसे दबंगों ने लाठी-डंडों के साथ एक ई-रिक्शा चालक मुन्ना साहू (45) व उनकी पत्नी रिंकी देवी की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। दबंगों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल दंपती को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां, बुधवार को ई-रिक्शा चालक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ई-रिक्शा की मौत पर गुस्साए परिजनों ने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे मांग पूरी न होने से नाराज परिजनों ने मृतक मुन्ना साहू का अंतिम संस्कार नहीं किया जिसकी सूचना भीम आर्मी संगठन के अरविन्द अवतार अपनी टीम के साथ परिवार से मिले और हर मुमकिन मदद का वादा किया और प्रशासन से बात कर पीड़ित परिवार के लिए 20 लाख सहायता की धनराशि व परिवार में एक सरकारी नौकरी देने अपील की। वहीं बसपा नेता रमेश कुमार उर्फ बबली गौतम ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर सहायता दिलानी की बात कही जिसमें परिजनों एडीएम प्रशासन को बुलाने को लेकर अड़े रहे मगर काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन राजी हुए। परिजन की तीन मांगों को लेकर पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के आश्वासन के बाद ई रिक्शा चालक मुन्ना साहू का अंतिम संस्कार दूसरे दिन किया गया। इस अवसर पर भीम आर्मी अरविन्द अवतार, बसपा नेता रमेश कुमार उर्फ बबली गौतम, निशांत, मोहित राज अम्बेडकर, अलोक, अजय अम्बेडकर के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था | 30 को गिलीम व 1 अप्रैल को निकलेगा ताबूत का जुलूस

ड्रोन से निगरानी, घुड़सवार पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने खींचा सुरक्षा व्यवस्थाओं का खाका

अमृत विचार : जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने 30 तारीख को गिलीम के जुलूस और 1 अप्रैल को निकाले जाने वाले ताबूत के जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा है। इन जुलूस में करीब 20 से 25 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। ऐसे में जुलूस वाले रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी तैनात रहेगी। जबकि ड्रोन से निगरानी के अलावा घुड़सवार पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

जेसीपी ने बताया 19वीं रमजान का जुलूस मस्जिद कूफा-ए-काजमैन थाना सआदतगंज से शुरू होकर पाटानाला चौकी के सामने ममोला मस्जिद तक निकाला जायेगा। वहीं 21वीं रमजान का जुलूस शबीह-ए-नजफ रुस्तमनगर से प्रारम्भ होकर तालकटोरा स्थित कर्बला तक निकाला जायेगा। जुलूसों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मजबूत इंतजामात किये गये हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टीमें रखेंगी नजर

जुलूस के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तकनीकी टीमों (सर्विलांस सेल) द्वारा विशेष निगरानी रखी जायेगी। उपद्रवी एवं शरारती तत्वों की किसी भी गड़बड़ी वाली पोस्ट पर संबंधित की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

दो हजार से अधिक पुलिस बल रहेगा तैनात: एक पुलिस उपायुक्त, चार अपर पुलिस उपायुक्त, 10 सहायक पुलिस आयुक्त, 51 निरीक्षक, 307 उपनिरीक्षक, 19 महिला उपनिरीक्षक, 1010 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 147 महिला कान्स्टेबल, दो कम्पनी पीएसी, तीन टीम ड्रोन कैमरा, 10 घुड़सवार पुलिसकर्मी, 37 क्लस्टर मोबाइल, 6 क्यूआरटी टीम, 19 पीआरवी के अलावा मुख्यालय से 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 10 निरीक्षक, 80 उपनिरीक्षक, 08 महिला उपनिरीक्षक, 400 हेड कांस्टेबल, 8 कम्पनी पीएसी, 2 कम्पनी आरएएफ और एक एटीएस टीम लगाई गई है।

अब ई-रिक्शा सत्यापन की ऑनलाइन सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : अब ई-रिक्शा चालकों व मालिकों को सत्यापन के लिये भाग दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया ई-रिक्शा सत्यापन की सुविधा ऑनलाइन कर दी गई है। लखनऊ पुलिस की वेबसाइट WWW.LUCKNOWPOLICE.GOV.IN पर नागरिक सेवायें टैब में ई-रिक्शा सत्यापन की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। पेज पर चालक व मालिक अपने ई-रिक्शा की डिटेल अपलोड कर सत्यापन फार्म भर कर ऑनलाईन सत्यापन की रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

आपराधिक इतिहास पर 11 के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जमा कराये गये 224 लाइसेंसी असलहा

अमृत विचार: राजधानी में 11 असलहा धारकों का आपराधिक इतिहास मिलने पर उनकी लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट संबंधित थाना प्रभारियों ने भेजी है। वहीं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न थाना क्षेत्र में 224 लाइसेंसी असलहा जमा कराये गये हैं।

विभिन्न थाना क्षेत्र के जिन असलहा धारकों का लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी गई है। उनमें विजय बहादुर निवासी जयनगर कालोनी, इन्दिरानगर, विवेक कुमार मिश्र निवासी कोटवा, बीकेटी, विनीत कुमार तिवारी निवासी संसारपुर,

बीकेटी, गिरीश कुमार शुक्ला निवासी ग्राम भैसामऊ शामिल हैं। इसी तरह अनुपम श्रीवास्तव निवासी मदारीपुर, लालता प्रसाद मौर्य निवासी सीरसा, ओमप्रकाश तिवारी निवासी कोटवा, विष्णु कुमार मिश्र निवासी कोटवा, युवराज सिंह निवासी गोहना कला, राम सिंह निवासी देवरी रूखारा का नाम शामिल है।

एक नजर

कैफी आजमी अकादमी में सेतु संवाद का आयोजन आज

अमृत विचार, लखनऊ : सेतु प्रकाशन समूह की ओर से कैफी आजमी अकादमी में 29 मार्च को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सेतु संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन दोपहर 3 .30 बजे वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना करेंगे। कार्यक्रम में तीन दिनों तक सेतु प्रकाशन समूह से प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी के साथ ही विमोचन, चर्चा, गीत, नाटक, कहानी और कविता पाठ के कार्यक्रम किये जाएंगे। पहले दिन 29 मार्च को सुभाष राय की पुस्तक अक्क महादेवी का विमोचन होगा। विमोचन के बाद इस पुस्तक पर होने वाली चर्चा में अखिलेश, अनिल त्रिपाठी और प्रीति चौधरी अपना वक्तव्य देंगे। दूसरे सत्र में कमलाकान्त का गायन होगा और राजेश जोशी के नाटक सपना मेरा यही सखी का प्रदीप घोष के निर्देशन में मंचन किया जाएगा। प्रो . नलिन रंजन सिंह ने बताया कि 30 मार्च को कथाकार देवेंद्र के कथा समग्र का विमोचन होगा और पुस्तक पर शिवमूर्ति, वीरेंद्र यादव और नवीन जोशी अपना वक्तव्य देंगे।

नव अंशिका फाउंडेशन के महिला माह का समापन आज

अमृत विचार, लखनऊ : नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे नव अंशिका महिला माह का समापन 29 मार्च को निरालानगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में होगा। फाउंडेशन ने महिला माह की शुरुआत 1 मार्च को की थी। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि इस साल चूंकि महिला दिवस शुक्रवार को था इसलिए मार्च माह के सभी पांचों शुक्रवारों को मिशन शक्ति को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम शक्तिस्वरूपा उत्सव के तहत आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को दोपहर 12 .30 बजे से निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस परिसर में पुरुषों के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। यह सम्मान अपर्णा यादव और नम्रता पाठक द्वारा दिए जायेंगे।

हाईवोल्टेज मुकाबले को लखनऊ तैयार

पंजाब और एलएसजी की टीम ने किया इकाना स्टेडियम में अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ में आईपील के पहले हाईवोल्टेज मुकाबले की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस मुकाबले के लिए पंजाब किंग्स के साथ ही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में अभ्यास किया। पहले लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने दिन के सत्र में नेट्स पर अभ्यास किया। इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने फ्लड लाइट की रोशनी में पसीना बहाया।

30 मार्च को इन दोनों टीमों के बीच होने वाले हाईवोल्टे मुकाबला खेला जाना है। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों टीम प्रबंधन की नजरें खिलाड़ियों पर टिकी रही। दोनों ही टीमों में मंथन चल रहा था। किसको गेंदबाजी में उतारा जाए तो कौन से बल्लेबाजों की जोड़ी बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी। लखनऊ में इस सत्र का पहला आईपीएल मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए खास होगा। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम जयपुर में हुए पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से हार गई थी। ऐसे में वह यहां घरेलू मैदान पर जीत कर आत्मविश्वास हासिल कर जीत के ट्रैक पर वापसी की पुरजोर कोशिश करेगी। चुकी है। पंजाब ने पहले मुकाबले में दिल्ली को हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में टीम को बंगलूरू से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में यह टीम यहां पर जीत की लय हासिल करने को दमदार प्रदर्शन करने उतरेगी। स्टेडियम प्रबंधन के अनुसार इस मुकाबले के 25 हजार टिकट बिक चुके हैं। टिकटों की बढ़ती मांग इनकी दरों को कम किया जाना बताया जा रहा है। पिछली बार की तुलना में टिकट दरे कम की गई हैं।

अभ्यास करता एलएसजी का खिलाड़ी।

स्टेडियम में मौजूद क्विंटन डी कॉक।

अभ्यास करते शिखर धवन।

राहुल और डिकॉक को गेंदबाजी करना आसान नहीं : नमन

इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में बल्लेबाजों को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने अपनी तेजी से प्रभावित किया। हाल ही में अंडर-19 विश्वकप में शानदार गेंदबाजी से उन्होंने सभी को काफी प्रभावित किया था। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स टीम से नेट बॉलर के रूप मे जुड़ा था और इस बार लखनऊ सुपरजायंट्स टीम प्रबंधन ने उन्हें बतौर रिजर्व खिलाड़ी शामिल किया। उन्होंने कहा कि मुझे टीम के कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक को गेंद डालने में थोड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। हालांकि सीनियर खिलाड़ियों ने मुझे अपनी गेंदबाजी में सुधार के टिप्स भी दिए।

30 को होने वाले मुकाबले के टिकटों की बिक्री शुरू

अमृत विचार : लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच 30 मार्च को होने वाले मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। शहर में संचालित बॉक्स ऑफिसों और आउटलेट के साथ ही लोग बुक माई शो से ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग कर रहे हैं और होम डिलीवरी ऑप्शन से घरों पर टिकट मंगा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रबंधन ने इस बार भी कई फैन-फर्स्ट पहल शुरू की हैं। एलएसजी ने सभी मैच के दिन देर रात तक बसें और मेट्रो चलाने के लिए यूपीएमआरसी और एलटीसीएल के साथ समझौता किया है। बसें यात्रियों को स्टेडियम से मेट्रो स्टेशनों तक ले जाएंगी, जो रात 12 .30 बजे तक खुले रहेंगे। मैच वाले दिन ट्रांसपोर्ट नगर से कमता मार्ग पर भी देर रात तक लोगों को बसों की सुविधा मिल सकेगी। मैच की ऑफलाइन सीटें सुरक्षित करने के लिए फीनिक्स प्लासियो मॉल और टिलसिम स्टोर (सप्रू मार्ग, हजरतगंज) के बाहर बॉक्स ऑफिस बनाए गए हैं, जहां प्रतिदिन सुबह 11 :00 बजे से शाम 7 :00 बजे तक टिकटों की बिक्री हो रही है। इसके अतिरिक्त बीबीडी बैडमिंटन अकादमी, विंटेज मशीन (समिट बिल्डिंग) और हजरतगंज मेट्रो स्टेशन में तीन आउटलेट भी चालू किए गए हैं, जो सुबह 11 :00 बजे से शाम 7 :00 बजे तक खुल रहे हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट ने कहा कि महीनों की तैयारी के बाद हम अविस्मरणीय क्रिकेट अनुभव के लिए स्टेडियम में अपने प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि हम लगातार दूसरे सीजन के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं।

भारतीय टीम में जगह बनाने को दीपक तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) एक बड़ा मंच है। यहां पर दमदार प्रदर्शन कर खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं। आईपीएल के बाद शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले होंगे। मुझे विश्वास है कि मैं भारतीय टीम में जगह बना लूंगा। इसके लिए मैं दमदार प्रदर्शन को तैयार हूं।

यह कहना है लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के आलराउंडर दीपक हुड्डा का। एक होटल में गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि इकाना में होने वाले मुकाबले के लिए एलएसजी की तैयारी पूरी है।

▸▸ आईपीएल एक बड़ा मंच, सभी खिलाड़ियों के पास श्रेष्ठता साबित करने का मौका

▸▸ टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले एक महीने बाद

उन्होंने कहा कि आईपीएल में शामिल सभी टीमें शानदार है। किसी को कमजोर या मजबूत नहीं कहा जा सकता है। जीत और हार इस पर नहीं निर्भर नहीं करती, जो टीम शानदार प्रदर्शन करती है, वही जीतती है।

किंग्स इलेवन पंजाब को उन्होंने एक मजबूत टीम बताया और कहा कि 30 मार्च को एलएसजी के साथ उसकी जोरदार भिड़ंत देखने को मिलेगी। दीपक हुड्डा ने बताया कि घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन शानदार रहा है। मैं महसूस करता हूं कि विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में मैं भारतीय टीम में जगह बना लूंगा। आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर यह मौका आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

एलएसजी के माहौल के बारे में उन्होंने बताया कि टीम का माहौल जबरदस्त है। सभी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन को बेकरार है। प्रशिक्षक जस्टिन लैंगर ने टीम को एक नई दिशा दी है। हर खिलाड़ी के साथ वह मेहनत करते हैं। टीम की तैयारी के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से हम लोग बेहतर तैयारी में जुटे हैं। इस बार विकेट शानदार है और यहां पर रनों की बारिश देखने को मिलेगी।

प्रीतम सिवाच ने राजा करन को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खेलो इण्डिया सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल फेज की शुरुआत गुरुवार को गोमती नगर स्थित मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में हुई। पहले दिन खेले गए चार मैचों में 53 गोल हुए। आज सबसे बड़ी जीत प्रीतम सिवाच अकादमी ने हासिल की। उसने राजा करन अकादमी को 18-0 गोलों से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में साई शक्ति और साई बाल टीम एवं हर अकादमी ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

प्रीतम सिवाच अकादमी ने शुरुआत से ही मैच में दबाव बना लिया। प्रीतम सिवाच अकादमी की रवीना ने पांच गोल किए। वंशिका ने चार, कप्तान वंशिका, हर्षिता, रीतिका, सुखप्रीत ने दो-दो और दिया, दीक्षा ने एक-एक गोल किया।

साई शक्ति ने ने खेलो इंडिया राज्य एक्सीलेंस सेंटर बिलासपुर को 10-2 गोलों से पराजित किया। साई शक्ति की पूर्णिमा यादव ने उम्दा खेल दिखाते हुए हैट्रिक सहित पांच गोल किए।

हर अकादमी ने भाई भेलो अकादमी को 14-1 गोलों से शिकस्त दी। अकादमी के लिए पूजा मलिक ने तीन, सीमा और अदिति ने दो-दो गोल मारे। वहीं दीक्षा, भारती और कीर्ति ने एक-एक गोल किए। साई बाल टीम ने जय भारत अकादमी को हराया।

टी-20 प्राइजमनी प्रतियोगिता 5 अप्रैल से

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ की देखरेख में टी-20 प्राइजमनी प्रतियोगिता पांच अप्रैल से खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में ए, बी और सी डिवीजन की टीमें हिस्सा ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में उन्हीं टीमों को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी जिन्होंने पिछली प्रतियोगिताओं के सभी बकाया जमा कर दिए हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमें एसोसिएशन के कार्यालय में अपनी एंट्री फीस के साथ ही जमा कर सकती हैं।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड - प्रथम, कमरा सं0 115-120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड- II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ0प्र0)

अति-अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 12/वि0पा0ख0-प्र0(ल0)/2023-24 : अति-अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 12-वि0पा0ख0 (प्र0) ल0/2023-24, के पारेषण भवन में नवनिर्मित नियन्त्रण कक्ष हेतु 65 इंच एल0ई0डी0 टी0वी0 एवं सी0पी0यू0 की आपूर्ति एवं लगाने सम्बन्धित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि 4500.00, दिनाँक 04.04.2024 को 12:00 बजे तक ई-टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग-1 खुलने की तिथि 04.04.2024, समय 13:30 बजे, भाग-2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई-वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 मात्र (500.00 + G.S.T. @ 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।'' **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ।** पत्रांक: 381/वि0पा0ख-प्र0(ल0)/टी0-12/2023-24 दि0 27/03/2024

भारतीय परम्परा में होलीकोत्सव पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अवनीश कुमार शर्मा रहे मौजूद

अमृत विचार : अखिल भारतीय संस्कृत परिषद के तत्वावधान में अलीगंज में भारतीय परम्परा में होलीकोत्सव और नवसंवत्सर का ज्योतिर्वैज्ञानिक महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. चन्द्रभूषण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में आईएएस अवनीश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के ज्योतिष विद्या शाखा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार पांडेय ने अपने व्याख्यान में होलिका का दहन भद्रा की पुच्छ में करने की बात कही। जिसका समय तीन घटी या 72 मिनट के बराबर होता है। होलिका दहन के अगले दिन रंगों का पर्व मनाया जाता है। ज्योतिष शास्त्र को जानने वाला ही संवत्सर को कहने वाला हो सकता है। अगला वर्ष कैसा होगा, इसका विवेचन करता है। इस वर्ष का राजा मंगल और मंत्री शनि होगा और पिंगल संवत्सर होगा। जिसमें मध्यम वृष्टि, गर्मी अधिक, मध्यम कृषि, प्रजा में पीड़ा, श्वेत पदार्थों में महंगाई और राजा को कष्ट होने की स्थिति रहेगी।

आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार शर्मा ने इस मौके पर कहा ज्योतिष वैज्ञानिक, गणनात्मक और व्यवहारिक शास्त्र है। यह हमें अपने जीवन के कर्मों को बेहतर रूप से चयन करने में मदद करता है। सभा के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभूषण त्रिपाठी ने कहा नव संवत्सर के साथ ही प्रकृति, व्यवहार और विचारों में भी क्रमशः परिवर्तन होता है। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ ही संवत्सर में नवीनता होती जाती है।

आज के इस विशिष्ट व्याख्यान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. राम सुमेर यादव, प्रो. रेखा शुक्ला, डॉ. वर्षा दीपक, डॉ. अनिल कुमार पोरवाल, कला वसुधा के संपादक शाखा बंद्योपाध्याय और ज्योतिर्विज्ञान तथा संस्कृत विभाग के शोध छात्र तथा स्नातकोत्तर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय फागोत्सव का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोक संस्कृति शोध संस्थान के तत्वावधान में चल रहे नौ दिवसीय फागोत्सव का गुरुवार को सदा आनन्द रहे यहि द्वारे मोहन खेलें होरी के मंगल भाव के साथ समापन हो गया। विभूतिखण्ड स्थित पार्श्वनाथ प्लैनेट में होरियारों ने फूलों की होली संग जम कर फाग गाया। मेजबान भावना शुक्ला ने सभी का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत लोक गायिका अंजलि सिंह ने मारी गयो पिचकारी अचानक से की। ढोल मंजीरे की थाप पर सौम्या गोयल, अव्युक्ता, गुनाश्री, कर्णिका, अविका, आद्रिका और मीहिका ने सामूहिक रूप से खेलो कुंजन बीच होली गायी। वरिष्ठ लोक गायिका इन्दु सारस्वत ने हां मैंने कछु न कही मोहे सांवरे ने गारी दई, रश्मि उपाध्याय ने फागुन ऐसा सलोना सिपाही छोड़ो नोकरिया घर आओ, शकुंतला श्रीवास्तव ने होरी खेलत हैं रघुनाथ, शशि सिंह ने सिया निकसे अवधवा की ओर, मनु राय ने कैसी ये होरी मचाई, अनुराधा दीक्षित ने होरी खेलन आयो श्याम, सुमति मिश्रा ने मत मारो श्याम पिचकारी, पल्लवी निगम ने कन्हैया घर चलो गुईयां, आभा मिश्रा ने केदली बन अमवा बौरा रे, सौरभ कमल ने होली में रिसाय गये मोरे पिया सुनाया।

संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि समापन होली बैठकी में निवेदिता भट्टाचार्य, गीता रवि, नीतू, पार्वती, अर्चना अग्रवाल, विद्याभूषण सोनी, आभा शुक्ला, सीमा, आशा, सेवानिवृत्त आयकर आयुक्त अनिल पाण्डे, डॉ. करुणा पाण्डे, अरुणा निगम, भजन गायक सत्यप्रकाश साहू और अनिल निगम मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान फाग गातीं महिलाएं। अमृत विचार

जकात के पैसे से जमीन खरीदकर उसे आम लोगों के लिए वक्फ किया जा सकता है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अकीका के गोश्त से कराया जा सकता है अफ्तार

अमृत विचार : कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों ने तमाम धार्मिक मुद्दों पर सवाल पूछे जिनका जवाब मौलाना सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए। इस हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क कर सवाल पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 दिया गया है। हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई शख्स मस्जिद में अकीका का गोश्त पकाकर अफ्तार कराए तो क्या यह सही है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि अकीका के गोश्त से अफ्तार कराया जा सकता है, लेकिन बेहतर यह है कि यह गरीब लोगों को दिया जाए। एक सवाल आया कि क्या कोई शख्स अपना एक फितरा दो लोगों में बांटकर दे सकता है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि एहतियाते वाजिब यह है कि किसी जरूरतमंद को एक फितरा से कम न दिया जाए, बल्कि अगर ज्यादा दिया जाए तो कोई हर्ज नहीं। हेल्पलाइन में पूछा गया कि क्या कोई व्यक्ति ज़कात के पैसे से कुरान और दुआ की पुस्तकें खरीद कर वक्फ कर सकता है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि ज़कात के पैसे से कुरान और दुआ की पुस्तकें वक्फ की जा सकती हैं। इसी तरह का एक और सवाल आया कि क्या जकात के पैसे से जमीन खरीदकर उसे वक्फ किया जा सकता है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि ज़कात के पैसे से ज़मीन खरीद कर उसे आम लोगों को वक्फ किया जा सकता है, लेकिन इसे अपने ही बच्चों के नाम पर वक्फ नहीं किया जा सकता।

मस्जिद-ए-कूफा से कल निकलेगा गिलीम के ताबूत का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 19 से 21 रमजान तक गम मनाएंगे मुसलमान

अमृत विचार : 19 से 21 रमजान को मुसलमान गम के दिनों के रूप में मनाएंगे। मौलाए कायनात हजरत अली के सर पर 19 रमजान को ही सुबह की नमाज पढ़ते वक्त मस्जिद में इब्ने मुलजिम ने जहर बुझी तलवार से वार किया था। 21 रमजान की सुबह वह शहीद हो गए थे। हजरत अली की शहादत के सिलसिले में शुक्रवार से 1 अप्रैल तक शहर के विभिन्न इमामबाड़ों, रौजों व कर्बलाओं में मजलिसों का आयोजन किया जायेगा।

शनिवार की सुबह रौजा-ए-काजमैन स्थित मस्जिदे कूफा से गिलीम का जुलूस निकाला जायेगा। यह जुलूस पाटानाला स्थित इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी तक जायेगा। 19वीं रमजान को सुबह की नमाज की अजान कारी ताहिर जाफरी देंगे और मौलाना जहीर अहमद नमाज अदा कराएंगे। नमाज के बाद मजलिस होगी। इसके बाद अजादार ताबूत को अपने हाथों पर लेकर निकलेंगे।

19 व 20 रमजान को यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैय्यद मोहम्मद तकी में ही जियारत के लिए रखा रहेगा। मौलाना मीसम जैदी यहां मजलिस को भी खिताब करेंगे। 21 रमजान सोमवार को सुबह की नमाज के बाद रौजाए शबीह नजफ रुस्तम नगर से हजरत अली का ताबूत जुलूस की शक्ल में निकलेगा। जुलूस यहां से निकल कर कर्बला तालकटोरा ले जाया जायेगा।

नाटक बुरे फंसे गुलफाम ने खूब हंसाया

अमृत विचार, लखनऊ : आकांक्षा थियेटर आर्ट्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह गुरुवार को लखनऊ की भारतीयम् संस्था की ओर से कार्लो गोल्डोनी के विश्वविख्यात इटेलियन हास्य नाटक द सर्वेन्ट ऑफ टू मास्टर्स के हिन्दुस्तानी अनुवाद बुरे फंसे गुलफाम के मंचन से हुई। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह में मंचित इस नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना ने किया। वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ . अनिल रस्तोगी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। नाटक में केशव पंण्डित ने गुलफाम की भूमिका में सबकी वाहवाही लूटी।

मुरादाबाद मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद मंडल में आलमनगर-शाहजहांपुर सेक्शन के टोडरपुर स्टेशन पर डाउन रेल लाइन प्रारंभ करने के संबंध में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक **03.04.2024** से **05.04.2024** तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से
14235 वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस	02.04.2024 से 04.04.2024
14236 बरेली – वाराणसी एक्सप्रेस	03.04.2024 से 05.04.2024
14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस	03.04.2024 से 05.04.2024

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी	स्टेशन जिनके बीच रद्द रहेंगी	आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से)
04319 लखनऊ–शाहजहांपुर एक्सप्रेस	बालामऊ जं. पर	बालामऊ–शाहजहांपुर	02 एवं 04.04.2024
04320 शाहजहांपुर–लखनऊ एक्सप्रेस	बालामऊ जं. से	शाहजहांपुर– बालामऊ	03 एवं 05.04.2024

रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण

रेलगाड़ी संख्या 15074 टनकपुर–सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 03 एवं 05.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ एनई राज्य रानी एक्सप्रेस दिनांक 03 से 05.04.2024 तक मेरठ सिटी से 06:40 बजे की जगह 08:40 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15076 टनकपुर–शक्ति नगर त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15098 जम्मू तवी–भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस दिनांक 02.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15652 जम्मू तवी–गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस दिनांक 03.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12332 जम्मू तवी–हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को जम्मू तवी 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15044 काठगोदाम–लखनऊ एनई एक्सप्रेस दिनांक 04 एवं 05.04.2024 को काठगोदाम से 11:15 बजे की जगह 12:15 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ियों का विनियमन

रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम	विनियमन की अवधि	तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से
13152 जम्मू तवी–कोलकाता एक्सप्रेस	मार्ग में 60 मिनट	02 से 04.04.2024 तक
15910 लालगढ़ जं.–डिब्रूगढ जं. एक्सप्रेस	मार्ग में 60 मिनट	02 से 04.04.2024 तक
15623 भगत की कोठी–कामाख्या जं. एक्सप्रेस	मार्ग में 30 मिनट	02.04.2024

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

939/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

इत्र जो ठंडा करते थे, राजाओं को शांत करने के काम भी आते थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : द मार्ग फाउंडेशन ने लखनऊ बायोस्कोप और सराका आर्ट गैलरी के सहयोग से फाउंडेशन के नवीनतम अंक द हिस्ट्रीज ऑफ इंडियन परफ्यूम का लोकार्पण किया। यह लोकार्पण अभिषेक मिश्रा, जेम्स मैकहुग, गीति दत्त और समन हबीब ने किया।

जेम्स मैकहुग ने अपने स्वयं के शोध के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने मार्ग वॉल्यूम के साथ कैसे मिलकर ये संयोजित किया। किस प्रकार की सामग्रियों को चुना। इस सम्बन्ध में जेम्स ने वह बातें कहीं जिन पर पहले बात नहीं की गयी थी।

मध्यकालीन भारत में इत्र के कुछ मनोरंजक नाम हैं जैसे एक सम्मानजनक विवाहित महिला की शर्म, और अराजकता। यह 400 या 600 साल पहले के नाम हैं जो उस समय काफी उत्तेजक नाम माने गए थे। कुछ ऐसे इत्र भी थे जो ठंडा करते थे और इनका उपयोग राजाओं द्वारा उन्हें शांत करने के लिए किया जाता था। भारत में ऐसे इत्र भी हैं जिनमें गर्म करने के गुण होते हैं और कुछ में ठंडा करने के गुण होते हैं। कुछ में कामुक और कुछ में शांत करने के गुण होते हैं। उनके पास कामुक लोगों के लिए मनोरंजक नाम होते थे।

मार्ग की मैगज़ीन में गंधों पर सामग्रियों और दृष्टिकोणों का विस्तार है। इसमें हमें ज्योतिषीय इस्लामिक धूपबत्तियां मिली हैं। इसमें इत्र बनाने की विधि के साथ 20वीं सदी के आरंभिक तमिल पैम्फलेटों का उल्लेख है। इत्र पर तीन अद्भुत कागजात हैं।

गीति दत्त ने इत्र पर अपने शोध के बारे में कहा कि वह अपने व्यक्तिगत हित से हटकर ऐसा कर रही हैं क्योंकि वह इत्र उद्योग की एक और कहानी सामने लाना चाहती हैं। हम राजघरानों द्वारा इत्र के इस्तेमाल के बारे में सुनते रहे हैं, लेकिन अपने शोध के माध्यम से वह इत्र के बारे में बारीकियां और विवरण सामने लाना चाहती हैं। जैसे कि वास्तव में खेतों में कौन काम करता है, जलवायु परिवर्तन मिट्टी के इत्र को कैसे प्रभावित करता है। वह इस बात पर प्रकाश डालना चाहती है कि जलवायु परिवर्तन गुलाब की वृद्धि या पृथ्वी की गंध को कैसे प्रभावित करता है। वह इत्र बनाने में शामिल लोगों, वर्ग और जाति के पहलू को जानना चाहती है। इस चर्चा का संचालन समन हबीब ने किया।

द हिस्ट्रीज ऑफ इंडियन परफ्यूम के लांच कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, गीति दत्त, जेम्स मैकह्यूज व समन हबीब। अमृत विचार

▸▸ द हिस्ट्रीज ऑफ इंडियन परफ्यूम का किया गया लोकार्पण

एक नजर

महिला से लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में जिम से लौट रही महिला से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया। इंस्पेक्टर ने बताया गया प्रसाद निवासी सेक्टर- 4 की बेटी 10 मार्च को जिम से लौट रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार बदमाश उनका सामान लूट ले गये थे। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शिवम दुबे निवासी शाहपुर, अम्बेडकरपुर, करन यादव निवासी मसौली, जिला देवरिया और धीरज गुप्ता निवासी ग्राम रूठवापुर गोरखपुर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया डेढ़ माह पूर्व तीनों ने सेक्टर 4 में साइकिल सवार लड़की से भी बैग लूटा था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

दो वाहन चोर गिरफ्तार भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया केन्द्रीय विद्यालय के सामने खाली पड़े मैदान के समीप खड़े दो संदिग्धों ने पुलिस को देख बाइक समेत भागने का प्रयास किया। संदेह होने पर दोनों को पकड़ कर पूछताछ की गई। उनकी पहचान नवदीप कुमार निवासी कल्याणपुर थाना गुडम्बा और मो0 आमिर निवासी मिश्रीपुर गुडम्बा के रूप में हुई। दोनों ने बाइक चोरी करने का जुर्म कबूल किया। बताया टीवीएस अपाचे पांच माह पूर्व लेखराज मार्केट से चोरी की थी। दोनों बदमाशों के खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं घट रही हैं लेकिन पुलिस रोकने में नाकाम है।

टिकट को लेकर समाजवादी पार्टी में खींचतान

एक को मनाओ तो दूसरा हो रहा नाराज, टिकट पर टिकट बदल रहे सपा प्रमुख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव की रणनीति बनाना भूल अपनों को मनाने में जुटे सपा प्रमुख अखिलेश

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में सत्तासीन दल भाजपा जहां पहले चरण के प्रचार में पूरे दमखम के साथ उतरने को तैयार है वहीं, मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी में घमासान मचा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव की रणनीति बनाने से ज्यादा अपनों की नाराजगी को दूर करने में उलझे हैं। कहीं रूठने-मनाने के चक्कर में तो कही भाजपा के घोषित उम्मीदवार को देखते हुए भी अखिलेश एक के बाद एक लोकसभा के टिकट बदलने को मजबूर हैं। किसी-किसी सीट पर दो से तीन बार तक बदलाव किया गया।

पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन तक बुधवार को मुरादाबाद और रामपुर में पार्टीजनों के बीच चली खींचतान जगजाहिर रही। वहीं, गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर में भी बदलाव हुआ। मेरठ का टिकट भी बदला जाना तय माना जा रहा है। पहले बदायूं, मिश्रिख में उम्मीदवार बदले गए थे। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर लोस. सीट से पहले सपा ने डॉ. महेंद्र नागर का टिकट काटकर राहुल अवाना को उम्मीदवार बनाया। गुरुवार को सपा ने फिर बदलाव करते हुए डॉ. महेंद्र नागर को ही वहां से प्रत्याशी बना दिया। उधर, मेरठ लोस. सीट से भानु प्रताप सिंह सपा के फिलहाल प्रत्याशी हैं लेकिन अब मेरठ में भाजपा से अरुण गोविल के उतरने के बाद नया उम्मीदवार सपा लाएगी। बिजनौर से भी पहले यशवीर सिंह प्रत्याशी बनाए गए और उसके बाद दीपक सैनी को टिकट थमा दिया गया।

इसे रणनीति कहें या कन्फ्यूजन? अखिलेश यादव ने सबसे पहले टिकटों में बदलाव घर से ही किया। बदायूं में पूर्व घोषित प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव की जगह चाचा शिवपाल यादव को मैदान में उतारा। बाद में धर्मेंद्र को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया।

सूत्रों के मुताबिक, शिवपाल बदायूं से अपने बेटे आदित्य यादव को लड़ाना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका जबकि, मिश्रिख सीट से पहले रामपाल राजवंशी को टिकट दिया गया। फिर उनके बेटे मनोज राजवंशी को मंजूरी मिली फिर वहां तीसरी बार टिकट बदलते हुए मनोज की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट सौंप दिया गया। हालांकि, बरेली जिले की आंवला सीट के भी प्रत्याशी बदलने की चर्चा है लेकिन यहां से सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य मजबूत स्थिति में हैं।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पुलिस सतर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर निगरानी रख रही पुलिस
- रात भर पेट्रोलिंग करती रहीं टीमें

अमृत विचार : सजायाफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गई। माफिया की मौत के बाद राजधानी पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो गई। माफिया के लखनऊ से जुड़े कनेक्शन को देखते हुए शहर में किसी भी तरह की अराजकता न फैले। इसके लिए पुलिस रात भर पेट्रोलिंग करती रही। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी पुलिस भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर भी निगरानी करती रही।

माफिया की मौत के बाद चर्चा का दौर शुरू

बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की सूचना मिलते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चर्चाओं का सिलसिला जारी हो गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के निर्देश पर शहर में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। इसके साथ ही साथ मुख्तार के गुर्गों पर भी पुलिस की नजरें टिकी रही। जिनका नाता मुख्तार अंसारी के जोड़ा गया है। इसके अलावा फेसबुक पर माफिया मुख्तार अंसारी के नाम से बनी प्रोफाइल और समर्थकों द्वारा बनाए गए लाइक पेज पर भी पुलिस टीम निगरानी कर रही हैं। ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न पैदा हो।

भ्रम फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि माफिया की मौत पर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों व भ्रम प्रसारित कर माहौल खराब करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। जेसीपी ने अधीनस्थों के माध्यम से बुद्धिजीवियों से आग्रह किया कि शहर में शांति-व्यवस्था बरकार रखने के लिए अपना योगदान दें। किसी भी भ्रामक तथ्यों पर अपना ध्यान केंद्रित न करें। यदि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह फैलाता हुआ पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी।

कोमा में गई महिला की मौत, 15 .48 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कानपुर देहात के एक अस्पताल में बरती गई लापरवाही
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपील खारिज कर बढ़ाई राशि

अमृत विचार : कानपुर देहात के एक अस्पताल में दोबारा ऑपरेशन करने से एक महिला कोमा में चली गई और चिकित्सक की लापरवाही से उसकी मौत हो गई। बच्चे छोटे होने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक व अस्पताल पर लाखों रुपये हर्जाना लगाया था। इसके विरोध में राज्य उपभोक्ता आयोग में की गई अपील खारिज कर दी गई।

कानपुर देहात के थाना डेरापुर बड़ा गांव भिक्खी निवासी अरुण कुमार ने 2003 में पत्नी मीरा का पुष्पेय हास्पिटल गांधी नगर अकबरपुर में गाल ब्लैडर में स्टोन होने पर भर्ती कराया था। डा. अनिल सिंह (सर्जन) सिविल लाइन्स कानपुर नगर ने ऑपरेशन किया, लेकिन आराम न मिलने पर दोबारा ऑपरेशन किया। इससे मीरा कोमा में चली गई और स्टाफ ने कानपुर नगर के तुलसी हास्पिटल में भर्ती करा दिया। वहां दो दिन बाद मौत हो गई। पोस्टमार्टम में सेप्टीसीमिया से मृत्यु होने की पुष्टि हुई। यह जानलेवा है जो ऑपरेशन थिएटर में वायरस, बैक्टीरिया व पेथोजेन से मुक्त न होने पर होता है। इस लापरवाही पर जिला उपभोक्ता आयोग में डॉ. अनिल व पुष्पेय अस्पताल पर वाद दायर किया था। आयोग ने दोबारा ऑपरेशन करने का कारण पूछा तो चिकित्सक नहीं बता पाए। इस पर मानसिक पीड़ा, वाद व अस्पताल व्यय, बच्चों के मातृत्व सुख से वंचित होने पर अस्पताल व चिकित्सक पर कुल 2,05,000 रुपये हर्जाना लगाया था। इसके विरोध में पुष्पेय हास्पिटल ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील थी। जो प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने खारिज कर जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश बरकरार रखा। साथ ही, अरुण की मांग पर क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाकर कुल 4.40 लाख रुपये कर दी। जो ब्याज समेत दोनों को 30 दिन के अंदर 15.48 लाख रुपये अदा करनी होगी।

इलाहाबाद बैंक के अधिकारी समेत पांच को कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बैंक को करोड़ों रुपये की चपत लगाने का आरोप

अमृत विचार: साजिश के तहत बैंक को करोड़ों रुपये की चपत लगाने के आरोपी इलाहाबाद बैंक, कानपुर के तत्कालीन अधिकारी राधा रमन बाजपेयी, तत्कालीन विशेष सहायक गोपीनाथ टंडन समेत पांच को दोषी ठहराते हुए, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने सजा और जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट ने राधारमण बाजपेयी को सात साल की कठोर कैद और दो लाख रुपये जुर्माना, रिकेश कुमार शुक्ला को पांच साल की कठोर कैद और एक लाख पचास हजार का जुर्माना तथा गोपीनाथ टंडन, संजय सोमानी और दीपक सोमानी को तीन-तीन साल के कठोर कारावास व एक-एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

कोर्ट में सीबीआई की ओर से बताया कि सीबीआई ने 29 अप्रैल 1994 को मामला दर्ज किया था। रिपोर्ट में राधारमण बाजपेयी, गोपीनाथ टंडन, संजय सोमानी, रिकेश कुमार शुक्ला और दीपक सोमानी को आरोपी बनाया गया था। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया था कि आरोपी संजय सोमानी ने अन्य आरोपीयो के साथ षड्यंत्र रचा और धोखाधड़ी करके 27 मार्च 1992 से 16 जनवरी 1994 के बीच कानपुर के फीलखाना स्थित इलाहाबाद बैंक से 22 करोड़ 70 लाख प्राप्त किया और सारा पैसा हड़प लिया। सीबीआई ने विवेचना के बाद आरोपीयो के खिलाफ 29 मई 1998 को कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी।

यूको बैंक के अधिकारी को भी कारावास

लखनऊ। एक अन्य मामले में दो साल के भीतर करेंसी चेस्ट में धन निकासी का ग़लत प्रेषण भेज कर करोड़ों रुपये हड़पने के आरोपी कानपुर के हेल्सी रोड स्थित यूको बैंक के तत्काली सहायक शाखा प्रबंधक केके मेहता और प्राइवेट व्यक्ति सुनील कुमार अग्रवाल को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने दंडित किया है। कोर्ट ने केके मेहता को पांच साल के कठोर कारावास और एक लाख साठ हज़ार रुपये के जुर्माने जबकि सुनील कुमार अग्रवाल को तीन साल की कैद और बीस हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट में सीबीआई की ओर से कहा गया कि सीबीआई ने शिकायत मिलने पर 28 सितंबर 2005 को यूको बैंक हेल्सी रोड कानपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बताया गया कि रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोप लगाया गया था कि बैंक के कर्मचारियों और अधिकारियों ने अप्रैल 2003 से अप्रैल 2005 के बीच आर्मापुर स्थित करेंसी चेस्ट को धन निकासी के लिए गलत प्रेषण (रिमिटेंसेज) दिखाए और इन दो सालो में कुल एक करोड़ 58 लाख रुपये गलत तरीके से प्राप्त करके ग़बन किया और बैंक को नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद विवेचना की और आरोपी तत्कालीन सहायक प्रबंधक केके मेहता समेत अन्य के खिलाफ 30 मार्च 2007 को कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी।

व्यापारियों का संकल्प, डालेंगे वोट, करेंगे प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आदर्श व्यापार मंडल ने शुरू किया मतदाता जागरूकता अभियान
- मशाल जुलूस, पैदल मार्च, जनसंपर्क, मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

जागरूकता अभियान के दौरान अनिवार्य मतदान का संकल्प लेते व्यापारी। अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने गुरुवार से "मतदाता जागरूकता अभियान" की शुरुआत की। अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पर संगठन प्रमुख संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। कारोबारियों ने न केवल खुद वोट देने बल्कि दूसरों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने अयोध्या रोड की दुकानों पर पदयात्रा निकाल जनसंपर्क किया। व्यापारियों को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए जागरूक किया।

संगठन अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि कोशिश है कि संगठन के लोग व्यापारियों को प्रेरित कर चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इससे लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े। इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत पदयात्रा, मशाल जुलूस, पैदल मार्च निकाल जागो मतदाता डालो वोट की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी।

संकल्प लेने वालों में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, श्याम सुंदर अग्रवाल ,अमिताभ श्रीवास्तव ,कमल अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल ,सुभाष कुमार, राजेश गुप्ता ,सुमित सिंह, कृष्ण वीर सिंह ,बंटू ,दीपक चौहान, अनिला अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल थे।

सचिवालय के 12 रिटायर्ड कर्मियों को लाभ से संबंधित आदेश वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने कर्मियों को दिया स्मृति चिन्ह

अमृत विचार : राज्य सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 12 कार्मिकों को गुरुवार को लोकभवन में उनके सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने भगवत गीता के श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे शरीर का धर्म कर्म है। जब तक हम कर्म करेंगे, हमारा शरीर चलता रहेगा। जिस दिन हम कर्म से मुक्त हो जायेंगे, उस दिन शरीर से मुक्त हो जाएंगे।

उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद वह सभी बंधनों से मुक्त हो गए हैं। नई ऊर्जा व उत्साह के साथ अपने अनुभवों का इस्तेमाल गांव, शहर, प्रदेश और देश में समाज की बेहतरी के लिए करें। आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। लोगों को योग सिखायें, अध्यात्म सिखायें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

उच्च प्राथमिक विद्यालय के निर्माण का कार्य समय से पूरा कराएं: आनंदीबेन

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सुधारों के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के निर्माण कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी, मेज, बेंच, कम्प्यूटर कक्ष, कम्प्यूटर सेट, स्मार्ट क्लास, खेल के सामान और भोजन सामग्री के लिए स्टोर रूम, पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय, खेल का मैदान, प्रार्थना सभा का स्थान जैसी स्कूल के लिए आवश्यक तमाम व्यवस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल की सभी व्यवस्थाएं आधुनिकतम बनाई जाएं, जिससे बच्चे आधुनिक सुविधा सम्पन्न स्कूल का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल में राजभवन के बाहर से प्रवेश लेने के इच्छुक सभी बच्चों को प्रवेश दिया जाए। उन्होंने स्कूल में प्रवेश पाए सभी बच्चों को मॉडर्न शिक्षा से लाभान्वित करने की व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

पोलिंग स्टेशन घटे फिर भी पुलिस बल बढ़ाया

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : होने वाले लोकसभा चुनाव में कुल 15 करोड़ 34 लाख मतदाताओं के लिए एक करोड़ 62 हजार 41 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के सापेक्ष, पोलिंग स्टेशन कम कर दिये गए हैं, बावजूद इस बार पुलिस बल, पिछले चुनाव से बहुत ज्यादा लगाया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए 7 लाख 15 हजार कर्मियों की आवश्यकता होगी। 2019 में कर्मियों की संख्या सात लाख 20 हजार थी। इस बार पोलिंग स्टेशन कम होने से कर्मियों की संख्या भी कम हो गई है। मगर, सुरक्षा के लिए चार लाख 15 हजार पुलिस कर्मियों को लगाया जायेगा, साथ ही सीआरपीएफ की 839 कंपनी सक्रिय रहेंगी। जबकि 2019 में तीन लाख 65 हजार पुलिस कर्मी और सीआरपीएफ की 252 कंपनियां तैनात थी। इसके अलावा तीन लाख होमगार्ड तैनात रहेंगे, जोकि पिछली बार से 80 हजार कम हैं। पोलिंग स्टेशन कम होने की वजह से पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए 35 हजार 910 वाहन की आवश्यकता पड़ेगी, जबकि 2019 में 38 हजार 287 वाहन लगाए गए थे। अर्थात बूथ कम होने की वजह से वाहनों की संख्या भी कम होगी।

जनता की समस्याओं से निपटने में सरकार विफल : भाकपा

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों केन्द्रीय प्रभारी डॉ. गिरीश एवं भाकपा के सचिव अरविन्द राज स्वरुप ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से निपटने में सरकार पूरी तरह असफल रही है। भाजपा सरकार के 9 वर्षों के शासनकाल में देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, दलितों और आम आदमी की दिक्कतों में इजाफा हुआ है। किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा वायदा करने के बावजूद नहीं दिया जा रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान दिन प्रतिदिन मंहगा होता जा रहा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए उसे परास्त करने के उद्देश्य से भाकपा ने लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है।

महिला ग्राम प्रधान पर ताना तमंचा

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली में एक महिला ग्राम प्रधान ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। महिला ग्राम प्रधान पर तमंचा तान उसे जान से मारने की धमकी दी। मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत जबरौली निवासी ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी बुधवार शाम करीब पांच बजे अपनी कार से मोहनलालगंज जा रही थी। गौतमखेड़ा गांव निवासी अतुल सिंह कार चला रहे थे। आरोप है कि गांव के बाहर अरूण साहू, प्रान्जुल साहू व हर्षित साहू ने उनकी गाड़ी रोक ली। कनपटी पर असलहा तान प्रधानी से इस्तीफा देने की बात कहकर जान से मारने से की धमकी दी। महिला ग्राम प्रधान ने सम्बन्धित थाने में तहरीर देते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल में लिखित शिकायत की।

रंजिश के चलते युवक को पीटा, पथराव

अमृत विचार, लखनऊ : नाका के राजेन्द्र नगर में रंजिश के चलते गैर समुदाय के दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। परिजन मौके पर पहुंचे, तब दूसरे पक्ष से करीब दो दर्जन लोगों ने पीड़ित व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर पथराव कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जा रही हैं। नाका थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर निवासी आकाश (17) ने बताया कि होली के दिन घर से कुछ दूरी पर वह डीजे पर डांस कर रहा था। जहां पर पहले से खड़े सफीक के शरीर में उसका कंधा छू गया।

आज खुला रहेगा आरटीओ कार्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : वित्तीय वर्ष 2023-2024 के खत्म होने में मात्र दो दिन शेष हैं। ऐसे में राजस्व हित में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय शुक्रवार को खुला रहेगा। इस दिन केवल कर संबंधी कार्य होंगे। यह जानकारी एआरटीओ प्रशासन एके द्विवेदी ने गुरुवार को दी।

बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की रामकथा 5 अप्रैल से

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण मंच के तत्वावधान में वृन्दावन योजना रायबरेली रोड स्थित डिफेन्स एक्सपो मैदान में आगामी पांच अप्रैल से रामकथा का आयोजन किया जाएगा।

पीओएस मशीन से यूजर चार्ज की वसूली बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूजर चार्ज वसूली में नगर निगम और कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारियों की मिलीभगत से नगर निगम को लाखों रुपये की चपत लगाई जा रही है। जिस पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन से यूजर चार्ज की वसूली की जानी है उसे कर्मचारियों ने बंद कर रखा है। वसूली में खेल कर रहे कर्मचारी अपने अधिकारियों के फोन भी नहीं उठा रहे। भवन स्वामियों से यूजर चार्ज की वसूली तो करते हैं, लेकिन नगर निगम में जमा नहीं कर रहे। यूजर चार्ज वसूली का पैसा जमा न होने से नगर निगम को रोज लगभग 25 लाख रुपये की चपत लग रही है।

बीते दिनों जोन चार और सात में फर्जी रसीद से यूजर चार्ज वसूली की शिकायत जांच में सही पाये जाने पर नगर निगम ने कार्यदायी संस्था के कर्मचारी सहित एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर कराई थी। इस फर्जीवाड़े से बचने के लिए नगर निगम ने कर्मचारियों को यूजर चार्ज वसूलने के लिए पीओएस मशीन उपलब्ध कराई हैं। लेकिन अधिकांश वार्ड में कर्मचारी इनका इस्तेमाल न करके कैश ले रहे हैं। वहीं, नगर आयुक्त इन्द्रजीत ने इस बात की जानकारी होने से इनकार किया है।

करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर पुलिस ने मेसर्स रेडियंट बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपति बेचने वाले कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने जमीन बेचकर करीब दो करोड़ रुपये हड़पे थे। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पुलिस ने आशियाना के रुचिखंड निवासी रोहित श्रीवास्तव को गिरफ्त में लिया है। रोहित मेसर्स रेडियंट बिल्डकॉन कंपनी में काम करता था। पांच माह पूर्व जालसाज ने कंपनी की चंडीगढ़ मरीना हाईट्स परियोजना से संबंधित मूल दस्तावेज व मुहरें चुरा ली थी। इसके बाद द बोर्ड रिज्योलूशन मीटिंग का जाली दस्तावेज तैयार कर परियोजना के भूखंड व फ्लैट बेच कर दो करोड़ रुपये हड़पे थे।

1 अप्रैल को मूर्ख दिवस कहा तो संगठन देगा जवाब : बंसल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय बैठक में लिया गया निर्णय

अमृत विचारः अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिन को भव्यता के साथ सभी जिलों में मनाया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले दिन को मूर्ख दिवस या अप्रैल फूल बनाने से जोड़ा गया तो संगठन और उसके पदाधिकारी उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि हमारे देश में जब नई फसलें तैयार होती हैं और प्रकृति नया रूप रंग लेती है तब नव वर्ष शुरू होता है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नए वर्ष की शुरुआत होती है। इसे देखते हुए संगठन ने यह निर्णय लिया है कि जिन जिलों में संगठन की इकाई है वहां इसे भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिन के रूप में मनाया जाए और भव्य आयोजन किए जाएं। बैठक में वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन ने कार्यवृत्त प्रस्तुत किया और कहा कि पिछले डेढ़ महीने में 6 क्षेत्रीय बैठकर संगठन आयोजित कर चुका है जिसमें 20 जनपद के पदाधिकारी निष्क्रिय पाए गए हैं। इन जिलों को सक्रिय करने के लिए प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, अनुपम अग्रवाल, उपेंद्रनाथ त्रिपाठी, विपिन गुप्ता, संदीप बंसल, संजय मित्तल, अनिल गुप्ता और राजीव दुबे को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छबलानी, मनीष अग्रवाल, जावेद बेग, वेद रतन श्रीवास्तव, अनुज गौतम, संजय निधि अग्रवाल शामिल रहे।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए कांग्रेसियों ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के लिए 11 व मोहनलालगंज के लिए 8 सदस्यीय समन्वय समिति बनायी गई

प्रेसवार्ता को संबोधित करते लखनऊ से लोकसभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, साथ में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी। अमृत विचार

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी तथा समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ एवं मोहनलाल गंज लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है। चुनाव को गंभीरता से देखते हुए इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने के लिए संगठन एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ ही लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए दोनों लोकसभा क्षेत्रों में कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। जिसके तहत लखनऊ लोकसभा चुनाव के कंट्रोल रूम का प्रभारी पूर्व पार्षद केके शुक्ला एवं मोहनलाल गंज लोकसभा का रितु अग्रवाल को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि लखनऊ लोकसभा के प्रभारी के रूप में पूर्व प्रदेश सचिव बृजेश सिंह एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष बोध लाल शुक्ला को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मोहनलालगंज लोकसभा के लिए पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष गौरव चौधरी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सिराज वली खान को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही विधानसभा स्तर पर भी कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके अन्तर्गत लखनऊ पश्चिम से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शहाना सिद्दीकी एवं जेपी मिश्रा, लखनऊ उत्तर विधानसभा में अमित त्यागी एवं आरबी सिंह, लखनऊ पूर्व विधानसभा में आशुतोष मिश्रा एवं नसीम खान, लखनऊ मध्य विधानसभा में राजेश जायसवाल एवं योगेश्वर सिंह तथा लखनऊ कैन्ट विधानसभा में अंकित तिवारी एवं संजय श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मोहनलाल लोकसभा के अन्तर्गत मलिहाबाद विधानसभा में पूर्व विधायक इंदल रावत एवं मो. रेहान खान, बक्शी का तालाब विधानसभा में रामपाल यादव एवं प्रज्ञा सिंह, सरोजनीनगर विधानसभा में रुद्रदमन सिंह एवं महीप सिंह तथा मोहनलालगंज विधानसभा में नरेन्द्र गौतम एवं मान सिंह मानू को विधानसभा स्तर पर प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही लखनऊ लोकसभा के लिए 11 सदस्यों की समन्वय समिति एवं मोहनलालगंज लोकसभा के लिए 8 सदस्यीय समन्वय समिति भी बनाई गई है। जो पूरे चुनाव में एक दूसरे से सम्पर्क स्थापित कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

रामनवमी पर अयोध्या पहुंचेंगे 50 लाख श्रद्धालु

त्योहार

▸▸ मुख्य सचिव और डीजीपी के सामने अफसरों ने पेश किया तैयारियों का खाका

अयोध्या कार्यालय

रामकथा पार्क से बाहर निकलते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों ने बैठक में दिए।

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीराम नवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। 17 अप्रैल को भव्य और दिव्य मंदिर में पहली रामनवमी मनाई जाएगी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए कई दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मे किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ राम नवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कराने के लिए दोनो अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर, कमिश्नर गौरव दयाल, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर व अन्य अधिकारियों के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

किशोरी के अपहरण में युवक को 5 साल की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करने वाले युवक को कोर्ट ने पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उसे 50 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमर सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा व पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि घटना 21 अगस्त 2019 की है। कैंट थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहने वाली फौजी की पुत्री को थाना कैंट का सहादतगंज निवासी अश्वनी कुमार उसके घर से जबरदस्ती ले गया। मऊ शिवाला में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। इसके पूर्व भी आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। अपहरण के मामले में कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपहरण और पाक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

सार-संक्षेप

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार : हरदी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात करीब आठ बजे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक बालक भी शामिल है जबकि उसकी मां हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर के मजरा चमारनपुरवा गांव निवासी सुरेश का विवाह खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकैना के मजरा कोठार में हुआ है। सुरेश इस समय मुंबई में काम करता है। होली पर सुरेश की पत्नी मायके नहीं जा सकी थी। गुरुवार सुबह प्रीति देवी उर्फ सुमित्रा पत्नी सुरेश, अपने बेटे अंकित (6), चाचा आशाराम पुत्र छब्बर और परिवार के ही गंगाराम पुत्र लाखन, बेटी सजनी और ससुर मालती के साथ दो बाइकों से मायके बकैना गांव के लिए रवाना हुए। एक बाइक पर आशाराम, गंगाराम, प्रीति और बेटा अंकित सवार थे। सभी लोग हरदी थाना क्षेत्र के राजीचौराहा मार्ग से करीब 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे थे तभी रात लगभग 8 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष वीके सरोज ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ली है। चालक फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

सुलतानपुर में मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : एक माह पहले जयसिंहपुर कोतवाली के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप से हुई लूट के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। बुधवार की रात सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह के निर्देशन में चेकिंग अभियान चलाया था। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला। सूचना पर सक्रिय हुई जयसिंहपुर पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मान सिंह व दूसरे की अखंड प्रताप के रूप में हुई। दोनों ने पेट्रोल पंप के लूट में शामिल होने की बात कबूली है। मान सिंह के दाएं पैर में गोली लगी है। उस पर 15 हजार का इनाम घोषित था।

प्रतापगढ़ में बदलाव की आवाज को मुखर करेंगे : प्रमोद

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल के समर्थन में संयुक्त प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित आइएनडीआईए के प्रत्याशी के समर्थन में गुरुवार को बाबागंज स्थित होटल में संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित की गई। कांग्रेस के राज्यसभा के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी निष्ठा से गठबंधन का धर्म निभाएगी। प्रतापगढ़ में सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल को जिताने के लिए समर्थन ही नहीं संकल्प लेता हूं। उन्होंने लोगों से अपील की कि एक शिक्षाविद् को चुनाव जीताकर देश की संसद में भेजें जिससे प्रतापगढ़ का विकास हो सके। भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बदलाव की सुगबुगाहट है, इसको मुखर कर आंधी में तब्दील करेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि रामपुर खास उनके द्वारा दिए गए सम्मान को ब्याज समेत वापस करेगा। पूर्व एमएलसी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने जनपद की समस्याओं को गिनाया और चुनाव में अपनी प्राथमिकताओं को रखा। प्रेसवार्ता को सपा के पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना, आप के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

एक नजर

इंटरलॉकिंग सड़क बनी ही नहीं और निकाल ली रकम

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत बहलोलपुर में इंटरलॉकिंग सड़क बनी ही नहीं और धन निकासी कर ली गई। शिकायत पर एडीओ पंचायत ने जांच की लेकिन मौके पर सड़क नहीं मिली। इसके बाद भी एडीओ ने सड़क बनाने की झूठी रिपोर्ट लगा दी। विकास खंड हरख के बहलोलपुर ग्राम पंचायत के मजरे पचासी गांव निवासी राहुल वर्मा ने बीडीओ के अलावा ऑनलाइन शिकायत कर आरोप लगाया कि पचासी गांव में खुशीराम के घर से जंग बहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण दिखाया गया है। इसके लिए एक लाख 93 हजार रुपये का भुगतान कर धनराशि भी निकल गई है। एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव जांच करने पहुंचे। आरोप है कि एडीओ ने ग्राम पचासी न जाकर दौलतपुर जाकर जांच की जहां भी खुशीराम व जंग बहादुर नाम के व्यक्ति हैं। जो इंटरलॉकिंग सड़क रामसागर के घर तक लगी है, उसे खुशीराम के घर से जंग बहादुर के घर तक बनी होना दिखा दिया गया। एडीओ राजेंद्र यादव ने बताया कि ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं। यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो फिर से जांच करा सकते हैं।

इरफान केस में चौथी बार टला फैसला, सुनवाई 4 को

कानपुर, अमृत विचार : सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आगजनी मामले में आने वाला फैसला जजमेंट तैयार न होने के कारण गुरुवार को एक बार फिर टल गया। चौथी बार फैसला टला है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने अगली तारीख 4 अप्रैल निर्धारित की है। जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में गुरुवार को फैसला आना था। इससे पहले 14 मार्च, 19 मार्च, 22 मार्च को भी फैसला टल गया था। गुरुवार को इरफान को कड़ी सुरक्षा में महाराजगंज जेल से लाया गया।

प्रयागराज में अतीक का शार्प शूटर बल्ली पंडित गिरफ्तार

खुल्दाबाद के चकिया इलाके में 10 बमों के साथ पकड़ा गया

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : माफिया अतीक के साथ बाली सुधांशु त्रिपाठी उर्फ बल्ली पंडित को प्रयागराज पुलिस ने खुल्दाबाद के चकिया इलाके में झोले में 10 बमों के साथ पकड़ा है। पुलिस को जानकारी मिली की बल्ली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

बल्ली और उसके साथी के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में बालू कारोबारी श्याम पाल शव 20 लाख की रंगदारी मांगने का मुकदमा भी दर्ज कराया था। यह मुकदमा 27 मार्च 2024 को दर्ज किया गया था। करेली के रहने वाले श्याम पाल ने तहरीर में लिखा था कि 20 लाख की रंगदारी मांगी जा रही है। असलहा सटाकर 20 हजार रुपये छीन लिए गए थे जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। राजू पाल और सुधांशु त्रिपाठी उर्फ बल्ली पंडित की अदावत काफी पुरानी थी। 2002 में बल्ली ने विधायक रहे राजू पाल पर बम से हमला किया था। 2005 में रीवा में बल्ली ने राजू पाल पर हमला किया था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक बल्ली ने राजू की कार पर 40 से अधिक गोलियां बरसाई थी। इस हमले में राजू पाल बच गए थे। हमले में रंजीत भी नामजद था जिसमें उसे जेल भेजा गया था।

अतीक के बेटे अली समेत आठ पर मुकदमा दर्ज

प्रयागराज, अमृत विचार : गुरुवार को अतीक के बेटे अली समेत 8 लोगों के खिलाफ 10 लाख की रंगदारी मांगने का मामला संज्ञान में आया है। जिस मामले में पुरामुफ़्ती पुलिस ने अली समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने सबूत जुटाते हुए जांच शुरु कर दी है। इस मामले में पुलिस नैनी जेल में बंद अली से भी पूछताछ करेगी। पुरामुफ़्ती थाना के हटवा गांव के रहने वाले बालू कारोबारी अबू सईद ने पुलिस ने लिखित तहरीर देते हुए बताया है कि हटवा के रहने वाले मुज्जसिर, असाद, आबिद, शारिक व उबैद के साथ अन्य लोगों ने उसे रास्ते में रोककर उससे 10 लाख की रंगदारी मांगी।

बहराइच में दो करोड़ की चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच

सफलता

▸▸ पुलिस और एसएसबी को रुपईडीहा चेकपोस्ट पर जांच के दौरान मिली कामयाबी

अमृत विचार : भारत-नेपाल सीमा पर जांच के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने एक नेपाली महिला को 7.4 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो करोड़ रुपये है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवान आने-जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रूपइडीहा चेक पोस्ट पर गुरुवार को दोपहर में जांच के दौरान एक महिला नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश करने के लिए आ रही थी। एसएसबी और पुलिस ने जांच की तो महिला के पास से सात किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुई। उसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। महिला तस्कर की पहचान सयपुरा बुधा पुत्री मन बहादुर बुधा निवासी वार्ड नं. 9 कोल जिला रुकुम, नेपाल के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर नेपाली महिला को जेल भेज दिया गया है। जांच टीम में पुलिस टीम के उप निरीक्षक विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, सिपाही सन्दीप चौहान, महिला सिपाही नेहा सिंह, प्रिया पांडेय और एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार विश्वास, मुख्य आरक्षी विक्रम कुमार राय, सुनील कुमार, परमार जयदेव, नरेश नेहरा, महिला जवान रोशनी बेन, प्रीति कौर, निशा यादव, अर्चना आदि थे।

केडी सिंह बाबू को मिले देश का सर्वोच्च सम्मान : गोप

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

गांधी भवन में केडी सिंह बाबू के चित्र पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप।

अमृत विचार : हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी एवं पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान पद्मश्री कुंवर दिग्विजय सिंह (केडी सिंह बाबू) को भारतरत्न दिए जाने की मांग उठने लगी है। भाजपा नेता संतोष सिंह व तमाम जनप्रतिनिधियों की मांग पर केडी सिंह बाबू की हवेली को संग्रहालय बनाने पर मुहर पहले ही लग चुकी है। गुरुवार को स्थानीय गांधी भवन में उनकी 46वीं पुण्यतिथि केडी सिंह बाबू जन्मशताब्दी समिति द्वारा मनाई गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्र सरकार से उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की जोरदार मांग उठी।

समिति के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने केडी सिंह बाबू को आधुनिक हॉकी का जनक और सामाजिक न्याय एवं समाज का अगुआ बताया। उन्होंने कहा कि केडी सिंह हॉकी के बड़े खिलाड़ी थे। खेल जगत में उन्होंने जिले को विश्वस्तरीय जो सम्मान दिलाया उसके लिए जिले का हर एक नागरिक ऋणी है। कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने कहा कि केडी सिंह बाबू के व्यक्तित्व में बहुत खूबियां थीं। उन्होंने भारत को खेल मानचित्र पर पहचान दिलाई। सभा की अध्यक्षता सलाहउद्दीन किदवई ने की। इस मौके पर विनय, मृत्युंजय, शिवशंकर समेत कई लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-23

बाएं से दाएं

1. 1. ठाकुर होने की अवस्था
3. ऐसा सूक्ष्म जीव जो कपड़ों और बालों में अक्सर पाया जाता है, जूं।
7. अभिमानी, अभिमान करने वाला व्यक्ति घमंडी।
8. मेंढक, दर्दुर।
9. 1. अंगीकार करना, अपना बनाना, ग्रहण करना, स्वीकार कर लेना 2. गले लगाना 3. अपने अधिकार या वश में करना 4. किसी को अपनी शरण में लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. फूलों से भरी हुई अंजली, पुष्पांजलि 2. पूजा में पुष्प अर्पण करने की विधि।
4. याचक को मनचाही चीज़ देकर निहाल कर देने वाला।
5. अत्यंत बलशालिनी।
6. 1. आकर्षक स्त्री, सुंदरी 2. गौतम बुद्ध की एक शक्ति।



वर्ग पहेली -22 का हल

			1 गु			2 अ
3 भं	डा	फो	ड़			प
ग			गु			नी
ड़		4 थो	ड़ा	ब	5 हु	त
	6 पं		ना		जू	
	च			7 सु	री	ला
8 ब	म	भो	ला			

स्क्रैप बिक्री में उत्तर रेलवे ने बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली

उपलब्धि

▸▸ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ किए अर्जित : महाप्रबंधक

शोभन चौधुरी।

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपये अर्जित किए जो उत्तर रेलवे की सालाना बिक्री लक्ष्य 500 करोड़ से अधिक है। इस प्रकार उत्तर रेलवे ने स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेलवे की सभी क्षेत्रीय रेलों व उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पाया है। उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष में 100 करोड़, 200, 300 व 400 करोड़ स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया था। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किए जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार आदि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी बिक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है।

उत्तर रेलवे ने स्टॉफ क्वाटरों, केबिनों, शैडों, वॉटर टैंकों आदि परित्यकृत ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है। इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है, बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती हैं। इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है और इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है। उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप, पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है, ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

संतकबीर नगर में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

संतकबीर नगर, अमृत विचार : भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रेम नरायन सिंह के इस्तीफे का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर इस्तीफे की घोषणा करते हुए जिला उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने बताया कि विकास का कोई काम कराना तो दूर, सांसद प्रवीण निषाद भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पहचानते तक नहीं हैं। ऐसे व्यक्ति को पार्टी ने बिना कार्यकर्ताओं से सलाह लिए प्रत्याशी घोषित कर कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ दिया है।

सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			2		8			3
6		8			1			
	7		6					1
		6			4	5		
	9						7	
		1	8			3		
4			3		2		9	
						6		2
3			9		7			

सुडोकू -101 का हल

1	5	6	7	9	4	2	3	8
8	4	7	1	2	3	6	9	5
9	3	2	8	5	6	4	1	7
6	9	8	5	3	1	7	2	4
4	2	3	6	7	9	5	8	1
7	1	5	4	8	2	3	6	9
2	6	4	9	1	5	8	7	3
5	8	1	3	6	7	9	4	2
3	7	9	2	4	8	1	5	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 20.20 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 20.36 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बॉस से प्रशंसा मिल सकती है।

वृष — आज विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मिथुन — आज ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

कर्क — आज स्वास्थ्य के लिए आपको सावधान रहना चाहिए। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकता है।

सिंह — आज व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिंतकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल संभावना है। आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण आवश्यक है। अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

तुला — आज प्रियजनों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

वृश्चिक — आज किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिए। आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखें।

धनु — आज वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।

मकर — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिए। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।

कुंभ — आज व्यापार के लिए यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है।

मीन — आज किसी के प्रति में गलत विचार न लाएं। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नवीनता आएगी। बैंकिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
विरासत — सुबह : 10.44
वीरगति — रात : 07.00

&pictures
हसीना मान जाएगी — सुबह : 11.09
बंगाल टाइगर — शाम : 05.23

SONY PIX
एक्वामैन — सुबह : 09.33
व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
जब हैरी मेट सेजल — दोपहर : 12.00
गदर — रात : 08.05

colors CINEPLEX
भागम भाग — सुबह : 08.05
भेड़िया — रात : 07.02

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी-साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी-लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है!
भिखारी-मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी-नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई।
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तु मम्मी से बोल दे कि, वो मुझे भूल जाएं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नारुन्तुद : स्यान्न नृशंसवादी न हीनत : परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करें, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोलें।

संपादकीय

वैश्विक चुनौती

दुनिया एक ओर बढ़ी हुई खाद्य मांग को पूरा करने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रही है, वहीं 78 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। भोजन बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। खाद्य हानि और बर्बादी को खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में पहचाना जाता है। पोषण संबंधी असुरक्षा के संदर्भ में खाद्य बर्बादी एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे मानव उपभोग के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि एक तरफ, एक-तिहाई मानव आबादी, खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है, वहीं हर दिन, एक अरब आहार खुराकों के समतुल्य खाद्य सामग्री बर्बाद हो जाती है। इस वजह से ना केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण की चुनौतियां भी गहरी हो जाती हैं। यूएन एजेंसी की 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक' रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग एक अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। औसतन, हर व्यक्ति एक वर्ष में 79 किलोग्राम भोजन की बर्बादी के लिए जिम्मेदार है। यह विश्व में भूख से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए हर दिन 1.3 आहार खुराकों के समतुल्य है। भोजन बर्बादी की चुनौती महज संपन्न देशों तक सीमित नहीं है और इस विषय में धनी व निर्धन देशों के बीच की दूरी कम हो रही है।

भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम या 68.76 मिलियन टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में उत्पादित भोजन का एक तिहाई हिस्सा खाने से पहले ही बर्बाद या खराब हो जाता है। यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग न केवल जानबूझकर भोजन बर्बाद करते हैं, बल्कि उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं चलता है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि खाद्य बर्बादी के स्तर और औसत तापमान में सीधा संबंध है। गर्म जलवायु वाले देशों में घर-परिवारों में प्रति व्यक्ति ज्यादा मात्रा में भोजन बर्बाद होता है, चूंकि वहां ताजा भोजन खाने की प्रवृत्ति है और खाद्य संरक्षण के लिए शीतलन उपकरण का अभाव हो सकता है। भोजन हानि और बर्बादी, 10 प्रतिशत वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। भोजन की बर्बादी एक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट है जिस पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में काम करना चाहिए। अच्छा खाना हर नागरिक का जितना अधिकार है, उतना ही हमारी जिम्मेदारी भी है कि इसे बर्बाद न करें।

वर्षा जल संचयन के साधनों को रखना होगा जीवंत

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुखद है कि बरसात की हर बूंद को सारे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए।

इस बार भी अनुमान है कि मानसून की कृपा देश पर बनी रहेगी, ऐसा बीते दो साल से हुआ, उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। जानना जरूरी है कि नदी-तालाब-बावड़ी-जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं, ये केवल जल को सहेज रखने के खजाने हैं, जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल बारिश का अनयिमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 प्रतिशत बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। असल में इस बात को लोग नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो समाज पर इसके असर को गौण किया जा सकता है।

जरा देश की जल-कुंडली भी बांच ली जाए। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं व जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है, जो कि दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत ज्यादा है। यह बात दीगर है कि हमारे यहां बरसने वाले कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। शेष पानी नालियों-नदियों से होते हुए समुद्र में जाकर मिल जाता है और बेकार हो जाता है। जाहिर है कि बारिश का जितना हल्ला होता है, उतना उसका असर पड़ना चाहिए। हां, एक बात सही है कि कम बारिश में भी उग आने वाले मोटे

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल सालों-साल कम हुआ है, वहीं ज्यादा पानी मांगने वाले सोयाबीन व अन्य केश क्राप ने खेतों में अपना स्थान बढ़ाया है। इसके चलते बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। तभी थोड़ा भी कम पानी बरसने पर किसान रोता दिखता है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है, जबकि सभी नदियों को सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारतीय नदियों के मार्ग से हर साल 1645 घन किलोलीटर पानी बहता है, जो सारी दुनिया की कुल नदियों का 4.445 प्रतिशत है।

देश के उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का अस्सी फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है, दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत का है। जाहिर है कि शेष आठ महीनों में पानी की जुगाड़ न तो बारिश से होती है और न ही नदियों से। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमे स्वीकार करते हैं। सनद रहे बिहार में पानी के लिए हत्या का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है। अभी कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि कई-कई धाराओं में बहती थीं, जो आज नदारद हैं। झारखंड के हालात कुछ अलग नहीं हैं, यहां भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में तो दर्ज हैं, लेकिन उनकी चिंता किसी को नहीं। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते ही देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियों को नाला तो बना ही दिया है। यहां चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूमि जैसे घने जंगल वाले जिलों में कुछ ही सालों में सात से 12 तक नदियों की जल धारा मर गई।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बचकर, पारंपरिक जल स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी आदि के हालात सुधारकर, एक महीने की बारिश के साथ सालभर के पानी की कमी से जूझने की रही है।

अब कस्बाई लोग बीस रुपए में एक लीटर पानी खरीदकर पीने में संकोच नहीं करते हैं तो समाज का बड़ा वर्ग पानी के अभाव में कई बार शौच व स्नान से भी वंचित रह जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं, उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है।

प्रसंगवश

अपनी-अपनी पोथी की व्याख्या

भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के इस्लामिक स्टडीज तथा अरबी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेमिनार था-अकीदत के रंग हिंद तहजीब के संग। मकसद था-इस्लाम पर देशज प्रभाव को रेखांकित करना, लेकिन मकसद तो भटक गया। बात शुरू हुई थी इंडियन इस्लाम से, लेकिन उद्घाटन करने वाले वीसी ने ही चर्चा को इंडियन इस्लाम से मोड़कर इस्लामिक इंडिया बना दिया। अब वहां कुरान के शब्दों को बार-बार दोहराते हुए कहा जा रहा था-यह ईश्वरीय आदेश है। देशज प्रभाव की चर्चा किसको करनी थी? जो भी वक्ता आता, वह प्रकारांतर से इसी सूत्र का विस्तार कर देता। वही एक बात, फिर वही एक बात। एक ही बात को सुनते-सुनते जब थक गया तब मैंने अपने साथ ही बैठने वाले प्रतिभागी प्रोफेसर से (जो कश्मीर से थे) पूछा-ईश्वर केवल अरबी में ही क्यों बोला? या फिर सभी को वह एक ही भाषा सिखा देता। क्यों उसने भिन्न-भिन्न भाषाएं बना दीं? माना कि कुरान ईश्वर वाणी है, किंतु आप यह बताएं कि वेद ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? गीता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? बाइबिल ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? समणसुत्तं ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? अवेस्ता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? गुरु ग्रंथ साहब या त्रिपिटक ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? वे इसका उत्तर मुझसे ही पूछने लगे। चर्चा लंबी थी। 'संसार में प्रत्येक सांस्कृतिक समूह के पास सामूहिक जीवन का नियमन करने के लिए अपना एक ईश्वरी संविधान है, ईश्वरीय वाणी है। बाइबिल हो या कुरान या अवेस्ता या वेद या गुरु ग्रंथ साहब, त्रिपिटक, समणसुत्तं अथवा कोई अन्यः वहां के लोकमानस ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने इन्हें समष्टि विश्वास के साथ ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा दी है, इसलिए ये ईश्वरवाणी हैं। ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा लोकमानस करता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संसार में अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी सभी सांस्कृतिक समूहों के पास है, लेकिन अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी की व्याख्या प्रत्येक युग में होती रही। धर्म संस्थान की आलोचना प्रत्यालोचना निरंतर होती रहती है। ऐसा न होता तो मानव जीवन उस अंधकार युग में ही जी रहा आता। वे प्रोफेसर साहब सहमत तो हुए, किंतु बोले कि- 'मैं अपनी परिस्थिति में यह कह नहीं सकूंगा।'

ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए

समाज और अर्थव्यवस्था की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं, क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं, जो स्थायी, प्रदूषण मुक्त और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है, जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं, जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा, सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा।

करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, जो हमें एक सुरक्षित, स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पैनल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है, जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एवं कुछ बड़े शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

पिछले दिनों भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी।

ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सोशल फोरम

अकर्मण्यता को प्रोत्साहन

हमारे से पहले जेनरेशन के प्रोफेसर, जो हमारे शिक्षक या शिक्षक तुल्य रहे, क्यों जर्नल्स में लिखने और प्रकाशित करने में शिथिल या रुचि कृपण रहे। कुछ एक ने किताबें जरूर लिखीं, पर वे किताबें किसी कक्षा के सिलेबस की सेवा में थीं, न कि विषय की सेवा में। हमारे एक विद्वान शिक्षक ने लिखा है कि उन दिनों (1930) तक जर्नल्स समसामयिक रिसर्च और नए ज्ञान के वाहक हो चुके थे और इस मामले में किताबें पीछे छूट चुकी थीं, किंतु उन महोदय के काम को देखें तो स्पष्ट है कि उन्होंने जर्नल्स में लिखने में कोई रुचि नहीं दिखलाई। क्या वह विभागाध्यक्ष होकर इतने संतृप्त हो गए थे कि कुछ नया करने, लिखने, को नहीं था?

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ध्यातव्य है कि नहीं लिखने वाले अपने विद्यार्थियों को भी लिखने को नहीं कहते। इसका असर कई जेनरेशन तक रह सकता है और अकर्मण्यता को प्रोत्साहित कर सकता है। मुझे ऐसा लगता है कि सदियों की बाबू-साहबी की मातहती और गुलामी ने भारतीय मनोवृत्ति, खासकर कलेक्टिव अनकॉन्सस पर गहरा प्रभाव डाला है। हम जब तक अंडरडॉग रहते हैं, रोते हैं, शिकायत करते हैं, निंदा करते हैं, एकोमोडेट करते हैं, सिमट-सिकुड़ कर जीते हैं, लेकिन हम ज्यों ही बेहतर स्थिति में आते हैं तो वही करने लगते हैं जिसके विरुद्ध हमें शिकायत थी। हम जागीरदार की तरह व्यवहार करने लगते हैं। हमारा व्यवहार उन सामंती आर्किटाइप का हो जाता है। इसीलिए सरकारी नौकरी पाने वालों, एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट पर नियुक्त लोगों, सत्ता से जुड़े लोगों, विभागाध्यक्षों, कुलपतियों आदि का व्यवहार प्रायः बाबू-साहबी हो जाता है। रिसर्च और पढ़ना-लिखना तो उनके काम हैं, जिन्हें मंजिल पानी है। जिन्हें मंजिल मिल गई वे ये छोटे काम क्यों करें?

अगर हम यूरोप और भारत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि यूरोप नवप्रवर्तन, अन्वेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, जोखिम उठाना और उद्यम का लाभार्थी रहा है, लेकिन भारत ने सदियों से देखा है कि उसके सामंत, नौकरशाह, शासक मजे में रहे हैं और बाकी जनता पैरों में लौटती रही है। अतः एक भारतीय जब बेहतर स्थिति में आता है तो अपनी पूर्व पहचान को छिपाना चाहता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

-फेसबुक वॉल से

नैतिक- अनैतिक सत्य भी बदलता है

नैतिकता और चरित्र बस परिस्थिति जन्य होते हैं। काल, भूगोल और परिस्थितियों के अनुसार इनके मायने बदलते रहते हैं। रामायण में एक घटना है कि जब लक्ष्मण को माता सीता की पहचान के लिए उनके कर्ण फूल दिखाए जाते हैं तो वे उन्हें पहचानने से इंकार कर देते हैं कि उन्होंने तो मां सीता का चेहरा कभी देखा ही नहीं, उन्होंने तो सिर्फ उनके चरणों को देखा है, वे उनकी बिछीया पहचान सकते हैं।

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था।

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था। रावण के मरने के बाद उसके भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम की उपस्थिती में मंदोदरी से शादी की थी जो उसकी भाभी थी। आज भी समाज में कई उदाहरण देखने को मिल जाते हैं, जब बड़े भाई की मृत्यु होने पर विधवा भाभी की शादी देवर से करवा दी जाती है।

बड़ी बहन के मरने पर छोटी बहन की शादी उसके जीजा से करवा दी जाती है। समाज ने नारी की मर्जी कब पूछी है? समाज हमेशा बस अपनी मर्जी थोपना जानता है। मुस्लिमों में पुरुष का बहु विवाह जायज है, लेकिन समाज में कई हिंदू पुरुष मिल जाएंगे जिनकी दो-दो पत्नियां हैं। संविधान इसे मान्यता नहीं देता पर समाज इसका विरोध भी नहीं करता। मुस्लिमों में चचेरी, फूफेरी और ममेरी बहन के साथ शादी आम बात है। ऐसा ही दक्षिण भारत के हिंदुओं में भी देखा जाता है, उनको समाज में यह मंजूर है। यह तो छोड़ो मामा और भांजी तक की शादी का रिवाज है। राजस्थान के पाली, बीकानेर और जैसलमेर के कुछ इलाकों में ऐसा नियम है कि किसी शख्स को किसी की पत्नी पसंद आ गई तो वह उसको मिले दहेज से ज्यादा मोल चुका कर उसे अपने साथ रख सकता है, उससे ब्याह कर सकता है, उनके समाज में इस बात का बुरा नही माना जाता है।

पाली जिले के ही एक समाज में लड़कियों के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती हैं, वह भी इसलिए की बड़ी होने पर जिस्मफरोशी कर वह घर चलाएगी और उसके लिए ग्राहक उसका पिता या भाई ही लाता है। यह सामाजिक नियम मुझे जरूर असहज कर देते हैं। भारत में कुछ दिन पहले तक लिव इन रिलेशनशिप और विवाहेत्तर संबंध असंवैधानिक था, होमो और लेस्बियन सेक्सुएलिटी गैर-कानूनी था, मगर अब यही संवैधानिक है। आपको यह मंजूर हो या न हो खुलेआम आप इसका विरोध नहीं कर सकते है। कानून की अवमानना का मामला बन सकता है। यह सामाजिक दोगलेपन की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है कि एक साली आधी घर वाली हो सकती है, लेकिन एक देवर आधा घर वाला नहीं हो सकता है? एक भाभी मां समान हो सकती है, लेकिन एक जीजा पिता समान नहीं हो सकता है और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला समाज भी इस बात पर मजे लेता है।

पुरुष ही निर्णय लेता है और नियम बनाता है। दूसरी तरफ परिवार हो या समाज सबकी इज्जत का ठेका सिर्फ महिलाओं ने ले रखा है। सबकी इज्जत बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं के सिर पर बंधी है और मजे की बात है कि महिलाओं को इसमे खुशी भी मिलती है, गर्व भी महसूस होता है।

अयोध्या : आज के नल-नील

निर्माण और शिल्प कर्म की बात जहां आएगी, वहां सनातनी विचारधारा वाला व्यक्ति रामकालीन नल -नील नामक वानर बंधुओं का नाम बड़े आदर से जरूर स्मरण करेगा, जिन्होंने तत्समय समुद्र पर पुल बांध दिया था। यह पुल यानी रामसेतु एक सच्चाई है जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। कवियों ने मग्न होकर गाया, 'सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह। दे रही अभी दिखाई भग्न मग्न रत्नाकर की वह राह'। इतना ही नहीं, अब तो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' मान चुकी है कि यहां कोई मानव निर्मित पुल था।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया।

आध्यात्मिकता के गहरे रंग देते हुए हम यह भले मान लें कि नल-नील को ऋषि का श्राप की शक्ल में वरदान था कि 'तुम्हारे स्पर्श की वस्तु पानी में डूबेगी नहीं और वहीं स्थिर भी रहेंगी', किंतु वास्तविक धरातल पर वे निश्चय ही बहुत कुशल शिल्पकार यानी इंजीनियर रहे होंगे। लाखों वर्ष पूर्व के इस निर्माण के चिह्न अब तक विद्यमान हैं। कितनी मजबूती थी, कितना कौशल था। हम अगर अपने अतीत पर गर्व करते हैं तो क्या गलत है? हालांकि आज के हमारे नल-नील ऐसा काम कर रहे हैं जिससे सिर लज्जा से झुक जाता है। राम की ही नगरी अयोध्या में हवाई अड्डा बन रहा है। निर्माण भी केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली 'एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' कर रही है। अभी तीन महीना नहीं हुए, दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। खबर आई कि इसके एक भवन की फाल सीलिंग यानी छत के नीचे का हिस्सा गिर गया। संयोग से उस समय वहां नीचे लोग नहीं थे, अतःमौतें नहीं हुईं। प्राधिकरण के निदेशक ने बड़ी बेशर्मी से बयान दे दिया कि इसे फौरन ठीक कर दिया गया है। अब सवाल उठता है कि हम भक्त तो बहुत बड़े हैं। दर्शनार्थी मुफ्त भी ढोए जा रहे हैं, संख्या का प्रचार मीडिया में हो रहा है, लेकिन राष्ट्रीय और सरकारी चरित्र कहां जा रहा है? कैसी सामग्री लगाई गई? कितना भ्रष्टाचार हो रहा है। आदर्श केवल कागजों पर ही हैं क्या? सरकार के तमाम विभागों के प्रतीकों यानी 'लोगो' में गीता के श्लोकांश लिखे हैं, जैसे वायुसेना के लोगो में अंकित है ' नभः स्पृशं दीप्तं' जो गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान के विराट रूप वर्णन का अंश है।

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया। निर्माणकर्ता आधुनिक नल-नीलों ने सोचा होगा कि जब राम का नाम ही इससे हट गया तो अब उनके आदर्श क्यों माने? कमा खा लें।

6 साल की कार्रवाई ने खत्म किया माफिया मुख्तार अंसारी का साम्राज्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कभी पूरे उत्तर भारत को अपने माफिया गठजोड़ से आतंकित रखने वाले मुख्तार अंसारी पर योगी राज भारी पड़ गया। माफिया के खिलाफ अदालतों में प्रभावी पैरवी से एक के बाद एक कई जघन्य अपराधों में उसे सजा मिली। कोर्ट से बाहर भी मुख्तार के माफिया साम्राज्य को तहस-नहस करने की कार्रवाई चलती रही। मुख्तार की अवैध तरीकों से बनाई गई 605 करोड़ से अधिक की संपत्ति को योगी सरकार ने जब्त और ध्वस्त करा दिया।

योगी सरकार की मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रभावी पैरवी का ही नतीजा है कि 15 महीने में माफिया को सात मामलों में सजा सुनाई गई। इसमें उम्रकैद की सजा भी शामिल है। मुख्तार के खिलाफ कुल 65 मामले दर्ज थे। माफिया के नेक्सस को तोड़ने के लिए उसके पूरे गैंग के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसमें उसके 292 सहयोगियों के खिलाफ 160 मामले दर्ज किए गए।

186 सहयोगी गिरफ्तार, 18 ने किया सरेंडर, 5 शूटर ढेर

मुख्तार अंसारी गैंग के186 सहयोगी अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। गैंग के 18 सदस्यों ने सरेंडर कर दिया था। मुख्तार के माफिया नेक्सस को तोड़ने की कार्रवाई में पुलिस ने 175 अवैध हथियारों को भी जब्त किया। अपने नेटवर्क के जोर से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने मुख्तार गैंग पर एनएसए के तहत 6 मामले दर्ज हैं। माफिया के 5 शूटर्स पुलिस मुठभेड़ में ढेर किये जा चुके हैं।

317 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

माफिया के आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने के लिए धारा 14(1) के तहत 317 करोड़ 97 लाख 90 हजार 709 रुपये की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है। 287 करोड़ 56 हजार 810 रुपए की अवैध संपत्ति को कब्जा मुक्त और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। योगी राज में कुल 604 करोड़ 98 लाख 47 हजार 519 रुपए की माफिया की संपत्ति को जब्त, ध्वस्त और कब्जामुक्त कराया जा चुका है। सबसे अहम बात ये कि माफिया के आतंक से चलने वाले ठेका, टेंडर और अवैध व्यवसायों पर भी योगी सरकार ने जबरदस्त चोट पहुंचाई है।

योगी के काफिले पर कराया था बम से हमला

▸▸ राजनीतिक हत्याओं के बाद बजने लगा था मुख्तार का डंका

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी के कुछ आपराधिक कारनामों से उसका डंका न सिर्फ पूर्वांचल में बल्कि पूरे उत्तर भारत में मचने लगा। 2005 में तत्कालीन सांसद और वर्तमान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले पर बम से हमला कराया। भाजपा विधायक नित्यानंद राय और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्याकांड में हाथ होने से मुख्तार की दहशत पूरे उत्तर भारत में छा गई। राजनीतिक सरपरस्ती ने भी मुख्तार को खूब फलने-फूलने का मौका दिया।

गोरखपुर से दंगाग्रस्त मऊ का दौरा करने गए थे योगी

2005 में मऊ दंगे मुख्तार अंसारी ने कराए थे। उस समय तत्कालीन भाजपा सांसद एवं वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के तौर पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ आवाज उठाई थी। मऊ दंगे के दौरान मुख्तार अंसारी खुली जीप में घूम रहा था। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से मऊ दौरा करने के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान योगी के काफिले पर बम से हमला करवा दिया गया। संयोग था कि योगी आदित्यनाथ ने गाड़ी बदल दी थी, नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो जाता।

दिनदहाड़े हुई थी अवधेश राय की हत्या

कांग्रेस नेता अवधेश राय की हत्या तीन अगस्त 1991 को हुई थी। वह वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के लहुराबीर इलाके में भाई वर्तमान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ घर के बाहर खड़े थे। वैन से पहुंचे मुख्तार के गुर्गों ने अवधेश राय को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। अवधेश राय की मौके पर ही मौत हो गई। इस हत्याकांड से पूरे पूर्वांचल में मुख्तार अंसारी की दहशत व्याप्त हो गई।

विधायक समेत सात को गोलियों से भून दिया था

कृष्णानंद राय (फाइल)

मुख्तार अंसारी का अपराध यही नहीं रुका। 29 नवंबर 2005 में मुहम्मदाबाद से भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय सहित सात लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का नेतृत्व कुख्यात अपराधी मुन्ना बजरंगी ने किया था। मुन्ना बजरंगी मुख्तार का शूटर था। विधायक के हत्याकांड के बाद मुख्तार अंसारी का दबदबा बढ़ता गया और देखते ही देखते वह माफिया बन गया।

हजरतगंज पुलिस ने लगाया था गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नब्बे के दशक में जरायम की दुनिया में कदम रखने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी ने अपना सिक्का राजधानी लखनऊ में भी बुलंद किया। वर्ष 1999 में हजरतगंज पुलिस ने मुख्तार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इसके बाद राजधानी के कई थानों में उसके खिलाफ आठ संगीन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास और साजिश रचना व कूटरचना बेशकीमती जमीनों पर हक जताने के आरोप हैं।

वर्ष 1999 में माफिया मुख्तार अंसारी पर हत्या, हत्या का प्रयास व साजिश के आरोप में हजरतगंज कोतवाली में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसी साल कृष्णानगर कोतवाली में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दूसरा मामला दर्ज हुआ। कुछ माह बाद हजरतगंज पुलिस ने गैंगस्टर लगाया। वर्ष 2000 में आलमबाग कोतवाली में चौथा मामला दर्ज हुआ। वर्ष 2002 में हजरतगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की। वर्ष 2003 में सरकारी संपत्ति नष्ट कर जान से मारने धमकी देने के आरोप में आलमबाग कोतवाली में छठा मामला दर्ज किया गया। वर्ष 2004 में कैंट और 2020 में हजरतगंज पुलिस ने जालसाजी, कूटरचना व साजिश का आरोप लगाते हुए 8वां मामला माफिया मुख्तार पर दर्ज किया था।

बेशकीमती जमीनों पर माफिया की थी नजर

राजधानी में माफिया मुख्तार अंसारी के इशारे पर उसके गुर्गे नामी बिल्डर को डरा-धमका बेशकीमती जमीनों पर कब्जा कर लेते थे। अक्टूबर 2023 में आयकर विभाग ने बेनामी संपत्ति एक्ट के तहत मुख्तार की लखनऊ के डालीबाग स्थित दो संपत्तियों को कुर्क किया था। इसके अलावा दिसम्बर 2023 में कैसरबाग कोतवाली पुलिस ने मुख्तार के करीबी एफआई बिल्डर शोएब इकबाल, मोनिस इकबाल, सिराज अहमद और माइकल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

46 वर्ष में 14 हत्या समेत 65 मामले हुए दर्ज

मुख्तार पर 1978 में पहला मामला धमकी देने के आरोप में दर्ज हुआ था

राज्य ब्यूरो लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी के खिलाफ गाजीपुर जिले के सैदपुर थाने में पहली एफआईआर 1978 में धमकी देने के आरोप में दर्ज हुई थी। इसके 8 वर्ष के बाद 1986 में गाजीपुर के मोहम्दाबाद थाने में हत्या की पहली रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मुख्तार का आपराधिक इतिहास लंबा होता ही चला गया।

1988 में कोतवाली क्षेत्र में एक और हत्या तथा वाराणसी के कैंट इलाके में हत्या, बलवा व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद मुख्तार का डंका पूरे पूर्वांचल में बजने लगा। पूर्व की सरकारों ने भी मुख्तार पर खूब हाथ रखा। मुख्तार पर 46 वर्ष में 14 हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई। इतने समय में उस पर कुल 65 मामले दर्ज हो चुके थे। मुख्तार पर सबसे आखिरी एफआईआर गाजीपुर के मरदह थाना में धारा 452, 506 और 120 बी में दर्ज कराई गई थी।

▸▸ गाजीपुर के सैदपुर थाने में लिखा गया पहला मामला

एनएसए, मकोका, टाडा का भी बना आरोपी

मुख्तार पर एफआईआर की फेरहिस्त बहुत लंबी है। उसके खिलाफ दर्ज मामलों में रंगदारी, हत्या के प्रयास, हत्या की साजिश रचने, जालसाजी करने, कूटरचना करने की कार्रवाई हो चुकी है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट, सेवेन सीएलए, फर्जी तरीके से असलहे का लाइसेंस बनवाने का भी आरोप लगा। 2009 में नई दिल्ली में मकोका की कार्रवाई हुई। लूट, आगजनी के अलावा दिल्ली में टाडा एक्ट में कार्रवाई हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ चार बार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई हुई। मुख्तार दंगे का भी आरोपी बनाया गया था।

यूपी पुलिस ने नौ बार लगाया गैंगस्टर

मुख्तार अंसारी के खिलाफ यूपी पुलिस ने 9 बार गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। उसके खिलाफ गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, नई दिल्ली, सोनभद्र, आगरा, लखनऊ, मऊ, आजमगढ़, मोहाली (पंजाब), बाराबंकी और बांदा जिले में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई।

मुख्तार के दबाव में झुके मुलायम सिंह, रद कराया केस

माफिया के दबदबे के चलते जांच करने वाले एसटीएफ के डीएसपी को जाना पड़ा जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी के बाहुबल के आगे तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार भी नतमस्तक रही। माफिया ने मुलायम सिंह पर इतना दबाव बना दिया कि उन्हें उससे जुड़े कई केस रद कराने पड़े। यही नहीं मुख्तार पर एलएमजी का सौदा करने पर पोटा लगाने वाले पुलिस अधिकारी को इस्तीफा देना पड़ा, बाद में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

2004 में पूर्व डीएसपी शैलेंद्र सिंह वाराणसी में एसटीएफ चीफ थे। उनको माफिया मुख्तार अंसारी और बीजेपी नेता कृष्णानंद राय के बीच होने वाले गैंगवार पर नजर रखने के लिए भेजा गया था। शैलेंद्र ने एक इंटरव्यू में बताया था कि "मुख्तार अंसारी और कृष्णानंद राय पर नजर बनाए रखने की जिम्मेदारी एसटीएफ को दी गई थी। ये दोनों पूर्वांचल से आते थे, लेकिन जानी दुश्मन थे। मैं भी पूर्वांचल चंदौली का रहने वाला हूं। ऐसे में मुझे दोनों पर निगरानी रखने के लिए भेजा गया।

2002 में कृष्णानंद राय पांच बार के विधायक रहे मुख्तार अंसारी को हराकर एमएलए बने थे। ये बात उसे रास नहीं आ रही थी। मुख्तार उन्हें अपने रास्ते से हटाना चाहता था। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर गैंगवार होती रहती थी। उन पर नजर रखने के लिए शैलेंद्र सिंह उनके फोन टेप करने लगे। एक दिन मुख्तार अंसारी की फोन पर हुई बातचीत सुनकर वो सन्न रह गए। माफिया किसी से एलएमजी यानी लाइट मशीन गन खरीदने की बात कर रहा था। वो उससे कह रहा था कि किसी भी कीमत पर उसे एलएमजी चाहिए। वो इससे कृष्णानंद राय की हत्या करना चाहता था।



2004 में एक करोड़ में एलएमजी खरीदने का किया था सौदा

मुख्तार ने जनवरी 2004 में कृष्णानंद राय को मारने के लिए सेना की एक लाइट मशीन गन को खरीदने की योजना बनाई। इसके लिए उसने 2004 में आर्मी के एक भगोड़े से चुराई गई लाइट मशीन गन खरीदने की डील की थी। फोन टैपिंग में पता चला कि बाबूलाल मुख्तार से कह रहा था कि मेरे पास सेना से चुराई हुई लाइट मशीन गन है, जो कि राष्ट्रीय राइफल से चुराई गई थी और उसे लेकर आया हूं। यह सौदा लगभग एक करोड़ में तय हो गया था। मुख्तार अंसारी की फोन रिकॉर्डिंग और एलएमजी बरामदगी ने पुलिस टीम का हौसला बढ़ा दिया था। सबको लग रहा था कि अब उसके दिन लद गए, क्योंकि इतने संगीन अपराध में उसे सख्त से सख्त सजा होनी तय थी। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के साथ पोटा भी लगा दिया था, लेकिन तब तक ये बात मुख्तार अंसारी को पता चल गई थी। वो उस समय न सिर्फ बाहुबली नेता था, बल्कि सरकार भी उसके बिना नहीं चल सकती थी। उसने बहुजन समाज पार्टी को तोड़कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाई थी। मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। ऐसे में उसने मुलायम से बोलकर ये केस ही रद करा दिया।

डीएसपी शैलेंद्र सिंह पर बनाया था दबाव

मुलायम सिंह की सरकार में उसकी हनक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने रातोंरात आईजी बनारस, डीआईजी, एसपी सहित एक दर्जन बड़े अधिकारियों के तबादले करा दिए। वाराणसी में मौजूद एसटीएफ की यूनिट को वापस लखनऊ बुला लिया गया। डीएसपी शैलेंद्र सिंह पर इस केस को खत्म करने का दबाव बनाए जाने लगा, लेकिन उनके साथ मुश्किल ये कि उन्होंने केस दर्ज कराया था। अब वो उसे किस तरह से वापस ले। इसके बाद अलग-अलग तरीके से उनको प्रताड़ित किया गया। अधिकारी कहते थे कि मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव उनसे काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि वो खुद मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन मुलायम सिंह ने उनकी सुनी नहीं। दबाव में बीच शैलेंद्र सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उनके खिलाफ कई सारे फर्जी केस दर्ज किए गए। विभागीय जांच बैठा दी गई। शैलेंद्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। योगी सरकार के आने के बाद छह मार्च 2021 को शैलेंद्र सिंह के खिलाफ दर्ज किए गए सभी केस कोर्ट के आदेश के बाद वापस ले लिए गए।

दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तो नाना थे ब्रिगेडियर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी रसूखदार परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वहीं, नाना ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को 1947 की लड़ाई में शहीद होने पर महावीर चक्र प्रदान किया गया था। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी माफिया के रिश्ते के चाचा थे। इतने प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखने के बाद बावजूद मुख्तार ने जरायम की दुनिया में कदम रखा तो मुड़कर पीछे नहीं देखा।

मुख्तार अंसारी का जन्म गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में 3 जून 1963 को हुआ था। उसके पिता का नाम सुबहानउल्लाह अंसारी और मां का नाम बेगम राबिया था। गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिवार की पहचान एक प्रतिष्ठित राजनीतिक खानदान की है। करीब 18 साल से जेल में बंद मुख्तार अंसारी के दादा डॉक्टर मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ काम आजादी की लड़ाई में मुख्य भूमिका निभाई। वह 1926-27 में कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। मुख्तार के पिता सुबहानउल्लाह अंसारी गाजीपुर में अपनी साफ सुधरी छवि के साथ राजनीति में सक्रिय रहे थे। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी रिश्ते में मुख्तार अंसारी के चाचा लगते है।

▸▸ रिश्ते के चाचा थे पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी

परिवार के कई सदस्य चले गये पाकिस्तान

आजादी के बाद जब देश का बंटवारा हुआ तो डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी के परिवार के कई सदस्य पाकिस्तान चले गए। डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी के बेटे सुब्हानउल्लाह अंसारी नामी वामपंथी नेता थे। सुब्हानउल्लाह का निकाह बेगम राबिया के साथ हुआ। दोनों से तीन बेटे हुए। सिबकतुल्लाह अंसारी, अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी। सिबकतुल्लाह अंसारी दो बार विधायक रह चुके हैं। 2012 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर और 2017 में कौमी एकता दल के टिकट पर सिबकतुल्लाह ने चुनाव जीता था। सिबकतुल्लाह का एक बेटा है सुहेब उर्फ मन्नु अंसारी। मन्नु अंसारी समाजवादी पार्टी से मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से विधायक है। दूसरे भाई अफजाल अंसारी पांच बार विधायक रहे हैं। वहीं, दो बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। 1985, 1989, 1991, 1993 और 1996 में लगातार पांच बार सीपीआई के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में सपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की। 2019 में दूसरी बार बसपा के टिकट पर पूर्व केंद्रीय रेलमंत्री व जम्मू के राज्यपाल मनोज सिन्हा को हराकर सांसद बने।

नाना ने दिलाई थी नवशेरा में जीत, मिला था महावीर चक्र

मुख्तार अंसारी के नाना बिग्रेडियर मोहम्मद उस्मान सेना में थे। बिग्रेडियर उस्मान ने 1947 की जंग में भारत को नवशेरा में जीत दिलाई थी। वो इस युद्ध में लड़ते हुए शहीद हो गए थे और उनकी शहादत के बाद ही उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी मुख्तार अंसारी के रिश्तेदार हैं।

बस्ती में घुसा बाघ, ट्रैंक्युलाइज किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) की महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया में गुरुवार सुबह घुसे बाघ को करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैंक्युलाइज कर पकड़ लिया गया। सुबह को बाघ एक मकान के पीछे बांस के पेड़ों के बीच जाकर बैठ गया था। रेस्क्यू के दौरान मौके पर जमा भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस एवं वन विभाग कर्मियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बाघ को पिंजड़े में बंद करके महोफ रेंज ले जाया गया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज से सटे गांवों में पिछले दो-तीन माह से बाघों की दहशत बनी हुई है। गुरुवार सुबह एक बाघ महोफ रेंज से सटे गांव न्यूरिया खुर्द उर्फ शिवपुरिया के समीप जा पहुंचा। बाघ को देख खेतों में काम रहे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद बाघ गांव में एक मकान के पीछे बैठ गया। दहशत में आए ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर जा पहुंचीं। वन विभाग के अधिकारियों ने शासन से बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने की अनुमति ली। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर लिया गया। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। रेस्क्यू के दौरान एएसपी विक्रम दहिया समेत पुलिस के कई अफसर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी प्रभाग के वनाधिकारी मौजूद रहे।

● 6 घंटे बांस के पेड़ों के बीच बैठे बाघ को महोफ रेंज ले जाया गया

आजम की पत्नी और बेटों पर आरोप तय

सरकारी जमीन पर हमसफर रिसॉर्ट बनाने का मामला

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकारी जमीन पर कब्जा कर हमसफर रिजॉर्ट बनाने के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में सुनवाई हुई। जिसमें पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम, आजम खां के बड़े बेटे अदीब आजम और डॉ. तंजीन फात्मा पर आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी।

बता दें कि वर्ष 2019 में हमसफर रिसॉर्ट में सरकारी जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने की थी। जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने जांच और पैमाइश के बाद एक गाटा संख्या की भूमि कूड़े से खाद बनाने वाले गड्ढों के लिए तथा दो गाटा संख्या के भूभागों पर सरकारी रास्ता दर्ज होने की रिपोर्ट की थी। रिपोर्ट के बाद नायब तहसीलदार केजी मिश्रा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने डॉ.तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम खां के खिलाफ सरकारी जमीन कब्जाने के मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही थी। इस मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि रामपुर जेल में बंद डा. तजीन फात्मा, हरदोई जेल में बंद अब्दुल्ला आजम खां, के अलावा आजम खां के बड़े बेटे अदीब खां पर कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी।

▸▸ आठ अप्रैल को होगी अगली सुनवाई, विधायक आकाश सक्सेना ने की थी शिकायत

मैं आपका था, हूं और रहूंगा : वरुण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पीलीभीत संसदीय सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद वरुण गांधी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। हर कोई उनके निर्णय को लेकर कयास लगाने में जुटा है। मगर पर्चा खरीदने के बाद नामांकन न कराने पर यह तो साफ हो गया कि वरुण गांधी ने पार्टी का निर्णय स्वीकार कर लिया। वह भाजपा का चुनाव प्रचार करेंगे या फिर कुछ और फैसला लेंगे? इसे लेकर अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। बहरहाल वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए एक पत्र लिखकर अपने ट्विटर एकाउंट पर साझा किया है। इस पत्र में उन्होंने पीलीभीत से रिश्ता कायम रखने के बारे में लिखा है।

वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए प्रणाम के साथ पत्र की शुरुआत की है। लिखा कि आज यह पत्र लिखते हुए उन्हें अनगिनत यादों ने भावुक कर दिया। मुझे वो तीन साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की उंगली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था। उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्म भूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे। वर्षों तक पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने लिखा कि पीलीभीत वासियों का प्रतिनिधि होना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा और पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई। एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर सही, आजीवन सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरे दरवाजे पीलीभीत वासियों के लिए हमेशा पहले की तरह खुले रहेंगे। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा-भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा। बता दें कि 1989 से लेकर 2019 तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद चुने गए थे। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट दिया है। हालांकि भाजपा ने मेनका गांधी को सुल्तानपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है।

▸▸ भाजपा नेता ने पीलीभीत वासियों के लिए पत्र लिखकर प्रकट कीं भावनाएं



ट्रक ने दुकानदारों को कुचला, दो की मौत

मुजफ्फरनगर : जिले में भवन थाना क्षेत्र के बाजार में एक ट्रक ने सड़क किनारे कुछ दुकानदारों को कुचल दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर बस स्टैंड के पास बाजार क्षेत्र में एक ट्रक अचानक नियंत्रण खो बठा और उसकी चपेट में आने से पटरी दुकानदारों, शफीक और प्रदीप की मौत हो गई। बताया कि हादसे में नौ अन्य घायल हो गए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके अनुसार इस घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। थाना प्रभारी ने कहा किट्रक के चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।

उपलब्धि | जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिक ने इजाद किया विशिष्ट बाइंडर और सॉलिड वेस्ट मोल्डर, पेटेंट भी दाखिल

पर्यावरण के लिए चुनौती 'पराली' अब बनेगी घरों की रौनक

एक्सक्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार: किसानों और पर्यावरण के लिए मुसीबत बनी पराली अब घरों की रौनक बढ़ाएगी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी ने विशिष्ट प्रकार का बाइंडर बनाया है, जिसके पराली और बाइंडर (80:20) मिश्रण को पराली या अन्य फसल अवशेष में मिलाकर पार्टिकल बोर्ड बनाए जा सकते हैं। इससे प्रदूषण पर तो अंकुश लगेगा ही, किसानों को पराली से आय सहित घरों में प्रयोग होने वाले फर्नीचर भी बनाए जा सकेंगे। इस तकनीक को पेटेंट के लिए फाईल किया जा चुका है।

खेती में 70 प्रतिशत से अधिक कृषि अवशेष उत्पादित होते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पराली होता है जो किसानों के लिए समस्या बना है। इसको देखते हुए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. एमजीएच जैदी व सह प्राध्यापक डॉ. समीना महताब के निर्देशन में शोधार्थी मीनाक्षी पांडे व शुभम शर्मा ने नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में वैज्ञानिकों ने पराली व अन्य फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड बनाए हैं। साथ ही बोर्ड बनाने के लिए एक यंत्र भी विकसित किया है, जिसको पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर नाम दिया है। स्क्रैप से बहुत कम कीमत और समय में बने इस यंत्र की लागत लगभगग 20 हजार रुपये है।

पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर।

डॉ.एमजीएच जैदी व शोधार्थी मीनाक्षी पांडे।

यह है तकनीक : पराली में वैक्स की मात्रा अधिक होती है, इसलिए उसे पार्टिकल बोर्ड में तब्दील करने में कठिनाई होती है। जब हार्ड प्रेस किया जाता है, तब वैक्स बाहर निकलता है और पार्टिकल बोर्ड में कोई मजबूती नहीं रह जाती है। डी वैक्स पराली हो या अन्य फसल अवशेष, उनमें 10 से 25 प्रतिशत बाइंडर मिलाकर पार्टिकल बोर्ड व कंपोजिट तैयार किए गए।

ये होंगे लाभ : देश में यदि इस प्रकार की तकनीकों को गांवों में पहुंचा कर यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, तो युवा घरों में ही फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड व स्ट्रक्चरल कंपोजिट बनाकर आय का जरिया बना सकते हैं। ऐसी तकनीकें ईजाद कर रहे शोधार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसमें युवाओं के लिए भी रोजगार सृजन हो सकेगा।

जब अटल ने पदमसेन चौधरी को दिल्ली बुलाकर दिया था टिकट

राजू जायसवाल, बहराइच

पदमसेन चौधरी

अमृत विचार: बहराइच लोकसभा सीट पर सांसद रुद्रसेन चौधरी के निधन के बाद उनके बेटे पदमसेन चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली बुलाकर लोकसभा का टिकट दिया था।

उन्होंने पूर्व मंत्री आरिफ मोहम्मद खान वर्तमान में केरल के राज्यपाल को चुनाव में हराकर जीत दर्ज की थी। कहने को कांग्रेस ने देश में 70 साल राज किया था, लेकिन बहराइच लोकसभा क्षेत्र की जनता ने ज्यादातर भाजपा और उससे जुड़े उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर जीत दिलाई। वर्ष 1977 के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने तीन और भाजपा ने चार बार लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से जीत दर्ज की है। वर्ष 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1996 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सांसद रूद्र सेन चौधरी का निधन हो गया था। 2 मार्च 1996 को उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के पांचवें दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी रुद्रसेन चौधरी के पैतृक आवास मैगला गांव पहुंचे। उन्होंने रुद्रसेन चौधरी के पुत्र पदम सेन चौधरी को कुछ दिन बाद दिल्ली बुला लिया। इसके बाद उन्होंने पदम सिंह चौधरी को बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। वर्तमान में विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी ने बताया कि अटल जी ने सौम्यता के साथ बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्हें टिकट मिला। उन्होंने भाजपा के टिकट पर वर्ष 1996 और फिर वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करते हुए पिता की सीट को बचाए रखा।

मजबूत जड़ व जमीनी पकड़ के नेता थे मित्रसेन

फैजाबाद से तीन बार सांसद और मिल्कीपुर से छह बार चुने गए थे विधायक, निर्दलीय चुनाव लड़कर दी थी मुलायम सिंह को चुनौती

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

अतीत के झरोखे से

अमृत विचार : सन 1977 में फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए खांटी वामपंथी विचारधारा वाले मित्रसेन यादव आगे चलकर जिले की राजनीति में सबसे मजबूत जड़ और जनता में पकड़ वाले नेता साबित हुए। फैजाबाद लोकसभा सीट से तीन दलों से तीन बार सांसद बनने का उनका रिकॉर्ड है। साथ ही वह जिले की मिल्कीपुर विधानसभा से छह बार विधायक भी चुने गए। और तो और वर्ष 1999 में सपा सांसद रहते मुलायम सिंह यादव ने मित्रसेन का टिकट काट दिया तो मित्रसेन यादव ने मुलायम सिंह यादव को खुली चुनौती देकर निर्दल चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी की फैजाबाद सीट पर बुरी तरह से जमानत जब्त करवाई। हालांकि वह खुद भी जीत नहीं पाए।

आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से समय- समय कुल नौ लोग सांसद चुने गए हैं। सन 1957 में पहले सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजाराम मिश्र चुने गए तो वहीं 2019 के आखिरी चुनाव में मौजूदा सांसद लल्लू सिंह विजयी हुए थे। इस सीट पर सर्वाधिक तीन बार तीन दलों से सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड मित्रसेन यादव के नाम है। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने कांग्रेस के निर्मल खत्री को धूल चटाई थी तो वहीं 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपा के तब के कद्दावर सांसद विनय कटियार को परास्त किया था। फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव को बहुजन समाज पार्टी ने टिकट दिया और उन्होंने तब के मौजूदा भाजपा सांसद विनय कटियार को शिकस्त दी थी।

फैजाबाद की सियासी जमीन पर अपने दम और जमीनी पकड़

मित्रसेन यादव

1999 के लोकसभा चुनाव में निर्दल लड़कर मित्रसेन यादव ने साबित किया। दरअसल 1998 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव सपा से सांसद चुने गए थे। सांसद रहते हुए मित्रसेन का टिकट 1999 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने काट दिया और यहां से हीरालाल यादव को टिकट दे दिया। फिर क्या था, मित्रसेन यादव ने न सिर्फ खुली बगावत की बल्कि मुलायम सिंह यादव को चुनौती दे दी कि फैजाबाद में उनके प्रत्याशी की जमानत जब्त करा दूंगा। मित्रसेन यादव निर्दल चुनाव लड़ गए। मुलायम सिंह यादव ने उनके गढ़ मिल्कीपुर में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं कीं लेकिन जब चुनाव का परिणाम आया तो मित्रसेन यादव को 79343 और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हीरालाल यादव को मात्र 85213 वोट हासिल हुए और जमानत बुरी तरह जब्त हो गई।

दरअसल जिले की राजनीति में मित्रसेन यादव की पकड़ अपने जातिगत्व यादव मतदाताओं के साथ-साथ दलित और मुसलमानों में गहरी पैठ थी। वह जिस भी दल से लोकसभा का चुनाव लड़े या विधानसभा का इन जातियों का बहुतायत वोट मित्रसेन के पक्ष में लामबंद हुआ। इसी कूबत पर फैजाबाद संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने जाने का उनका रिकॉर्ड तो है ही, मिल्कीपुर विधानसभा सीट से वह छह बार विधायक चुने गए। और तो और अपनी सियासी जमीन पर अपने बेटे आनंदसेन यादव को जब उन्होंने सियासी मैदान में उतारा तो वह भी तीन बार विधायक अब तक चुने जा चुके हैं। आज की तारीख में रुदौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रामचंद्र यादव को भी पहली बार मिल्कीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़वाकर मित्रसेन ने उन्हें विधायक बनाया था। फैजाबाद संसदीय सीट से मित्रसेन के बाद विनय कटियार भी तीन बार क्रमशः 1991, 1996 व 1999 में सांसद चुने जा चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के रामकृष्ण सिन्हा का 1967 और 1971 में दो बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड है तो वहीं कांग्रेस के निर्मल खत्री क्रमशः 1984 व 2009 में यहां से सांसद चुने गए। भाजपा के लल्लू सिंह हैं जिन्हें 2004 के बाद से भाजपा लगातार इस सीट से टिकट देती रही है।

वह 2004 के चुनाव में मित्रसेन यादव और 2009 के चुनाव में निर्मल खत्री के मुकाबले हारे। लल्लू सिंह 2014 और 2019 में सांसद चुने गए। इस बार फिर 2024 में भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लल्लू सिंह पर दांव लगाया है। अगर वह बाजी मार ले जाते हैं तो यह भाजपा की इस सीट पर हैट्रिक होगी।

ये कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनकी ओर से फार्म-12 डी भरा जाएगा व विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

गढ़ बचायें या सम्मान, चक्रव्यूह में घिरा गांधी परिवार

रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा पर सबकी निगाहें टिकी, घटते जनाधार को लेकर चिंतित हैं दिग्गज

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। पहले दौर के नामांकन के साथ प्रचार-प्रसार भी प्रत्याशी करने लगे हैं। लेकिन सबकी निगाहें कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी की सीट पर लगी हुई है। इन दोनों सीटों पर अभी तक कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को अमेठी से प्रत्याशी बना दिया है। रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस, भाजपा और न ही बसपा की ओर से किसी उम्मीदवार की घोषणा की गई। सबसे अधिक उलझन कांग्रेस की है। वजह, दोनों सीटों को बचाने की चुनौती। भाजपा के चक्रव्यूह में फंसने के कारण ही पिछली बार अमेठी सीट से हाथ धोना पड़ा। इस बार भाजपा रायबरेली पर भी मजबूत दावा पेश कर रही है। राहुल गांधी पहले ही अमेठी से नहीं लड़ने का संकेत देते हुए लगभग स्मृति ईरानी को वाक ओवर दे चुके हैं। अब रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा में देरी और प्रियंका वाड्रा गांधी की ओर किसी तरह के संकेत नहीं मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हताश होते जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषणा में देरी का फायदा उठाते हुए भाजपा हर दिन खुद को मजबूत कर रही है।

पिछले चुनावों में घटते जनाधार को लेकर कांग्रेस के दिग्गज चिंतित हैं। यही वजह है कि कहीं न कहीं प्रत्याशी घोषणा में देरी हो रही है। यदि गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी आती है तो कार्यकर्ताओं में भले जान आ जाए। इसके अलावा यदि कोई और उतरता है तो कहीं न कहीं संगठन की कमजोर कड़ियां भी खुलकर सामने आ सकती हैं।

एक मंच पर सबको लाना भाजपा के लिए चुनौती



जीत के लिए दम भर रही भाजपा की राह भी आसान नहीं है। जिले में भाजपा नेता कई हिस्सों में बंटे हुए हैं। सबको एक मंच पर लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। यही वजह है कि अभी तक यहां पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी। मजबूत दावेदार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह और पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अजय अग्रवाल दावा पेश कर रहे हैं। टिकट किसी को भी मिले, यदि आपसी मतभेद समाप्त नहीं हुआ तो हाल नगर निकाय चुनाव जैसा होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

वीआइपी सीट रायबरेली

2014 से घटा जनाधार हवाबाजी करते रहे कांग्रेसी

गांधी परिवार के लिए अमेठी के बाद रायबरेली सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। वजह, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी का सीधा आमजनमानस का जुड़ाव होना था। यही वजह है कि पहली बार जब सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ा तो लोगों ने हाथों हाथ लिया। सोनिया के पक्ष में प्रचार की बागडोर लेकर गांव-गांव लोग निकल पड़े। यह जरूर रहा कि इसका श्रेय लेने में पार्टी के नेता नहीं चूके। पोल खुली 2014 से जब चुनाव में जनाधार घटा। इसके बाद भी जिले के दिग्गज कांग्रेसी हवाबाजी करने से बाज नहीं आए। इसके बाद 2019 के चुनाव में भाजपा ने लंबा छलांग लगाते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया है। घटते जनाधार का सही मायने में संगठन का भी अहम रोल रहा है। वर्तमान में धरातल पर कम कागजों पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक सक्रिय हैं। यह सबकुछ गांधी परिवार भी लगभग समझ चुका है। प्रत्याशी घोषणा में देरी की वजह पहले की तरह सीट महफूज न होना भी है।

मनोज का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय द्वारा मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना और भाजपा का समर्थन करने से कहीं न कहीं जिले का समीकरण कांग्रेस के लिए गड़बड़ा गया है। ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों की माने तो इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में पड़ना तय है। अंदर खाने में तो डा. मनोज पांडेय को एक मजबूत दावेदार के रूप में भी पेश किया जाने लगा है। हाल ही में उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की है।

अरविंद सेन पर भाकपा ने लगाया दांव

अयोध्या में वामपंथ बनाम दक्षिण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के प्रदेश सचिव रह चुके स्वर्गीय मित्र सेन यादव के पुत्र हैं अरविंद सेन

अरविंद सेन

अमृत विचार : वर्तमान सियासत के केंद्र बिंदु अयोध्या में इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है। मंदिर आंदोलन के दौर में शायद यह दूसरा मौका है जब सियासी ऊर्जा केंद्र पर वामपंथी दल भाकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। चुनावी हल्के में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

भाकपा ने प्रदेश की चार अन्य लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (अ.जा.), लालगंज, घोसी, रार्बटसगंज के साथ फैजाबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारा है। इस सीट से कामरेड अरविंद सेन को प्रत्याशी बनाया है। वह पूर्व आईपीएस अफसर हैं। भविष्य में कुछ अन्य सीटों से प्रत्याशी उतारे जाने की संभावना है। प्रदेश में इनकी कुल संख्या सात तक जा सकती है। ऐसा पार्टी सूत्रों से संकेत मिले हैं।

इंडिया गठबंधन ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी पहले ही उतार दिया है। प्रत्याशी मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद को बनाया गया है। सियासी हल्के और पार्टी के अंदरखाने में तरह-तरह की चर्चा है। सियासी हल्के में गठबंधन धर्म न निभाने की बात कही जा रही है तो पार्टी में इंडिया गठबंधन में भाकपा की उपेक्षा किए जाने की बात कही जा रही है। इसे प्रदेश में भाकपा को एक भी सीट न दिए जाने का परिणाम कहा जा रहा है। अन्य सीटों को छोड़ दिया जाए तो अयोध्या के नाते फैजाबाद सीट खास महत्व रखती है। राम मंदिर आंदोलन के चलते इस सीट पर सियासी तौर पर सपा और भाजपा आमने सामने रही है। दोनों की हरसंभव कोशिश रही है कि इस सीट को जीतकर पूरे देश को सियासत का नया संदेश दिया जाए। दोनों के लिए यह सीट नाक का सवाल बनी हुई है। ऐसे में सपा ने इंडिया गठबंधन ने नया प्रयोग किया। सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति से आने वाले अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा, लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाकपा ने अपना प्रत्याशी देकर जंग का समीकरण बदलने का प्रयास किया। अब एक ओर सपा और भाजपा के बीच सियासी लड़ाई की स्थिति बनेगी तो दूसरी ओर दक्षिण और वामपंथ की वैचारिक लड़ाई को बल मिल सकता है। यह इसलिए भी कि इस सीट पर अतीत में भाकपा का जनाधार भी रहा है। मंदिर आंदोलन के बाद यह दूसरा मौका है जब पार्टी ने अपना प्रयोग दोहराया है। सन् 1989 में भाकपा ने कामरेड मित्रसेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। उनको दूसरे दलों ने भी समर्थन किया था। उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीन ली थी। वह सांसद बन गए थे। वह अब नहीं रहे तो उनके पुत्र कामरेड अरविंद सेन को मैदान में उतार दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्ति के साथ ही पूर्व आईपीएस अरविंद सेन ने इस पर काम करना शुरू कर दिया था। सेवानिवृत्त होने के साथ ही उन्होंने भाकपा की सदस्यता ले ली थी। फिलहाल भाकपा से प्रत्याशी उतारे जाने के बाद नए सियासी समीकरण बनेंगे व बिगडेंगे। जीत-हार से इतर इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। हालांकि इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग अब नई रणनीति से चुनाव लड़ने की बात करते है।

बसपा के दांव पर टिकी सपा, भाजपा की उम्मीदें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

भाजपा व सपा के अलावा किसी दल का नहीं दिखा प्रचार

कीर्तिवर्धन सिंह

श्रेया वर्मा

- अभी तक बसपा ने नहीं उतारा उम्मीदवार
- सपा और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने के संकेत

गोंडा लोकसभा से इस बार भाजपा व सपा के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। बसपा चुप है तो अन्य छोटे क्षेत्रीय दल भी चुप्पी साधे है। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी अभी तक चुप है। हालांकि इंडिया गठबंधन में कम्युनिस्ट भी शामिल है। इसके अलावा आप, पीस पार्टी व अन्य दल भी सामने नहीं आए हैं। हो सकता है कि आगे चलकर इसमें किसी दल का उम्मीदवार घोषित हो लेकिन वर्तमान परिदृश्य में सभी परदे के पीछे ही नजर आ रहे हैं।

गोंडा लोकसभा में विधानसभा वार मतदाता

विधानसभा	मतदाता	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर
गोंडा	352430	187839	164561	30
मेहनौन	372559	203352	172196	11
मनकापुर	333968	178042	155926	00
गौरा	327327	176726	150593	08
उतरौला	426913	231116	195767	30
योग-	1813197	977075	839043	79

अमृत विचार: लोकसभा हो या विधानसभा, कभी ऐसी परिस्थिति नहीं बनी जब चुनाव त्रिकोणात्मक या चतुष्कोणात्मक न हुआ हो। दलीय उम्मीदवारों में ऐसी परिस्थिति पहली बार दिख रही है जब गोंडा लोकसभा में बसपा व कांग्रेस सहित अन्य दलों में उत्साह खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस व सपा के मध्य गठबंधन होने के कारण गोंडा से सपा का उम्मीदवार तथा भाजपा से मौजूदा सांसद को ही मैदान में उतारा गया है। लेकिन चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाने के लिए पहचान रखने वाली बसपा के मूक प्रदर्शन ने सीधी लड़ाई की रूपरेखा तय कर दी है।

भाजपा का 2019 का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन बसपा व सपा के गठबंधन के उम्मीदवार रहे विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने सीधी टक्कर दी थी, जबकि कांग्रेस से कृष्णा पटेल मैदान में थीं। पीस पार्टी से मसूद खां ने ताल ठोका था। तीन दलों की लड़ाई में मैदान भाजपा ने मारा था। इसी तरह 2014 में भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से नंदिता शुक्ला, बसपा से अकबर अहमद डंपी और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में थे। इस चतुष्कोणीय चुनाव में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीते थे। चारों उम्मीदवारों को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। इसमें भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह को 359643, सपा की नंदिता को 199227, बसपा के अकबर अहमद डंपी को 116178 तथा कांग्रेस के बेनी प्रसाद वर्मा को 102254 मत प्राप्त हुए थे। 2009 में भी चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था। इसमें भाजपा से राम प्रताप सिंह, बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह चुनाव मैदान में थे। इसमें कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। 2004 में सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा से घनश्याम शुक्ला, कांग्रेस से डा विनय कुमार पांडेय मैदान में थे।

इसी तरह 1999 में बीजेपी से बृजभूषण शरण सिंह, सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, कांग्रेस से दीप नरायन पांडेय व बसपा से अयोध्या नरेश पांडेय चुनाव मैदान में थे। 1998 में भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के उम्मीदवार चुनावों में त्रिकोण या चतुष्कोणीय मुकाबला बनाते देखे गए।

251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा

दोहरी बिसात के सहारे हैट्रिक पर वार

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाले सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा इस बार लखनऊ लोक सभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने सपा के साथ मिलकर इन्हें देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के खिलाफ उतारा है। सांसद राजनाथ सिंह की हैट्रिक पर रोक लगाने के लिए इण्डिया गठबंधन दोहरी बिसात बिछा रहा है। ऐसे में वोटों की गुणा- गणित किस पक्ष को मजबूत करेगी, ये बड़ा और अहम सवाल बना हुआ है।

आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में राजनाथ सिंह को 6,33,026 मत पाकर 56.70 प्रतिशत वोट मिले। ऐसे में दूसरे स्थान पर रहीं सपा की पूनम सिन्हा को 2,85,724 मत मिले, जो 25.59 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के प्रमोद कृष्णन को 1,80,011 वोट मिले, इनके वोटों का प्रतिशत 16.12 रहा। चूंकि इस बार आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन से केवल रविदास मेहरोत्रा ही चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में गुणा-गणित के बीच सपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के वोटों को अगर एक साथ जोड़ लिया जाए तब भी ये 42 फीसद का आंकड़ा नहीं छू पा रहें हैं। ऐसे में रविदास मेहरोत्रा से हार -जीत को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे जमीन से जड़े हुए नेता हैं।

लखनऊ का सियासी गणित

इस वजह से गठबंधन कर रहा भरोसा

वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में ब्रजेश पाठक के सामने रविदास मेहरोत्रा चुनाव लड़े थे। दोनों के बीच हार-जीत का फासला महज 5 हजार वोट का था। उस समय कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार अगर न उतारा होता तो फिर बृजेश पाठक को शिकस्त का सामना करना पड़ता। इसी आधार पर अखिलेश यादव ने रविदास मेहरोत्रा को पहले लखनऊ लोकसभा सीट इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार घोषित हुए।

केकेसी कॉलेज से शुरू हुआ सियासी सफर

रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ के केकेसी कॉलेज से अपना सियासी सफर शुरू किया। पहली बार छात्रसंघ चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले रविदास 1989 में लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 2012 में दोबारा लखनऊ मध्य से विधायक बने। सपा शासन में कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ कई विभागों की जिम्मेदारी भी इन्हें मिल चुकी है।

कुछ इस तरह से है लखनऊ का जातिगत समीकरण

वर्ष 2011 के आंकड़ों पर गौर करें तो लखनऊ की जनगणना में 71 प्रतिशत हिंदू आबादी मिली। 26 फीसद से कुछ अधिक मुसलमान हैं। तीसरी बड़ी आबादी औबीसी है, जो 28 प्रतिशत है। इसके बा दअनुसूचित जाति की आबादी है, ये 14 प्रतिशत के करीब हैं। .2 प्रतिशत की आबादी अनुसूचित जनजाति की है। ब्राम्हण और राजपूत वोटरों की संख्या भी है।

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

गोल्डेन सिटी कही जाने वाली लखनऊ संसदीय क्षेत्र में लखनऊ ईस्ट, लखनऊ वेस्ट, लखनऊ नार्थ, लखनऊ कैंट व लखनऊ सेंट्रल विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें वेस्ट व सेंट्रल पर सपा के विधायक हैं। वहीं अन्य तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

लखनऊ सीट से कब कौन जीता

चुनाव	विजयी	उम्मीदवार
1952	विजय लक्ष्मी पण्डित	कांग्रेस
उप चुनाव	श्योराजवती नेहरू	कांग्रेस
1957	पुलिन बिहारी बनर्जी	कांग्रेस
1962	बीके धवन	कांग्रेस
1967	आनंद नारायण मुल्ला	निर्दलीय
1971	शीला कौल	कांग्रेस
1977	हेमवती नंदन बहुगुणा	जनता पार्टी
1980	शीला कौल	कांग्रेस
1984	शीला कौल	कांग्रेस
1989	मांधाता सिंह	जनता दल
1991	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1996	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1998	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
1999	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
2004	अटल बिहारी बाजपेई	भाजपा
2009	लालजी टण्डन	भाजपा
2014	राजनाथ सिंह	भाजपा
2019	राजनाथ सिंह	भाजपा

पिछले चुनावों के नतीजे

वर्ष 2019
राजनाथ -6,33,026
पूनम सिन्हा- 2,85,724
प्रमोद कृष्णन- 1,80,011

वर्ष 2009
लालजी टण्डन-2,04,028
रीता बहुगुणा जोशी- 1,63,127
अखिलेश दास गुप्ता-1,33,610
नफीसा अली-61,457

वर्ष 2014
राजनाथ सिंह-5,61,106
रीता बहुगुणा जोशी- 2,88,357
नकुल दुबे-64,449
अभिषेक मिश्र- 56,771

वर्ष 2024
कुल वोटर- 21.47 लाख
पुरुष मतदाताओं की संख्या-11.65 लाख
महिला मतदाताओं की संख्या-9.82

राम लहर में कमल खिला

मोदी असर से झांसी बना भाजपा का किला

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

- पिछले दस लोकसभा चुनावों में छह बार भाजपा, तीन मर्तबा कांग्रेस और सपा ने एक बार यहां से जीत हासिल की
- भाजपा ने सांसद अनुराग शर्मा को दोबारा मैदान में उतारा, कांग्रेस ने 2009 में जीते प्रदीप जैन आदित्य को टिकट थमाया
- लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक चौथाई दलित मतदाताओं को देखते हुए बसपा किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में

अमृत विचार। झांसी लोकसभा क्षेत्र बुंलखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीट है। 1857 की क्रांति से जुड़े रहे इस शहर की पहचान वीरांगना लक्ष्मीबाई के कारण अगर देश- दुनिया में है, तो झांसी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली भी है। झांसी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। वैद्यनाथ समूह के अनुराग शर्मा वर्तमान में यहां से सांसद हैं। भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2019 के चुनाव में सपा के श्याम सुंदर सिंह को मात दी थी। इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन में यह लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। झांसी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें बबीना, ललितपुर, झांसी नगर, महरौनी और मऊरानीपुर शामिल हैं, जिनमें मऊरानीपुर और महरौनी सुरक्षित सीटें हैं। इन पांच विससीटों में से चार पर भाजपा, जबकि एक पर सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) का कब्जा है।

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)



झांसी जिला बन रहा बुंदेलखंड के समग्र विकास का इंजन

- आज बुंदेलखंड में विकास की बयार बहाने की कोशिशों के बीच झांसी की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं। रेल कोच नवीनीकरण कारखाने में कोच बनने लगे हैं। ग्लोबल इन्वेंस्टर समिट में आए प्रस्तावों के तहत 100 से अधिक उद्यमी अपना निवेश धरातल पर उतारने का काम शुरू कर चुके हैं। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। बीडा की बदौलत झांसी की तस्वीर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसी हो जाएगी।
- **दलित मतदाता सबसे ज्यादा** झांसी सीट पर 9,60,595 पुरुष और 10,80,079 महिला मतदाता हैं। दलित मतदाता लगभग 24 प्रतिशत हैं। मुस्लिम नौ फीसदी तो यादव और ब्राह्मण मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक होने के कारण निर्णायक भूमिका में हैं। सिख दो फीसदी से कुछ ज्यादा और जैन धर्म के मतदाता तीन फीसदी तक हैं।

सपा प्रत्याशी थाम चुके भाजपा का दामन

- झांसी लोकसभा सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद अनुराग शर्मा को दूसरी बार टिकट दिया है। कांग्रेस ने 2009 में चुनाव जीते प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। उधर बसपा अपनी सोशल इंजीनियरिंग के तहत किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में है, जबकि सपा से पिछली बार चुनाव लड़े श्याम सुंदर सिंह हाल ही में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इन हालात में इस सीट पर भाजपा को हराना आसान नहीं नजर आ रहा है।
- 2019 के चुनाव में झांसी लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड नेता उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। बसपा के साथ गठबंधन में सपा ने श्याम सुंदर सिंह को टिकट दिया था। भाजपा के अनुराग शर्मा को 8,09,272 और सपा के श्याम सुंदर सिंह यादव को 4,43,589 वोट मिले थे। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा ने 86,139 वोट पाए थे।

जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने बुना ताना-बाना

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचो विधान सभा सीटों पर आगे रही थी। 2014 में यहां भाजपा की उमा भारती ने सपा के डॉ. चंद्रपाल यादव को एक लाख 90 हजार 467 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। उमा भारती को 5,75,889 वोट, डॉ. चंद्रपाल यादव को 3,85,422 तथा बसपा की अनुराधा शर्मा को 2,13,792 और कांग्रेस के प्रदीप जैन को 84,089 वोट मिले थे। इस सीट पर 1952 से 1971 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में भारतीय लोकदल यहां कब्जा जमाने में कामयाब रही।
- हालांकि अगले ही चुनाव में फिर से कांग्रेस की वापसी हो गई और 1980 तथा 1984 में इस सीट पर कांग्रेस जीती। भाजपा ने 1989 में पहली बार यहां अपना खाता खोला। इसके बाद 1998 तक हुए लोकसभा के चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। लेकिन, 1999 में कांग्रेस के हाथों उसे हार का मुंह देखना पड़ा। 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर पहली बार अपनी विजय पताका फहराई। 2009 में एक बार फिर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में कब्जा जमाने के बाद इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है।

मिले दो महारथी

मध्य प्रदेश के ईसागढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले यादव समाज के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।

ताला नगरी में संघर्ष की त्रिकोणीय चाबी

अलीगढ़ संसदीय सीट

चुनाव डेस्क, कानपुर

अमृत विचार। ताले के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध अलीगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। अब यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है। पार्टी ने से अपने दो बार के सांसद सतीश गौतम को फिर से मौका दिया है। सतीश जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रात- दिन एक किए हैं तो उनकी जीत को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी ने इगलास सीट से चार बार विधायक और एक बार अलीगढ़ के सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। सपा की कोशिश मुस्लिम, यादव और जाट वोटों के सहारे भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। हालांकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। पार्टी ने गुफरान नूर पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि सपा का पीडीए दांव कारगर होता है कि मोदी की गारंटी, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर के बीच सतीश यहां तीसरी बार जीतने में कामयाब होते हैं।

अलीगढ़ में भाजपा ने पहली बार राम लहर में 1991 में जीत दर्ज की थी। तब यहां से शीला गौतम उम्मीदवार थीं। शीला लगातार चार बार सांसद बनीं, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में जब मतदाताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के साइनिंग इंडिया के नारे को नकारा तो भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तब कांग्रेस के चौधरी बिजेंद्र सिंह ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन 2009 में यहां सीट बसपा के खाते में चली गई। हालांकि 2014 की मोदी लहर में सतीश गौतम सीट पर कमल खिलाने में कामयाब हुए। 2019 में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो लगा कि सतीश गौतम के हाथ से यह सीट निकल जाएगी लेकिन यहां भगवा रंग और भी गाढ़ा हो गया। अब सतीश हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। वे सुबह से ही संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों से मिल रहे हैं। पार्कों में मार्निंग वॉकर से से अपने काम, मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच वे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा तो करते ही हैं अनुच्छेद 370 के खात्मे को भी गिनाना नहीं भूलते।

दूसरे दल से आए गुफरान पर बसपा का दांव

- एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष रहे गुफरान नूर ने पाला बदल कर बसपा का दामन थामा तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें इसका इनाम भी दिया। बसपा ने गुफरान नूर को अलीगढ़ से उम्मीदवार बना दिया। गुफरान को उम्मीद है कि बसपा के परंपरागत मत और मुस्लिम मतों के सहारे वे इस बार मैदान मार लेंगे। 2009 की तरह ही यह सीट बसपा की झोली में वे डाल देंगे। तब बसपा की राज कुमारी चौहान ने यहां से जीत दर्ज की थी। 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में बसपा के ही अजित बालियान यहां दूसरे नंबर पर थे। हालांकि दोनों ही चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीती थी।

फिर से मैदान में

अभिनेता गोविंदा गुरुवार को मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। गोविंदा पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं। 2004 में उन्होंने मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राम नाईक को हराया था। बाद में गोविंदा नें राजनीति से संन्यास ले लिया था।

मुरादाबाद में मुस्लिम मतदाता लिखते रहे हैं जीत की पटकथा

सलमान खान, मुरादाबाद

अमृत विचार। पीतल नगरी के रूप में पहचान रखने वाले मुरादाबाद में सियासत का घमासान कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी को लेकर यहां राजनीतिक ड्रामा भले खत्म हो गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी गूंज दूर तक जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लेकिन हालिया इतिहास है कि यहां हर लोकसभा चुनाव में अलग पार्टी का सांसद बनता है, जैसे 2019 में सपा जीती, 2014 में भाजपा, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मो. अजरूद्दीन सांसद चुने गए थे। इस सीट पर सत्ता की चाबी मुस्लिम वोटरों के हाथ में मानी जाती है। यही वजह है कि 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने नुमाइंदगी की है। आबादी के लिहाज से यहां हिंदू 53 और मुस्लिम 47 प्रतिशत हैं। इसके चलते पक्ष और विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण भाता है।

मुरादाबाद उन सीटों में शामिल है, जिन्हें भाजपा ने 2014 में जीतने के बाद 2019 में गंवा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा-बसपा गठबंधन से सपा के डॉ. एसटी हसन ने जीते थे। उन्हें 6,49,538 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह 5,51,416 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी 59,198 वोट पाकर तीसरे नंबर पर पिछड़ गए थे। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। पार्टी ने पहले डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन सपा नेता आजम खान उनकी प्रत्याशिता के पक्ष में नहीं थे। ऐसे में उनकी समर्थक कही जाने वाली पूर्व विधायक रुचि वीरा ने नामांकन पत्र दाखिल करके सपा का आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा कर दिया। उधर, बसपा ने इरफान सैफी को टिकट दिया है, तो एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है।



- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार यहां से जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा 2019 में यहां हार गई थी चुनाव, सपा के लिए इस बार सीट बचाने की चुनौती
- बसपा के बाद एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बढ़ाई गठबंधन की चिंता

सांसद डॉ. एसटी हसन और प्रत्याशी रुचि वीरा।

दो विधान सभा चुनावों में प्रमुख दलों को मिले वोट (% में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022	39.7	47.3	9.7	1.0
2017	35.9	32.5	14.6	5.6

2009 में पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहर ने की बैटिंग

- भारतीय किक्रेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा। जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अजहर को प्रत्याशी बनाकर 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी को महज दो प्रतिशत वोट मिले और जमानत गंवा बैठे।

आजादी के बाद तीसरे चुनाव में ही निर्दलीय को चुनकर चौंकाया

पहले दो चुनावों में कांग्रेस के रामसरन विजयी रहे, लेकिन 1962 में निर्दलीय सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने जिताया। 1967 और 71 में जनसंघ ने यहां से जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। 1980 के चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया। 1984 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की और भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 1989 और 91 में यहां से जनता दल के टिकट पर गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला, लेकिन 1991 के बाद इस सीट पर भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई।

भाजपा के सर्वेश सिंह। अमृत विचार

बसपा के इरफान सैफी। अमृत विचार

बसपा कभी जीत नहीं पाई पर बनाती व बिगाड़ती रही खेल

मुरादाबाद की जनता बसपा को छोड़कर सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चुनकर संसद भेज चुकी है। वर्ष1996 से चुनाव में बसपा ने यहां उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह तीसरे नंबर पर ही रही, हालांकि पहला नंबर तय करने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही। बसपा आज तक इस सीट पर खाता खोलने की संभावना तलाश रही है।

भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। इसके बाद एकाध मौकों को छोड़कर मुरादाबाद में लड़ाई वोटों के ध्रुवीकरण में बदल गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की जमीन माकूल थी। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित किया, हालांकि उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इस चुनाव में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिले। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न करके लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। इस चुनाव में सपा के बर्क को 1.53 लाख और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट मिले। अल्पसंख्यक वोटों के बिखराव के बीच बहुसंख्यक वोटों की बदौलत चंद्रविजय 2.53 लाख वोट से चुनाव जीत गए। 2004 में बर्क ने एक बार फिर यहां साइकिल दौड़ाई और भाजपा को पछाड़ा।

2014 की मोदी लहर में यहां खिला कमल

वर्ष2014 में मोदी लहर में मुरादाबाद में भाजपा की जीत का इंतजार खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने लगभग 88 हजार वोटों से जीतकर इस लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला दिया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी चुनाव हार गए।

एक नजर

रैलियों व साइबर योद्धाओं से भाजपा बनाएगी माहौल

चुनाव डेस्क। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य पाने के लिए भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का पूरा खाका खींच लिया है। पार्टी रैलियों के साथ ही सोशल मीडिया को प्रचार का बड़ा हथियार बनाएगी। सूबे के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ स्टार प्रचारकों की 200 से ज्यादा रैलियां करने की योजना बनी है। इसके लिए चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर बुक करा लिए गए हैं। इसके साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा साइबर योद्धा सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इनमें प्रत्येक लोकसभा से एक हजार सोशल मीडिया, आईटी कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसरों को सूचीबद्ध करके बुलाया जाएगा।

सपा अभी बदल सकती और भी प्रत्याशी

चुनाव डेस्क। समाजवादी पार्टी की प्रदेश में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछली बार 2019 में बसपा से गठबंधन करके चुनाव लड़ना पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ था। बसपा तो गठबंधन के चलते 10 सीटें जीत गई थी, लेकिन सपा को सिर्फ पांच सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी थी। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक-एक सीट पर सतर्कता बरत रहे हैं। यही वजह है कि अब तक दो सीटों पर सपा अपने घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। अब ऐसे कयास हैं कि पार्टी चार-पांच और सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है।

भाकपा का प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

चुनाव डेस्क, कानपुर

- **शाहजहांपुर, फैजाबाद, घोसी आजमगढ़ और राबर्ट्सगंज से पार्टी ने घोषित किए प्रत्याशी**

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन में उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। भाकपा ने गुरुवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, तीन अन्य सीटों पर जल्द निर्णय लेने की बात कही है।। इसके साथ ही दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हालांकि भाकपा का कहना है कि प्रदेश में अन्य सभी सीटों पर वह भाजपा को हराने के लिए प्रचार करेगी।

भाकपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश और राज्य सचिव अरविन्द राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी ने शाहजहांपुर से सुरेश कुमार 'नेताजी', फैजाबाद से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव, लालगंज (आजमगढ़) से गंगा दीन और घोसी से विनोद राय व राबर्ट्सगंज से अशोक कुमार कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है।

इसी के साथ पार्टी वाराणसी, धौरहरा, बांदा, बलिया व सलेमपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर विचार कर रही है। इनमें से किन्हीं तीन सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक इनमें केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं। यहां अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य इलामारम करीम शामिल हैं। माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए भी 17 नामों की घोषणा की है, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी। तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73651	22326
बढ़त	655	203
प्रतिशत में	0.90	0.92

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

एक नजर

टोयोटा के चुनिंदा वहान होंगे एक प्रतिशत महंगे

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने कुछ वाहनो के विशिष्ठ मॉडल की कीमतों में एक अप्रैल से एक फीसदी की वृद्धि करने की आज घोषणा की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लागत बढ़ने और परिचालन व्यय में बढोतरी के कारण यह वृद्धि की जा रही है।

रुपया छह पैसे गिरकर 83.39 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83 .39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

किसानों को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का इंतजार

2 व 3 मार्च को सर्वे पूरा, तय समय पर आकलन और भुगतान नहीं कर पाईं कंपनियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को इंतजार है। बीमा कंपनियों ने देर-सबेर और कृषि विभाग के दबाव में सर्वे तो पूरा कर लिया है लेकिन, नुकसान का आकलन और भुगतान अब तक नहीं कर पाई हैं। यह भी कहा जा रहा कि कंपनियां क्लेम बचाने के चक्कर में क्षतिपूर्ति के व्यक्तिगत दावों को अनदेखा कर रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आठ हजार से अधिक किसानों ने व्यक्गित दावा किया था। इसमें कितने निरस्त और स्वीकृत हुए, कितनी क्षतिपूर्ति बनी यह कह पाना संबंधित कृषि विभाग के लिए भी मुश्किल है। क्योंकि कंपनियों ने झांसी को छोड़कर बाकी जिलों की रिपोर्ट नहीं दी है। वहीं, राजस्व विभाग तीन दिन के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट सौंप चुका है।

> सभी जिलों में सर्वेक्षण हो गया है। सिर्फ झांसी की रिपोर्ट मिली है। जबकि अन्य जिलों का आकलन और भुगतान प्रक्रिया में है। रिपोर्ट मांगी है। इससे जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जा सके।
> – उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी।

14 लाख किसानों ने कराया था फसल बीमा

रबी में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, मसूर, आलू आदि फसलों का योजना के तहत 14 लाख तक किसानों ने बीमा कराया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ केंद्र व राज्य अंश प्रीमियम के तौर पर लिया है और आपदा के समय इन्हीं किसानों ने टोलफ्री नंबर पर व्यक्तिगत दावा किया था। ऐसी स्थिति में गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वेक्षण व नुकसान का आकलन करना होता है और और एक माह के अंदर 25 प्रतिशत धनराशि देय होती है। जबकि शेष राशि कटाई के दौरान भुगतान की जाती है।

बैंक ऑफ इंडिया पर 564 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) ने गुरुवार को कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "उसे आयकर विभाग, आकलन इकाई से आकलन वर्ष 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270ए के तहत आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें विभिन्न नियमों के उल्लंघनों पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।" इसमें कहा गया कि बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं।

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में किया निवेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 6,661 करोड़ रुपये के निवेश से हिस्सेदारी 66.7 % हुई

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपये के निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के एक बयान में कहा, निवेश अडाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वारंट जारी करने के लिए प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। अंबुजा सीमेंट्स के पास एक अन्य सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड में भी नियंत्रण हिस्सेदारी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' इससे अडाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश ''तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि'' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, '' यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।''

कोल इंडिया की कोयला आपूर्ति सालाना लक्ष्य के पार

कोलकाता, एजेंसी

कोल इंडिया लि. की तापीय बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति 61 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर गई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 27 मार्च तक 61.01 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है। एक अधिकारी ने कहा, ''यह बिजली क्षेत्र को अबतक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है।'' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कोल इंडिया की कोयले की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.93 करोड़ टन अधिक है।

कंपनी के बयान के अनुसार, कोयला आधारित संयंत्रों में वर्तमान औसत दैनिक आपूर्ति 17.6 लाख टन है। कोल इंडिया इस गर्मी में 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) बिजली की अनुमानित मांग के मद्देनजर उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। अधिकारी ने कहा कि 2022-23 में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति 58.66 करोड़ टन थी। यह 56.5 करोड़ टन की प्रतिबद्धता से अधिक थी। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों में कोयले का भंडार 26 मार्च तक 4.71 करोड़ टन था।

एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं

मुंबई। बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 के नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, " वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।"

रिलायंस ने अडाणी पावर की परियोजना में हिस्सेदारी खरीदी

नयी दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी और निजी उपयोग के लिए 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता का उपयोग करेगी। अंबानी की रुचि तेल और गैस से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक है तो अडाणी का ध्यान बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है।

अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है : सुब्रमण्यम

नयी दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की

दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने गुरुवार को कहा, '' पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'' भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। सुब्रमण्यम ने कहा, '' भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।''

राष्ट्रीय

एक नजर

कर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ दायर याचिका रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें कर अधिकारियों की ओर से उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति यशवन्त वर्मा और न्यायमूर्ति पुरूषेन्द्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि अन्य वर्ष के लिए पुनर्मूल्यांकन शुरू करने में हस्तक्षेप से इनकार करने के पहले के फैसले के अनुसार याचिकाएं रद की जाती हैं। पिछले सप्ताह खारिज की गई अन्य याचिका में कांग्रेस पार्टी ने 2014-15 से 2016-17 मूल्यांकन वर्ष से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी थी।

झामुमो सिद्धांतों से भटकी: सीता सोरेन

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है'' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और '' अबकी बार 400 पार'' के अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

मीरवाइज को नज़रबंद किया : संगठन का दावा

श्रीनगर। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले एक धार्मिक संगठन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। अंजुमन औकाफ़ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा, "आज शहर की आली मस्जिद में होने वाले मीरवाइज के खुतबे (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने उन्हें नजरबंद कर दिया।" हालांकि, यहां अधिकारियों ने मीरवाइज की नजरबंदी के दावे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीरवाइज को चार साल से अधिक समय के बाद पिछले साल सितंबर में नजरबंदी से रिहा किया गया था। उन्हें अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को जम्मू कश्मीर से निरस्त किए जाने के मद्देनजर नजरबंद कर दिया गया था।

आप राजनीतिक नाटक के लिए अदालत के इस्तेमाल की कोशिश कर रही : भाजपा

दावा- केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक नाटक के लिए अदालत का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं और वह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने इससे पहले एक स्थानीय अदालत से कहा था कि ईडी ने उन्हें निशाना बनाने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और महज कुछ बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मामले में सरकारी गवाह बने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया और यह धन के लेन-देन का मामला है। पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ने अदालत को अपने राजनीतिक नाटक के लिए खेल का मैदान बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी दलों का चरित्र है कि वे ''लूटें, झूठ बोले'' और पकड़े जाने पर खुद को पीड़ित बताएं तथा फिर संस्थानों पर दबाव डालें। उन्होंने कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी मामले में कई आरोपियों को उच्चतम न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है।

केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। दिल्ली इकाई अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आप में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया।

रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेता की 'पोस्ट' पर उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस से जांच को कहा

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने अदाकारा और मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। राजनिवास के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट पर रनौत के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की गई थी।

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव में रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। विवाद बढ़ने के बाद श्रीनेत ने अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट से विवादास्पद टिप्पणी को हटा दिया। उन्होंने यह दावा किया कि विवादास्पद पोस्ट उनके द्वारा नहीं, बल्कि किसी और के द्वारा की गई थी, जिनकी उनके अकाउंट तक पहुंच थी।

एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को श्रीनेत द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रनौत के खिलाफ की गई अपमानजनक पोस्ट की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने उपराज्यपाल को एक शिकायत देकर ''महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने'' के लिए श्रीनेत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने शिकायत पुलिस आयुक्त को भेज दी और मामले में जांच करने और जरूरी होने पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह भी जांच करेगी कि उक्त सोशल मीडिया पोस्ट के लिए कौन जिम्मेदार था और इसके लिए किसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था।

सक्सेना ने श्रीनेत के दावों की पुष्टि करने का भी निर्देश दिया है कि विवादास्पद पोस्ट उनके द्वारा नहीं बल्कि ''किसी और के द्वारा किए गए थे, जिनकी उनके अकाउंट तक पहुंच थी।'' अधिकारी ने कहा, ''पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि करीब दो घंटे बाद पोस्ट को किसने डिलीट किया और इसे हटाने के लिए किस उपकरण का इस्तेमाल किया गया।''

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए इसी चरण में मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

आप की गोवा इकाई अध्यक्ष और तीन अन्य से पूछताछ

पणजी, एजेंसी

ईडी ने गुरुवार को आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और तीन अन्य लोगों से धनशोधन के एक मामले में पूछताछ की। ईडी ने पूछताछ के लिए पालेकर, आप नेता रामराव वाघ और दो अन्य लोगों-दत्ताप्रसाद नाइक तथा अशोक नाइक को तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि चारों को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ताप्रसाद नाइक और अशोक नाइक गोवा में भंडारी समुदाय के नेता हैं। पालेकर दोपहर 12.10 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, वहीं तीन अन्य लोग उनसे पहले 11.15 बजे पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले पालेकर ने कहा, मुझे बुलाया गया है। मैं लौटकर आप सबसे बात करूंगा। दोपहर दो बजे ईडी कार्यालय से निकलने के बाद पालेकर ने कहा, ''जांच किस बारे में है, मैं इसकी जानकारी नहीं दे सकता। मैं जांच में शामिल हो गया हूं। वे मुझसे जो भी सवाल पूछ रहे हैं, मैं उनका उत्तर दे रहा हूं। दोपहर बाद एजेंसी ने फिर से पूछताछ की। पालेकर और अन्य नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए गोवा के विधायक वेंजी वीगास और क्रूज सिल्वा समेत वरिष्ठ आप नेता ईडी कार्यालय के बाहर उपस्थित थे।

मनाली के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद व्यक्ति लापता, रेस्क्यू जारी

शिमला, एजेंसी

मनाली जिले के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर कुल्लू के जगतसुख गांव में हुआ। मौजूदा शुष्क मौसम में पहाड़ों पर बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है। मनाली के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रमन शर्मा ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निवासी बचाव अभियान में जुटे हैं और लापता व्यक्ति को तलाशने के लिए बर्फ हटाई जा रही है। मनाली के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि अचानक हुए हिमस्खलन के चलते कांगड़ा निवासी राजेश कुमार बर्फ में दब गये। बीते 24 घंटे में मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार को तैयार है। सिंह ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए।

हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है, लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। सेना को युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार के किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जाएगा।

देश की सीमाएं सुरक्षित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों के उठाए सवालों पर सिंह ने कहा कि देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं विपक्षी दलों को जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है।

महाकाल मंदिर में कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी आग

उज्जैन। उज्जैन के महाकाल मंदिर में 25 मार्च को आग लगने से 14 पुजारी और 'सेवक' के घायल होने संबंधी मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी। होली के दिन शाम 5:50 बजे भस्म आरती के दौरान प्रसिद्ध मंदिर के गर्भ गृह में आग लगी थी। डीएम नीरज कुमार सिंह ने जांच रिपोर्ट के बारे में बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया गुलाल 'कपूर' आरती पर गिर गया और आग लग गई। आग चार से पांच सेकंड में बुझा दी गई, लेकिन यह इतनी तेज थी कि कई लोग 25-30 प्रतिशत झुलस गए।"

बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक बड़ी सफलता के तहत एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की कई टीम द्वारा कर्नाटक, तमिलनाडु और उप्र में 18 स्थानों पर छापे की कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी। इस विस्फोट में कई ग्राहक और होटल के कर्मचारी घायल हो गए और संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। इस विस्फोट में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी के बदले 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	02	+0.800
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर टीम के साथियों के साथ डीसी बल्लेबाज मिशेल मार्श के विकेट का जश्न मनाते हुए।

रविचंद्रन अश्विन के विकेट का साथियों संग जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अक्षर पटेल।

रियान का अर्धशतक, राजस्थान की लगातार जीत

राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हराया, रियान की अश्विन के साथ 54 व जुरेल के साथ 52 रन की साझेदारी

रियान पराग

जयपुर, एजेंसी

रियान पराग की 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौवें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल को 12 रन से हरा दिया है।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 30 रन जोड़े। तीसरे ओवर में बर्गर ने मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिल्ली को पहला झटका दिया। बर्गर ने 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 23 रन बनाये। इसके बाद रिकी भुई बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 28 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल नौ रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 23 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अक्षर पटेल 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 12 रनों से हार गई। राजस्थान रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने दो- दो विकेट लिये। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रियान पराग की 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 186 रनों का लक्ष्य दिया है।

गुरुवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल पांच रन का विकेट खो दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन भी 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर 11 रन बनाकर आउट हुये।

राजस्थान की लड़खड़ा रही पारी को अश्विन और पराग ने संभाला और अश्विन के आउट होने के बाद जिरेल ने भी पराग का साथ देते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की। रवि अश्विन 29 रन और ध्रुव जुरेल 20 रन बनाकर आउट हुये। रियान पराग ने टीम के लिये 45 गेंदों में सात चौके और छह छक्को की मदद से नाबाद 84 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर सात गेंदों में 14 रन बनाकर नाबाद रहे। पराग ने आखिरी ओवर में चौकों छक्कों की बारिश करते हुए 25 रन ठोक डाले जिसकी बदौलत राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खलील अहमद, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और एनरिच नॉर्टे ने एक-एक विकेट लिया।

राजस्थान 185/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार	05	07	1/0
जोस बटलर पगबाधा कुलदीप	11	16	0/0
संजू सैमसन का पंत बो खलील	15	14	3/0
रियान पराग नाबाद	84	45	7/6
रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर	29	19	0/3
ध्रुव जुरेल बो नोर्किया	20	12	3/0
शिमरोन हेटमायर नाबाद	14	07	1/1

गेंदबाजी : खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

दिल्ली 173/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डेविड वार्नर का संदीप बो आवेश	49	34	5/3
मिचेल मार्श बो बर्गर	23	12	5/0
रिकी भुई का सैमसन बो बर्गर	00	02	0/0
ऋषभ पंत का सैमसन बो चहल	28	26	2/1
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	44	23	2/3
अभिषेक पोरेल का बटलर बो चहल	09	10	0/0
अक्षर पटेल नाबाद	15	13	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-29-0, बर्गर 3-0-29-2, अश्विन 3-0-30-0, आवेश 4-0-29-1, चहल 3-0-19-2, संदीप 4-0-36-0

खेल डायरी

सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

मैड्रिड। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। सिंधू के सामने अब थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी।

गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से देंगे इस्तीफा

एडिलेड। जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा, "हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।"

मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

दुबई। भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं।

आईपीएल 17 के पहले दिन दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा

मुंबई। आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ ये अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा, ''डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।''

आडवाणी, सितवाला प्री-क्वार्टर फाइनल में

मुंबई। विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ 'ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024' प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। गत चैम्पियन आडवाणी ने ग्रुप ए के मैच में देवेंद्र जोशी को 1063-224 के बड़े अंतर से हराने के दौरान 529 का बड़ा ब्रेक बनाया। इंग्लैंड के डेविड कौजियर ने 465 और 301 के बड़े ब्रेक के दम पर भारत के विशाल मदान को 1183-301 से हराया। सितवाला ने ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई के रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की।

शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में

दुबई। आईसीसी ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, "क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है।"

आईपीएल में जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी-केकेआर

बेंगलुरू, एजेंसी

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

मेलबर्न। वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं। आस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं।

सूर्यकुमार को मैच के लिए फिट होने में समय लगेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और

मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।'' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।''

आलिया और शरवरी की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल

मुंबई, एजेंसी। यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। सुनने में आया है कि इस फिल्म में बॉबी देओल को विलेन के रोल में कास्ट कर लिया गया है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में आलिया और बॉबी के अलावा शरवरी वाघ भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो 'एनिमल' की सफलता के बाद बॉबी को विलेन के रोल ज्यादा ऑफर किए जा रहे हैं। इस फिल्म में भी वो आलिया और शरवरी से भिड़ते नजर आएंगे। बॉबी फिल्म से जुड़े पेपर वर्क पूरे कर चुके और इस साल के सेकेंड हाफ में वो इस फिल्म की शूटिंग पर जुटेंगे।' सूत्र ने यह जानकारी भी दी कि इस फिल्म में बॉबी स्पेशल लुक में नजर आएंगे। उन्हें इससे पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया। फिल्म के जरिए आलिया और बॉबी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम भी करेंगे। बॉबी पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई आलिया के हस्बैंड रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में नजर आए थे।

डिजिटल डेब्यू की तैयारी में अभिनेता अक्षय खन्ना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना 49 साल के हो चुके हैं। ये जाने-माने एक्टर विनोद खन्ना के छोटे बेटे हैं। अक्षय ने पिता विनोद खन्ना के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हिमालय पुत्र से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन 1999 में हिट फिल्म ताल से इन्हें पॉपुलैरिटी मिली। अक्षय ने ताल, बॉर्डर, हलचल, हंगामा, गांधी माय फादर, रेस, दिल चाहता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, तब भी इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला जिसके ये हकदार थे। 22 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले अक्षय 19 साल की उम्र में बाल झड़ने की समस्या से जूझने लगे थे। करियर आगे बढ़ा तो अक्षय की ये समस्या और गहरी हो गई, जिसका असर उनके फिल्मी करियर पर भी पड़ने लगा। अक्षय ने फिल्मों से कुछ सालों का दो बार ब्रेक भी लिया। 27 साल के करियर में अक्षय करीब पांच साल तक घर बैठे। इनकी पिछली फिल्म दृश्यम 2 थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। अक्षय अब अपने डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। वो रवीना टंडन के साथ वेब सीरीज 'लीगेसी' में नजर आएंगे।

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर-दीपिका के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में कपल ने पोस्ट शेयर कर अपने आने आने वाले बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इसी बीच मॉम टू बी दीपिका पादुकोण ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसे पढ़ने के बाद उनके चाहने वाले टेंशन में आ गए हैं। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। इसके अलावा भी एक्ट्रेस ने काफी कुछ लिखा है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की है। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सक्सेस पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि "चारों तरफ देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकी आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।" दीपिका के प्रेग्नेंसी के दौरान के इस पोस्ट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्ट्रेस ने ऐसा पोस्ट क्यों किया इसके पीछे की क्या वजह है इस बात की जानकारी नहीं हैं। मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोणबता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सितंबर 2024' लिखा था। तस्वीर के चारों तरफ बच्चों के खिलौने बने हुए थे। इस पोस्ट के सामने आने के बाद कपल के फैंस और स्टार्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी। शादी के लगभग पांच साल बाद कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कानूनी प्रक्रियाओं पर बाहरी आरोप अस्वीकार्य

- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी बयान को विदेश मंत्रालय ने बताया अनुचित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की तरफ से दिए गए बयान पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित बताते हुए कहा कि भारत एक स्वतंत्र देश है।

हमें अपने मजबूत और स्वतंत्र लोकतांत्रिक देश होने पर गर्व है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर ऐसा कोई भी बाहरी आरोप किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। यह कानूनी प्रक्रिया है, कोई और तरीका नहीं है। देश कानून और संविधान से ही चलता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस मुद्दे पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में बोलकर इस मामले को तूल दिया, जिसके बाद भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा इसका खंडन किया गया। बुधवार को अमेरिका की उप-राजदूत ग्लोरिया बेरबेना को तलब किए जाने के बाद भारत ने यह जवाब दिया है। भारत ने कहा कि अमेरिका का यह बयान अवांछित है और उसे हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई राय पर सख्त आपत्ति जताई है। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की नींव के लिए आपसी सम्मान और समझ जरूरी है और राज्यों से अन्य देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने का आग्रह किया।

अमेरिका की टिप्पणी पर धनखड़ ने किया पलटवार

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को भारत के न्यायिक तंत्र को लेकर अमेरिका और जर्मनी ने दिए उपदेश पर आपत्ति जताई। उपराष्ट्रपति ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े मामले का जिक्र किए बिना कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक तंत्र है। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका निष्पक्ष, स्वतंत्र है। उन्होंने कहा, दुनिया में ऐसे देश हैं जो हमारे न्यायिक व्यवहार पर हमें उपदेश दे रहे हैं। धनखड़ ने कहा, जमीनी हकीकतों से अनभिज्ञ एक संप्रभु मंच से कोई व्यक्ति हमें यह सबक सिखाने की कोशिश कर रहा है कि यह भेदभावपूर्ण है। बता दें, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया था, जिसके बाद अमेरिका ने भी इकी आलोचना की थी। अब गुरुवार को धनखड़ ने पलटवार किया है।

स्वदेशी निर्मित तेजस ने भरी सफल उड़ान

2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है लड़ाकू विमान

नई दिल्ली। भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एमके1ए श्रृंखला का पहला लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

15 मिनट तक हवा में रहा तेजस, पहली उड़ान पूरी की

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलीएसी) तेजस एमके1ए सीरीज का पहला विमान तैयार किया है। विमान ने पहली सफल उड़ान बंगलूरू के आसमान में भरी है। एचएएल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 18 मिनट की सॉर्टी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग प्रक्रिया पूरी की गई। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि गुरुवार को बंगलूरू में मेड इन इंडिया स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान पूरी की गई। एचएएल अधिकारी ने बताया कि विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

फरवरी 2021 में हुआ था अनुबंध

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वैश्विक भू- राजनीतिक माहौल में आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों से निपटने के लिए फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद एचएएल ने समय की मांग के अनुरूप डिजाइन तैयार किया। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 का उत्पादन महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुरुवार को इस उड़ान का संचालन सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीटीपी) से जुड़े ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। बता दें, एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

50 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम है तेजस, विमान 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से भी हो सकता है लैस

एचएएल ने साझा किया वीडियो

स्वदेशी विमान विनिर्माता- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर लिखा कि तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 ने आज बंगलूरू में एचएएल के सेंटर से आसमान में उड़ान भरी। 18 मिनट की उड़ान (सॉर्टी) के साथ इसे सफल उड़ान की श्रेणी में गिना गया।

विशेषताएं

- इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है।
- इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।
- तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्पले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

एक नजर

पुरुष होली पर महिलाओं की तरह सजधजकर कामदेव की करते हैं पूजा

कुर्नूल। आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के संथेकुडलूर में होली को लेकर अनोखी परंपरा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में यहां के पुरुष होली पर महिलाओं की तरह साड़ी-गहने पहनकर कामदेव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान कामदेव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती सरकार

नई दिल्ली। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि यह मानना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा, जब बेरोजगारी जैसी समस्याओं की बात आती है तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। नागेश्वरन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान की 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' के लॉन्च के अवसर पर बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 के 54.2% से बढ़कर 2022 में 65.7% हो गई।

मेक्सिको: 19 प्रांतों में फैली जंगल की आग, कई क्षेत्र प्रभावित

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में 19 प्रांतों के 120 जंगलों में आग फैल गई है। 7 हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि आग की चपेट है। मैक्सिको सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, देश के 19 राज्यों के 120 जंगलों में आग धधक रही है। हिडाल्गो प्रांत ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां अब तक 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र आग की भेंट चढ़ गया है। हाल के दिनों में 42 स्थानों पर आग पर काबू पाया है, अब तक आग से दो हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मैक्सिको प्रशासन ने कहा कि आग से आबादी क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है।

आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी हथियार : पाकिस्तान

रावलपिंडी। टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, देश भर में आतंकवादी समूहों ने नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है। आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।

सीमा विवाद पर भारत-चीन के बीच शांति बनाए रखने पर बनी सहमति

एलएसी गतिरोध पर 29वें दौर की बैठक, तत्काल सफलता के संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-चीन सीमा विवाद को दोनों देशों ने सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

परामर्श व समन्वय के कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चार साल से जारी सीमा विवाद पर अब दोनों देशों के बीच नियमित संपर्क बनाए रखने पर सहमति बनी, लेकिन किसी भी सफलता का कोई संकेत नहीं मिला। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच एलएसी के करीब मौजूद सैनिकों की पूर्ण वापसी व एलएसी के शेष मुद्दों को कैसे हल किया जाए इस पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों की मुख्य बैठक 27 मार्च को बीजिंग में हुई थी। 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव गौरांगलाल दास ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमित जताई है। बता दें, इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी। चीन ने हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। पहले भी चीन कई बार दावा कर चुका है।

बुधवार को बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 29वीं बैठक में मौजूद भारत-चीन का प्रतिनिधिमंडल।

विवाद भड़काने का अमेरिका का रिकॉर्ड बहुत खराब: चीन

बैठक में अरुणाचल को लेकर चीनी सेना ने अमेरिका की आलोचना की। बता दें, अमेरिका ने कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा, अपने स्वार्थ के लिए दूसरे देशों के बीच विवाद भड़काने का अमेरिका का रिकॉर्ड बहुत खराब है। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इसे स्पष्ट रूप से देखता है कि वाशिंगटन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। कर्नल वू कियान के मुताबिक सीमा मुद्दों पर बातचीत के लिए चीन और भारत के बीच परिपक्व चैनल है। चीन ने 9 मार्च को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। पटेल ने कहा था कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। उन्होंने कहा था, 'हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या नागरिक, घुसपैठ या अतिक्रमण या क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं।

भारत से व्यापार की नीतियों में नहीं आया कोई बदलाव

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने साफ किया है कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले के बाद व्यापार संबंध तोड़ने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से विदेश मंत्री इशाक डार के भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लंदन में दिए बयान के बाद शुरू हुई थी। उक्त बयान में डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने के बारे में पाकिस्तान गंभीरता से विचार कर रहा है। डार का यह बयान पाकिस्तान के व्यापार जगत की भारत के साथ संबंध सामान्य करने की लगातार मांग के बाद आया था।

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए भारत के साथ व्यापार संबंधों को जरूरी माना जा रहा है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने गुरुवार को कहा कि भारत के व्यापारिक संबंध 2019 से अस्तित्व में नहीं हैं। पाकिस्तान की नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।

पाकिस्तान सुरक्षा में फेल, हम अपनी सेना लगाएंगे : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- चीन की पाक को दो टूक- बलूच कबाइली के निशाने पर चीनी

चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपैक पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन सीपैक वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में अपने सैनिक तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये संदेश बता दिया।

बता दें, पिछले सात दिन में बलूच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाक ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। सुरक्षा जानकारों के अनुसार बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपैक प्रोजेक्ट के प्रति स्थानीय लोगों में बेहद गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा। इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है।

हमले के बाद चीनी कंपनी ने बंद किया कारोबार

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दासू जलविद्युत परियोजना पर आतंकी हलमे में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद चीन की कंपनी ने अशांत क्षेत्र में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में अपने काम को बंद कर दिया है, साथ ही 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। गौरतलब है कि जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे चीन के कर्मियों पर यह दूसरा आत्मघाती हमला था। हालांकि किसी भी आतंकी समूह ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

बसंत की आहट...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में बादाम के पेड़ों में इन दिनों फूल खिले हुए हैं। कश्मीर में ये बसंत ऋतु के आने का संकेत भी माना जाता है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक भी यहां आते हैं। डाउनटाउन के रैनावाड़ी इलाके में स्थित बादामबाड़ी में लगे बादाम के सैकड़ों पेड़ों पर फूलों की कोपलें फूटने लगी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो कुछ दिनों में यह कोपलें अपनी गुलाबी बहार के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगी। ● एजेंसी

पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को 20 साल की सजा, 2 लाख जुर्माना

पालनपुर। पालनपुर के 1996 के एनडीपीएस मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 20 साल के कठोर कारावास और 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

पालनपुर के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने उन्हें ये सजा सुनाई है। इससे पहले बुधवार को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। वकील को फंसाने के लिए 1996 में ड्रग्स रखने के एक मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बुधवार को दोषी ठहराया गया था। दावा किया गया था कि राजस्थान के एक वकील को झूठा फंसाने के लिए पुलिस ने पालनपुर के एक होटल के कमरे से ड्रग्स जब्त किया था, जहां वकील रह रहा था।

ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा

- सुनक 50 करोड़ आवंटित करेंगे सुरक्षा को लेकर लिया फैसला 2022 में कई मंदिरों पर हुए थे हमले

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है। इस नई नीति के बनने के बाद में ब्रिटेन में मंदिरों को भी मस्जिदों की तरह सुरक्षा के लिए फंडिंग मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम सुनक कई मंदिरों का दौरा करते रहते हैं। दो साल पहले ब्रिटिश सरकार ने 300 करोड़ की धर्म स्थल सुरक्षा फंडिंग स्कीम की घोषणा की थी। इसमें से अधिकांश हिस्सा इस्लामिक संस्थाओं को जाता था।

वहीं, 35 करोड़ रुपये ही गैर मुस्लिमों को मिलते थे। इसमें से गुरुद्वारा को 7 करोड़ जबकि हिंदू मंदिरों को 2.5 करोड़ रुपये मिलते थे। जिसे लेकर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय में नाराजगी थी। कई हिंदुओं का कहना है कि धर्मस्थलों की सुरक्षा की फंडिंग में भेदभाव सही नहीं है। ब्रिटेन में 400 से अधिक हिंदू मंदिर हैं। सरकार द्वारा आवंटित राशि से हिंदू मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिससे चौबीसों घंटे सुरक्षा निगरानी हो सकेगी। पुलिस को हिंदू मंदिरों पर हमले के मामलों से निपटने के तरीकों की ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। 2022 में ब्रिटेन के लेंसेस्टर में कई मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

विज्ञान ब्लैकहोल की नई तस्वीर से खुला आश्चर्यजनक रहस्य, वैज्ञानिकों ने कहा-ब्लैकहोल जेट बेहद खतरनाक

आकाशगंगा के ब्लैकहोल में जेट छिपे होने का संकेत मिला

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्लैकहोल के रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने आकाशगंगा के ब्लैक होल की एक नई तस्वीर कैद की है। जिससे खुलासा हुआ है कि हमारी मिल्की वे के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल में एक छिपा हुआ जेट हो सकता है।

आज से कुछ समय पहले तक माना जाता माना जाता था कि ब्लैकहोल अदृश्य महाशक्ति है, जिसकी तस्वीर भी शायद नही ली जा सकती है। उसके पास मौजूद तारों के जरिए इसकी पहचान संभव हो सकती है। मगर यह धारणा गलत साबित हुई है और ब्लैकहोल की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, जो आधुनिक तकनीक के जरिए संभव हो पाया है। खगोलविदों ने मिल्की वे के सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए की पहली तस्वीर इवेंट होराइजन टेलीस्कोप से कैद की है।

यह रोमांचक तस्वीर है और ब्लैकहोल के कई राज उजागर कर सकती है। इसके भीतर एक छिपा हुआ जेट होने मौजूद होने की जानकारी मिली है। दरअसल ब्लैकहोल के जेट बेहद खतरनाक होते हैं। इसके सामने आने वाली किसी भी वस्तु को छिन्नभिन्न करने की शक्ति रखता है। इस तस्वीर से यह पता भी लगा है कि सभी ब्लैक होल मजबूत चुंबकीय क्षेत्र हो सकते हैं। इस जानकारी पिछली समझ को चुनौती देते हैं। अथार्थ भविष्य में ब्लैकहोल के कई नई जानकारी सामने आएंगी और पुरानी धारणाओं में बदलाव आएगा। इवेंट होराइजन टेलीस्कोप वही दूरबीन है, जिसने किसी महाविशाल ब्लैक होल की पहली प्रत्यक्ष तस्वीर खींचने में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। अब नई तस्वीर ब्लैकहोल की समझ को आगे बढ़ाने वाली है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में खोज को प्रकाशित किया है।

आकाशगंगा के केंद में मौजूद ब्लैकहोल की पहली तस्वीर।

2019 में मिली थी ब्लैकहोल की पहली तस्वीर

2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर मिली थी। यह 5तस्वीर आकाशगंगा एम 87 के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल की थी। इवेंट होरिजन टेलीस्कोप ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर मे प्रकाश का छल्ला नजर आया। जिसका केंद्र अंधकार में डूबा हुआ था। वास्तव में अंधेरे में डूबे केंद्र को ब्लैकहोल की छाया कहा जाता है। वास्तविकता यह है कि ब्लैक होल को नहीं देख सकते, क्योंकि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता।

अमेरिका में चाकू मारकर चार लोगों की हत्या, 7 घायल

रॉकफोर्ड। अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में बुधवार को कई स्थानों पर एक व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। मरने वालों में 15 वर्षीय किशोरी, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय युवक शामिल है। उनके नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किए हैं।

पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की मंशा का पता नहीं चल पाया है। राकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्ला रेड ने कहा कि दोपहर 1.14 बजे स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इस संबंध में पहली काल मिली। उसके बाद अन्य कई काल आए। वहीं, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के पीछे के कारण का पता नहीं चल पाया है।

दिल्ली में मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- घटना को अंजाम देकर बंगाल भाग गया था आरोपी, पुलिस ने फैक्टरी से बरामद किया शव

दिल्ली के बवाना में मासूम को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर उसकी हत्या कर दी, आरोपी फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता का शव एक फैक्टरी में बरामद किया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह घटना पिछले दो साल से बंद पड़ी एक फैक्टरी में होली की पूर्व संध्या पर हुई। फरार आरोपी को मंगलवार को आसनसोल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान टोटन लोहार उर्फ खुदी के तौर पर की गई है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी-उत्तर) रवि कुमार सिंह ने बताया कि बवाना इलाके से पांच साल की बच्ची के संदिग्ध अपहरण की सूचना रविवार रात को मिली। मासूम के माता-पिता की चाय की दुकान है, जो उनके घर के पास ही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि 24 मार्च की शाम पांच बजे तक घर पर ही थी, इसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस उपायुक्त ने कहा- सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की गई।

स्थानीय जांच से पता चला कि आरोपी पूर्वा एक्सप्रेस से पश्चिम बंगाल भाग गया। पुलिस ने आरोपी को कोलकाता के आसनसोल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। जहां से उसे दिल्ली लाया गया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। पुलिस ने कहा कि संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर, आगे की कार्रवई की जाएगी।

दिल्ली से पांच स्कूली बच्चों को अगवा करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली से पांच स्कूली बच्चों को अगवा करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया है। आरोपी मासूमों को उत्तर प्रदेश में बेचने की फिराक में था।

पुलिस ने बताया कि बच्चों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। रेलवे पुलिस ने 18 मार्च को नरेला रेलवे स्टेशन पर पांच बच्चों को स्कूल की वर्दी और बैग के साथ एक युवक के साथ देखा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब बच्चों से पूछताछ शुरू की तो वह व्यक्ति मौके से भाग गया। बच्चों ने पुलिस को बताया कि वे अपने गांव में ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे तभी आरोपी सेतु वर्मा ने उन्हें बिस्कुट देकर बहलाया और उनको स्टेशन ले आया। मल्होत्रा ने कहा कि आरोपी बच्चों को उत्तर प्रदेश के हरदोई में अपने मूल स्थान पर ले जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर लाया था। जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।